| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 36.3 | 28.9 |
| जमशेदपुर | 36.1 | 27.2 |
| डालटनगंज | 40.2 | 28.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, सोमवार 24 जून 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 02 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 2, अंक : 76

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





## लोकसभा का सत्र आज से, सदन में हंगामे के आसार

**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी. 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी. भाजपा के नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थाई अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किये जाने के कारण सत्र के दौरान लोकसभा में शोरगुल होने के आसार हैं. महताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है. आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के सुरेश के दावे की अनदेखी की. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं.

### नरसिंह इस्पात कंपनी के खिलाफ खूंटी ग्रामसभा ने खोला मोर्चा

# कंपनी से सामाजिक अंकेक्षण और जन सुनवाई की मांग

दिलीप कुमार। चांडिल

खूंटी ग्रामसभा ने कहा कि नरसिंह इस्पात कंपनी मामले में सामाजिक अंकेक्षण कराने के बाद जन सुनवाई की जाए. रविवार को ग्राम सभा के अध्यक्ष व सदस्यों ने बयान जारी कर कहा कि नरसिंह इस्पात कंपनी से होनेवाले लाभ-हानि को लेकर खूंटी, कुरली और मुसरीबेड़ा गांव में सामाजिक अंकेक्षण कराया जाए और तीनों गांवों के संयुक्त ग्रामसभा के अलावा सभी ग्रामीणों के बीच जन सुनवाई की जाए. इसमें कंपनी प्रबंधन के साथ सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद रहें, ताकि किसी प्रकार का विषय आने पर उसका निपटारा तत्काल किया जा सके.

ग्रामसभा ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण सरकार के नीतियों और मापदंडों को समझने, मापने, सत्यापित करने और सुधारने का एक सशक्त माध्यम है. जल्द ही इस मामले को लेकर संयुक्त ग्रामसभा की बैठक की जाएगी और सामाजिक अंकेक्षण और जन सुनवाई कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा.

- जन सुनवाई में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद रहें
- जल्द बुलाई जाएगी तीनों गांवों की संयुक्त ग्राम सभा की बैठक



कंपनी से निकलता जहरीला धुआं.

### प्रदूषण के प्रभाव पर ध्यान देने की जरूरत

ग्रामसभा ने कहा कि चांडिल में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा, लेकिन इसको आर्थिक नजरिए से नहीं बल्कि क्षेत्रवासियों के विकास और पर्यावरण पर असर के नजरिए से भी देखा जाए. लोगों ने कहा कि यहां ऐसी कंपनियों की जरूरत है, जिनसे प्रदूषण कम हो और जल, जंगल, जमीन, इंसान, पर्यावरण के साथ जीव-जंतुओं पर दुष्प्रभाव न पड़े. नरसिंह इस्पात प्रबंधन के गैर जिम्मेदाराना रुख से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं. आवेदनों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. कंपनी प्रबंधन और पदाधिकारियों के इस प्रकार के रवैये से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है.

### सड़क पर लगा रहता है वाहनों का काफिला

सदस्यों ने बताया कि कंपनी के पास अपनी पार्किंग नहीं है. जब बाहर से माल मंगाते हैं, तो चौका-कांड्रा सड़क के दोनों ओर वाहनों का काफिला लगा रहता है. भारी वाहनों के खड़े रहने से अन्य वाहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. वाहनों की लंबी कतार से कई बार दुर्घटनाएं भी घट चुकी हैं. शाम ढलने के बाद कंपनी के बाहर सड़क पर अंधेरा रहता है. सड़क के दोनों ओर भारी वाहन खड़े रहने से सड़क पर आवागमन करने वाले अन्य वाहनों को परेशानी होती है. कई बार तो दो-तीन दिनों तक सड़क किनारे वाहन खड़े रहते हैं.

### कंपनी के सामने टकराए दो ट्रेलर

नरसिंह इस्पात कंपनी के मुख्य गेट के समीप रविवार की शाम दो ट्रेलर आपस में टकरा गए. दुर्घटना में दोनों ट्रेलरों को भारी नुकसान हुआ है. मिली जानकारी के अनुसार नरसिंह इस्पात कंपनी के मुख्य गेट के सामने सड़क पर ढलान है. एक ट्रेलर आयरन ओर लेकर कांड्रा की ओर से आकर मुख्य गेट के समीप खड़ा था. वहीं सड़क के दूसरे छोर पर चौका की ओर से कांड्रा की ओर जाने के क्रम में सड़क किनारे एक ट्रेलर खड़ा था. इसी बीच शाम के समय ढलान पर खड़ा ट्रेलर अचानक लुढ़कने लगा. लुढ़कते हुए सड़क के दूसरे छोर पर खड़े ट्रेलर से जोरदार रूप से टकराया. सड़क पर ढलान रहने के कारण ट्रेलर ने तुरंत ही गति पकड़ ली थी. गनीमत है कि इस दुर्घटना में किसी को चोट नहीं लगी, लेकिन आपस में टकराने के कारण दोनों ट्रेलर को भारी नुकसान पहुंचा है.



## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,400 |
| चांदी (किलो) | 94,000 |

## ब्रीफ खबरें

### नीट की दोबारा परीक्षा मे 50% ने छोड़ा पेपर

**नयी दिल्ली।** एनटीए ने रविवार को पांच राज्यों के छह केंद्रों पर 1,563 उम्मीदवारों के लिए नीट-यूजी परीक्षा को दोबारा कंडक्ट किया. इसमें 1,563 में से 813 ही परीक्षा देने आए, जबकि 750 छात्रों ने यह परीक्षा छोड़ दी. उल्लेखनीय है कि ग्रेस मार्क पाने वालों के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद फिर से ये परीक्षा कराई गई.

### स्टे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में बंद सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है. केजरीवाल दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से जमानत पर लगाए गए स्टे को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. केजरीवाल के वकीलों ने सोमवार को ही सुनवाई की अपील की है. बता दें कि इससे पहले केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को जमानत दे दी थी. इसके बाद ईडी ने 21 जून को हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर केजरीवाल को दी गई जमानत को चुनौती दे दी, जिसके बाद हाईकोर्ट ने केजरीवाल को जमानत के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी.

### सुकमा में मुठभेड़ दो जवान शहीद

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए हैं, जबकि कई जवान घायल हैं. सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने की घटना की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के मूवमेंट के दौरान आईईडी की चपेट में 201 कोबरा वाहिनी का ट्रक आ गया. जिसमें ट्रक चालक और सहचालक जवान मौके पर शहीद हो गए. -पेज 12 भी देखें

### शिवराज चौहान बोले- झारखंड में बनाएंगे सुशासन की सरकार

# बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में ही भाजपा लड़ेगी चुनाव

**तैयारी**

प्रमुख संवाददाता। रांची

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की चंपाई सरकार पर जम कर निशाना साधा है. भाजपा कार्यालय में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट, घटिया व खराब सरकार है. जो वादे किए,एक भी नहीं निभाया.

युवाओं से सरकारी नौकरियों के वादे किए थे, लेकिन नियुक्ति पत्र नहीं मिला. आज झारखंड में लूट हो रही है. हम कुशासन की सरकार हटा कर सुशासन की सरकार स्थापित करेंगे. झारखंड के विस चुनाव प्रभारी कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने सांसदों, कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ बैठक भी की.

बैठक में शिवराज और हिमंता ने कहा कि विधानसभा चुनाव प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा. पूरी टीम मरांडी के नेतृत्व में काम करेगी. दोनों प्रभारियों ने कहा कि हम लोग तो यहां आप को सहयोग करने आए हैं. शिवराज ने कहा, कार्यकर्ताओं में जो विश्वास देखा, जो संकल्प देखा, उससे हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि झारखंड में इस बार भाजपा सरकार बनाएगी. भाजपा के जिन कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर जहां बढ़िया प्रदर्शन किया और हमने बूथ जीते. वहां उन सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन का कार्यक्रम किया जाएगा.

**बोले शिवराज**

- झारखंड की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट, घटिया और खराब सरकार है
- युवाओं को न नौकरी मिली और न ही बेरोजगारी भत्ता मिला
- लोकसभा चुनाव में 52 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा रही आगे




भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते शिवराज चौहान, बाबूलाल मरांडी, हिमंता विश्व सरमा व संजय सेठ.

### हमारी टीम ने लोस चुनाव में शानदार सफलता हासिल की

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा को हम प्रणाम करते हैं. डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस है. हम उनको प्रणाम करते हैं. हम बाबूलाल मरांडी सहित पूरी टीम को बधाई देते हैं. लोकसभा के चुनाव में हमारी टीम ने प्रदेश के नेतृत्व में कड़ा परिश्रम कर शानदार सफलता हासिल की. हम आठ सीट जीते हैं और हमारे सहयोगी के साथ हमने नौंवी सीट भी जीती है. लगभग 52 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा आगे रही है. यह देश का सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार लगातार भारत के प्रधानमंत्री बने हैं. 1962 के बाद यह चमत्कार पहली बार हुआ है, जब ऐसा शानदार बहुमत प्रधानमंत्री बनाने के लिए हमारी पार्टी को हमारी गठबंधन को मिला हो.

### पार्टी ने बेहतर नतीजे दिए: हिमंता

असम के सीएम ने कहा कि झारखंड में 9 सीटें देने को वे झारखंड के लोगों को नमन करने आए हैं. मोदी के पीएम बनने में इसका भी बड़ा रोल है. यहां विधानसभा में 41 सीटें जीतने पर बहुमत होता है. झारखंड में 52 विधानसभा सीटों पर भाजपा ने लीड किया है और अच्छा परिणाम दिया है. यहां के सीएम चंपाई सोरेन अपने विधानसभा क्षेत्र में अपने कैंडिडेट को लीड नहीं दिला सके. वे उनकी जगह रहते तो ऐसी हालत में इस्तीफा दे देते. हिमंता ने प्रदेश भाजपा में किसी गुटबाजी से इंकार किया.

### कई मुद्दों पर हुई बैठकें: बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद दोनों प्रभारियों के साथ प्रदेश पदाधिकारियों, विधायकों, सांसदों, मोर्चा अध्यक्षों, चुनाव लड़ चुके कैंडिडेट्स के साथ पार्टी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई है. हमने कई फैसले भी किए हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं, इस संदर्भ में भी यह बैठक बुलाई गयी थी.


**अंदर के पन्नों पर**



मोतिहारी में निर्माणाधीन पुल गिरा ▸ पेज 11



आरएलवी 'पुष्पक' की लगातार तीसरी बार सफल... ▸ पेज 12


### नीट यूजी पेपर लीक पर कांग्रेस ने फिर केंद्र सरकार को घेरा, कहा

# मोदी 3.0 सरकार छात्रों के भविष्य के लिए बड़ा खतरा

लगातार न्यूज। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित धांधली के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की नौकरशाही में फेरबदल को ले मोदी की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने के बजाय सरकार के शीर्ष नेतृत्व को खुद लेनी चाहिए.

नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी पेपर लीक गिरोह और शिक्षा माफिया के आगे बेबस हैं. राहुल ने एक्स पर लिखा, अब नीट-पीजी भी स्थगित! यह मोदी के राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है.

भाजपा राज में छात्र अपना करियर बनाने के लिए पढ़ाई नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं. अब यह स्पष्ट है - हर बार चुपचाप तमाशा देखने वाले मोदी पेपर लीक गिरोह और शिक्षा माफिया के आगे पूरी तरह से बेबस हैं. उन्होंने कहा, मोदी की अक्षम सरकार छात्रों के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है - हमें देश के भविष्य को उससे बचाना ही होगा.



**बोले राहुल**

- छात्र करियर के लिए पढ़ाई नहीं, लड़ाई लड़ने को मजबूर
- पूरा देश शिक्षा माफिया के आगे पूरी तरह बेबस हो गया है

### सरकार का शीर्ष नेतृत्व ले जिम्मेदारी : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि एनटीए को स्वायत्त निकाय बताया गया लेकिन असल में इसे भाजपा-आरएसएस के कुटिल हितों को पूरा करने के लिए बनाया गया. उन्होंने एक्स पर कहा, नीट घोटाले की जिम्मेदारी मोदी सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए. नौकरशाही में फेरबदल भाजपा द्वारा बर्बाद की गयी शिक्षा प्रणाली की समस्या का हल नहीं है. छात्रों को न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए. पेपर लीक, भ्रष्टाचार, धांधली और शिक्षा माफिया हमारी शिक्षा प्रणाली में घुस गया है.



### मोदी जी तमाशबीन बन गए हैं : प्रियंका

प्रियंका गांधी ने भी कहा कि मोदी राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफिया-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है. लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में शिक्षा व बच्चों का भविष्य सौंपने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपस से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को व्यवस्था की पहचान बना दिया है. हालत यह है कि भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती. युवा अपना समय, ऊर्जा भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में गवां रहे हैं और मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे हैं.



### नीट पेपर लीक > बिहार के बाद अब महाराष्ट्र कनेक्शन

**मुंबई।** नीट यूजी पेपर लीक का मामला इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है. बिहार पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है. अब नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है. पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है. जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवॉड ने शक के आधार पर पकड़ा. पुलिस को शक है कि ये दोनों अध्यापक नीट पेपर लीक मामले में शामिल हो सकते हैं. दोनों महाराष्ट्र के जिला परिषद स्कूलों में पढ़ाते हैं. साथ ही दोनों लातूर में निजी कोचिंग सेंटर भी संचालित करते हैं. पुलिस ने दोनों से कई घंटे तक पूछताछ की और फिर जाने दिया. पुलिस ने दोनों को जरूरत पड़ने पर फिर से पूछताछ के लिए पेश होने का भी निर्देश दिया है. देश में इन दिनों नीट और यूजीसी नेट परीक्षाओं को लेकर हंगामा चल रहा है और केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जांच की जा रही है. विपक्ष और सामाजिक संगठन नीट यूजी का पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे हैं और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं. ऐसे में केंद्र सरकार ने नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है. इस बीच, सीबीआई ने दो टीमें बिहार और गुजरात रवाना कर दी है.

### सीबीआई ने जांच संभाली प्राथमिकी दर्ज की

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी के आयोजन में कथित धांधली के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की है. केंद्र द्वारा एजेंसी को जांच सौंपने की घोषणा के एक दिन बाद यह प्राथमिकी दर्ज की गयी है. अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी संदर्भ के आधार पर सीबीआई ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है. सीबीआई पूरी तरह एक्शन में है.

### मौसम विभाग का अलर्ट | मॉनसून की बारिश के बीच वज्रपात से बचाव के लिए भी गाइडलाइन जारी

# रहें सावधान! खुद बच कर रहें और दूसरों को भी दुर्घटना से बचाएं

संवाददाता। रांची

आंधी और बिजली भारत के बड़े हिस्से को प्रभावित करने वाले प्रमुख मौसम संबंधी खतरों में से एक है. जिससे लोग और पशुओं की मृत्यु के साथ संपत्ति का भी नुकसान होता है. पिछले 20 वर्षों (2001-2021) में औसतन लगभग 2500 लोग आंधी और बिजली के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं. इसे ध्यान में रखते हुए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी है. राज्य के सभी अंचल व प्रखंड को वेब पोर्टल https://sachet.ndma.gov.in/ और मोबाइल ऐप- Android bit.ly/3Fb3osz और ios apple.co/3ywcV3f के माध्यम से लोगों को अलर्ट रहने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा निर्मित ऐप पर आधारित Integrated Alert System (सचेत) का उपयोग करने की सलाह दी है.




### अगर बाहर हैं तो क्या करें


- पहले मौसम का पूर्वानुमान देखें. आंधी और बिजली गिरने की स्थिति में 30 मिनट तक घर के अंदर ही रहें.
- जब गड़गड़ाहट हो, तो सुरक्षित स्थान पर रहें.
- पहाड़ियों या टीलों, पर्वत या चोटियों और ऊंचे क्षेत्रों से तुरंत उतर जाएं. पास के सुरक्षित स्थान पर शरण लें.
- टेलीफोन, बिजली, धातु की बाड़, ओवरहेड तार, रेल ट्रैक, आदि से दूर रहें. पेड़ों और पहाड़ियों से दूर रहें.
- आंधी- बिजली के दौरान समूह में पर्याप्त दूरी बनाए रखें.
- रबड़ के सोल वाले जूते और कार के टायर बिजली से सुरक्षा प्रदान नहीं करते हैं.

### अगर घर के अंदर हैं तो क्या करें

- दरवाजे, खिड़कियां, बरामदा और कंक्रीट के फर्श, स्टोव, बाथटब या किसी भी अन्य विद्युत कंडक्टर से दूर रहें.
- कंप्यूटर, लैपटॉप, गेमिंग सिस्टम, वॉशर, ड्रायर, आदि इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अनप्लग करें. क्योंकि बिजली के दौरान बिजली में तेजी आ सकती है.
- खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें और अपने घर के बाहर की वस्तुओं को सुरक्षित रखें (जैसे फर्नीचर, डिब्बे आदि).
- सुनिश्चित करें कि बच्चे और पालतू जानवर अंदर रहे.
- पेड़ की लकड़ी या कोई अन्य मलबा हटा दें जो उड़ सकता है और दुर्घटना का कारण बन सकता है.

**यात्रा करते समय क्या करें और क्या न करें :** अगर चेतावनी है, तो यात्रा या बाहरी गतिविधियों को स्थगित कर दें. खुले वाहन जैसे कन्वर्टिबल, मोटरसाइकिल और गोल्फ कार्ट से बचें. आंधी और बिजली गिरने के दौरान खुली जगह जैसे गोल्फ कोर्स, पार्क, खेल के मैदान, तालाब, झील, स्विमिंग पूल और समुद्र तट से दूरी बनाये रखें.

## जहीर की हुईं सोनाक्षी





अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल रविवार को परिणय सूत्र में बंध गये. इस दौरान मुंबई में आयोजित विवाह समारोह में सोनाक्षी के पिता व टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा भी मौजूद रहे. -फोटो : पीटीआई

▼ ब्रीफ खबरें

## महिलाओं ने दिया नशा मुक्ति का संदेश



**रांची।** शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए रविवार को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित सभी सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) की महिलाओं ने नशा मुक्ति अभियान चलाया. लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए जागरूक किया. मोरहाबादी मैदान में महिलाओं ने मानव श्रृंखला बना कर नशा मुक्त रांची का संदेश भी दिया. मौके पर सहायक प्रशासक निकेश कुमार, नगर अभियान प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्ता और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया.

## 29 तक अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनेगा



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रविवार को झारखंड ओलंपिक संघ ने क्रॉस कंट्री दौड़, साइकिलिंग समेत कई आयोजन किये. रांची के मोरहाबादी मैदान के पास आयोजित प्रतियोगिता में सैंकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस समारोह 29 जून चलेगा. इसका उद्देश्य पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रही भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करना है. फ्यूल योर जर्नी टू ओलंपिक सक्सेस की थीम पर सभी समारोह आयोजित होंगे.

## एनसीबी ने चलाया जागरूकता अभियान



**रांची।** एनसीबी रांची जोन के बैनर तले रविवार को रॉयल किंग्स मोटरसाइकिल क्लब एवं रांची राइडर्स ने जुबली पार्क, जमशेदपुर से एनसीबी जोनल कार्यालय, रांची तक और रांची से 94 बटालियन सीआरपीएफ ने खूंटी तक बाइक रैली निकाली. अधिवक्ता केदार ने बच्चों के साथ राइडरों को रास्ते में गुलाब का फूल देकर स्वागत किया. मौके पर पर कमांडेंट विनोद कुमार, एनसीबी के सहायक निदेशक राणा प्रताप यादव व अधीक्षक एस शारिक उमर ने नशा के विरुद्ध अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया.

# मरांगबुरु में कल्पना सोरेन ने की पूजा-अर्चना



मरांगबुरु में पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना करतीं कल्पना सोरेन.

विशेष संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- ईष्ट देवता से राज्यवासियों की खुशहाली की कामना की
- मधुबन में श्रीरमकथा सुनीं मोरारी बापू का अशीष लिया

गांडेय विधायक और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन अपने गिरिडीह और गांडेय दौरे के चौथे दिन आदिवासियों की पवित्र धर्मस्थली मरांग बुरू पहुंचीं. वहां उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाज से ईष्ट देवता की पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की खुशहाली की कामना की.

इससे पहले कल्पना सोरेन रविवार की सुबह मोरारी बापू की शरण में पहुंचीं थीं. वे गिरिडीह जिले के मधुबन में आयोजित श्रीराम कथा में भी शामिल हुईं और करीब एक घंटे बैठ कर श्रीराम कथा सुनीं. गांडेय विधायक ने मोरारी बापू का आशीर्वाद भी लिया. इस दौरान गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहे. मालूम हो कि कल्पना सोरेन विगत तीन दिनों से गांडेय विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं. वहां वे लोगों की समस्याएं सुन रही हैं और समाधान का भरोसा भी दे रही हैं.



मधुबन में मोरारी बापू से आशीर्वाद लेतीं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन.

### शिवराज व हिमंत बिस्व सरमा का प्रदेश भाजपा में गुटबाजी से इनकार

# केंद्रीय नेतृत्व को बाबूलाल पर भरोसा, दिया फ्री हैंड

**खास बातें**

- झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनने का किया दावा
- राज्य में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में काम करेगी पूरी टीम

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर से बाबूलाल मरांडी पर भरोसा जताया है. उन्हें फ्री हैंड दिया है. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने यह स्पष्ट कर दिया कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पूरी टीम काम करेगी. शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं और हिमंत जी इस टीम को सहयोग करने आए हैं.

उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं में जो मैंने आत्मविश्वास देखा, विजय का जो संकल्प देखा, उससे हम पूरी तरह से आश्वस्त हो गये हैं कि झारखंड में इस बार भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बनाएगी. झारखंड का प्रदर्शन बहुत बेहतर रहा है. भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का बूथ स्तर पर, जहां पर हमने बूथ जीते हैं, वहां अभिनंदन कार्यक्रम किया जाएगा. बहरहाल, विधानसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद ही पता लगेगा कि झारखंड की सियासत में बाबूलाल कितने प्रासंगिक और धारदार लीडर साबित हो रहे हैं.



कककको

### सियासी पिच पर टीम की कप्तानी करेंगे बाबूलाल

यह बात भी साफ हो गई है कि विधानसभा चुनाव के लिए सियासी पिच पर भाजपा की कप्तानी बाबूलाल मरांडी ही करेंगे. विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने इस पर मुहर भी लगा दी है. अब भी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को बाबूलाल मरांडी जैसे ट्राइबल चेहरे पर भरोसा है. वहीं केंद्रीय नेतृत्व में प्रदेश भाजपा में गुटबाजी से भी इंकार किया है. हिमंत बिस्व सरमा ने ऐसी बातों को मीडिया के सामने सिरे से खारिज किया. कहा कि विपरीत परिस्थिति के बावजूद एनडीए ने यहां 14 में से 9 सीटें जीती हैं. कहा कि इस लोकसभा चुनाव में 52 विधानसभा सीटों पर भाजपा ने लीड किया है.

## सीएम चंपाई की जगह मैं होता तो दे देता इस्तीफाः हिमंत

*असम के सीएम बोले- अपने विधानसभा में लीड नहीं दिला सके चंपाई सोरेन*

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा ने कहा कि सीएम चंपाई सोरेन अपने ही विधानसभा में अपने कैंडिडेट को लीड नहीं दिला सके. उनकी जगह हम रहते, तो इस्तीफा दे देते. असम के सीएम ने स्पष्ट किया कि प्रदेश भाजपा में किसी तरह की गुटबाजी नहीं है. वे रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की सरकार बनाने में बहुत बड़ा कार्य किया है. झारखंड के कार्यकताओं एवं यहां की पूरी टीम बधाई के पात्र हैं. प्रदेश नेतृत्व ने शानदार प्रदर्शन किया है. लोकसभा चुनाव में झारखंड की नौ सीटों पर विजय हासिल की है, जो कि बहुत अच्छा परिणाम है. उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव की भी भाजपा ने कड़ी तैयारी की है. झारखंड की 52 विधानसभा सीटों पर अपनी मजबूत पकड़ हासिल करेंगे. उन्होंने दावा किया आगमी विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड में भाजपा की ही सरकार बनेगी.

## पेट्रोलियम डीलर्स एसो की नई कमेटी का गठन अध्यक्ष बने राजहंस मिश्रा

**रांची।** पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की दक्षिण छोटानागपुर शाखा के वार्षिक अधिवेशन में नई कमेटी का गठन किया गया. सर्वसम्मति से राजहंस मिश्रा को अध्यक्ष, नीरज भट्टाचार्य को कार्यकारी अध्यक्ष, सुदीप तिग्गा , विनोद रंजन, कुशध्वज नाथ शाहदेव को उपाध्यक्ष, कमलेश सिंह को महासचिव, प्रशांत चौधरी को सचिव, नरेंद्र कुमार को संगठन सचिव, निपुण मृणाल व राहुल जयसवाल को कोषाध्यक्ष और सुबोध दुबे को मीडिया प्रभारी बनाया गया. हर जिले से चार ज्वाइंट सेक्रेटरी कुणाल कच्छप, राजेश महतो, दुर्गा नायक, अमित सोनी का चयन किया गया. सभी पांचों जिलों से कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया. अधिनवेशन में रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा जिलों के हिंदुस्तान व भारत पेट्रोलियम के साथ ही साथ इंडियन ऑयल के करीब 215 पंप संचालक मौजूद थे.

## मादक पदार्थों के खिलाफ संकल्प सभा का आयोजन

**रांची।** आरयू की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में मादक पदार्थों के खिलाफ रविवार को प्रभात फेरी निकाली गई, मौके पर बेसिक साइंस परिसर में संकल्प सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने की. रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संकल्प सभा को संबोधित करते हुए डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों के प्रयोग से पूरे परिवार पर बुरा प्रभाव पड़ता है. इससे परिजनों विशेषकर महिलाएं और बच्चे अत्यंत असुरक्षित हो जाते हैं. जिस परिवार का कोई सदस्य नशे का सेवन करता है, उसका जीवन तो संकट में आता ही है, परिजनों को भी भुगतना पड़ता है.

### विस चुनाव को लेकर कांग्रेस की आज दिल्ली में बैठक

# राहुल-खरगे तैयार करेंगे खाका, देंगे जीत का मंत्र



कौशल आनंद। रांची

भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस भी आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है. चार महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने झारखंड के नेताओं की बैठक सोमवार को दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में बुलाई है. बैठक में पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल समेत प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत राज्य के कई सीनियर नेता भी शामिल होंगे.

**इन मुद्दों पर होगी चर्चा :** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता बैठक में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ ही साथ गठबंधन की हार-जीत की समीक्षा करेंगे. लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी का प्रदर्शन कैसा रहा है, इस पर भी चर्चा हागी. जिन विस क्षेत्रों में प्रतिद्वंद्वी से कम वोट मिलेस उसमें लीड कैसे लिया जाएह, इसकी रणनीति भी तैयार की जाएगी. आनेवाले विधानसभा चुनाव की तैयारी कैसे हो, पार्टी संगठन को तीन से चार महीने के अंदर कैसे मजबूत किया जाए, मंत्रियों के कार्यकाल की समीक्षा, राज्य में चली पूर्व की हेमंत सोरेन और वर्तमान में चंपाई सोरेन के कार्यों की समीक्षा, कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र पर कितना काम हुआ, विस चुनाव घोषणा पत्र के एजेंडे, भाजपा को विधानसभा चुनाव के दौरान कैसे काउंटर किया जाए,इस पर मंथन होगा. साथ ही किस तरह से इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव लड़ते हुए फिर से 2024 में गठबंधन की सरकार बनाए, इसकी रणनीति पर भी गंभीर मंथन होगा.

### कांग्रेस इस बार मांगेगी ज्यादा सीटें

प्रदेश कांग्रेस नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी इस बार 31 के बदले 33 सीट पर अपनी दावेदारी करेगी. क्योंकि इस बार कांग्रेस के दो विधानसभा से दो नए चेहरे मैदान में होंगे. प्रदीप यादव जो 2019 का विधानसभा चुनाव झाविमो के टिकट पर लड़े थे, और विधानसभा चुनाव के बाद जब बाबूलाल झाविमो का विलय भाजपा में करने की तैयारी में थे, उस वक्त वो कांग्रेस में शामिल हो गए. वहीं मांडू के वर्तमान विधायक जेपी पटेल जो 2919 में भाजपा के टिकट पर लड़े थे, इस बार लोकसभा चुनाव के वक्त वे कांग्रेस में शामिल हो गए. इन दोनों सीटों पर कांग्रेस मजबूत दावेदारी करने की तैयारी में है.

### नहीं खुल रही गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की वेबसाइट

# लोन के लिए आवेदन करनेवाले छात्र परेशान

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए गुरुजी क्रेटिड कार्ड योजना की शुरूआत की है. इसके तहत राज्य में 10वीं व 12वीं पास वैसे विद्यार्थी, जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, उन्हें गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराया जाता है.

इस योजना में आवेदन जमा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने वेबसाइट भी लॉन्च किया है, लेकिन वेबसाइट काम ही नहीं कर रहा है. वेबसाइट में अप्लाई फॉर्म, फिर एप्रुवल के ऑप्शन दिए गए हैं, लेकिन यह खुल ही नहीं रहा है. ऐसे में आवेदन करनेवाले विद्यार्थी परेशान हैं.

### 21 जून को सीएम ने की थी उच्चस्तरीय बैठक

21 जून को सीएम चंपाई सोरेन ने उच्च स्तरीय बैठक के दौरान गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के 'स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल' का शुभारंभ किया था.

- 21 जून को सीएम ने स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल का किया था शुभारंभ




कहा गया था कि इसकी लॉन्चिंग के साथ ही अब झारखंड में गुरुजी स्टूडेट क्रेडिट कार्ड के लिए छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं. इस योजना के तहत उच्च शिक्षण संस्थान में चयनित विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. इसके बाद उन्हें सरकार से हुए इकरारनामा वाले चार बैंकों से 15 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा.

## केंद्रीय गृह मंत्री से मिले राज्यपाल



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया गया. बताते चलें कि लोकसभा चुनाव के बाद केंद्रीय गृह मंत्री से राज्यपाल की पहली मुलाकात है. माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद उत्पन्न परिस्थिति पर भी चर्चा हुई.

### झारखंड में नशा कारोबार पर पुलिस कर रही कार्रवाई

# साढ़े तीन साल में 1636 आरोपी गिरफ्तार

**खास बातें**

- 9075 किलो गांजा व 1304 किलो अफीम भी बरामद
- पूरे राज्य में नशा कारोबार को लेकर 1141 केस दर्ज

संवाददाता। रांची

झारखंड में बीते करीब साढ़े तीन साल में नशा कारोबार से जुड़े 1636 आरोपी गिरफ्तारी हुए हैं. इन आरोपियों की गिरफ्तारी जनवरी 2022 से लेकर 31 मई 2024 के बीच हुई है. इस दौरान पूरे राज्य में नशा कारोबार को लेकर 1141 केस दर्ज हुए हैं. वहीं 9075 किलो गांजा, 62314 डोडा, 1304 किलो अफीम, 841 ग्राम हेरोइन और 2.064 किलो ब्राउन शुगर भी पुलिस ने जब्त किये हैं.

**आठ जिलों के 24 थाना क्षेत्रों में सबसे अधिक नशे का कारोबार**

| जिला | थाना क्षेत्र |
|---|---|
| हजारीबाग | सदर, कटकमसांडी, चौपारण |
| रांची | नामकुम, लोअर बाजार, सुखदेव नगर |
| खूंटी | खूंटी, सायको, अड़की, मुरहू, मारंगदाहा |
| चतरा | सदर, कुंदा, लावालौंग, वशिष्ठ नगर, राजपुर, प्रतापपुर, हंटरगंज, गिद्धौर |
| लातेहार | बालूमाथ |
| जमशेदपुर | मानगो, सीतारामडेरा |
| सरायकेला | आदित्यपुर |
| गुमला | गुमला |

**रणनीति** लोस चुनाव में भ्रष्टाचार के मुद्दे को नहीं भुना पाई भाजपा, पांच आदिवासी सीटों पर हार गयी पार्टी

# सीएम चंपाई के तरकश से निकले तीर का काट खोज रही भाजपा

रवि भारती। रांची



**खास बातें**

- शिवराज व हिमंत सरमा बना रहे भाजपा के लिए रणनीति
- चुनावी गोटी सेट करने में जुटी हैं राज्य की महागठबंधन सरकार

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की सरगरमी शुरू हो गई है. सीएम चंपाई सोरेन के तरकश से निकले तीर का काट खोजने में भाजपा जुटी है. विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा आलाकमान ने अपने टॉप लीडर शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिश्व सरमा को झारखंड की कमान सौंप दी है. इसकी वजह यह है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे को भुना नहीं पाई. उसे पांच आदिवासी सीटों पर हार का सामना करना पड़ा. इधर, झारखंड की महागठबंधन सरकार ने आहिस्ता-आहिस्ता चुनावी गोटी सेट करनी शुरू कर दी है. लोस चुनाव में पांच सीटों पर भाजपा को शिकस्त देने के बाद इनका उत्साह बढ़ा है.

**सीएम चंपाई खेले जा रहे हैं मास्टर स्ट्रोक :** विपक्ष को धाराशायी करने के लिए सीएम चंपाई सोरेन मास्टर स्ट्रोक खेल रहे हैं. पिछले दिनों हुई कैबिनेट की बैठक में जातिगत जनगणना को मंजूरी देकर विपक्ष को चौंका दिया. बिहार के बाद झारखंड दूसरा राज्य होगा, जहां जाति आधारित सर्वेक्षण किया जाएगा. झामुमो के अलावा महागठबंधन के साथी दल कांग्रेस और राजद भी इसकी मांग करते रहे हैं. दरअसल, झारखंड सरकार आरक्षण की सीमा बढ़ाना चाहती है. इसके लिए किसी मान्य संस्था के सर्वे के आंकड़े जरूरी हैं. बताते चलें कि राज्य सरकार ने आरक्षण सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव विस से पारित कर राजभवन भेजा था, लेकिन राज्यपाल ने उसे लौटा दिया था.

**सरकारी कर्माचारियों को साधने की कोशिश :** चंपाई सरकार सरकारी कर्मचारियों को भी साधने की कोशिश में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है. राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की बंद हो चुकी पेंशन स्कीम शुरू कर दी. राज्य सरकार के निर्णय के मुताबिक एक सितंबर 2022 के बाद सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों के अलावा एक दिसंबर 2004 से एक सितंबर 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन योजना का फायदा मिला है. वैसे सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को भी पेंशन मिलेगी, जिन्होंने सेवा के 10 साल पूरे कर लिए हों.

**गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड बनेगा मील का पत्थर :** गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए युवा वर्ग को साधने की कोशिश है. योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को अब आसानी से 15 लाख तक का कर्ज दिया जाएगा. बच्चों की छात्रवृत्ति में भी वृद्धि की गई है. छात्राओं को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया. तकनीकी शिक्षा के लिए मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई. गरीब परिवार के बच्चों को विदेश में पढ़ने के लिए मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति शुरू की गई.

**25 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को पेंशन :** चंपाई सोरेन का सबसे खास मास्टर स्ट्रोक यह भी रहा है कि महिलाओं और एसटी-एसटी कैटेगरी के पुरुषों को वृद्धावस्था पेंशन के लिए उम्र सीमा घटा दी. पहले 60 साल की उम्र पूरी करने के बाद ही ओल्ड एज पेंशन मिलती थी. अब 50 साल की उम्र पूरी करने वाले स्त्री-पुरुष पेंशन पा रहे हैं. इस बीच सीएम चंपाई ने 25 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को भी पेंशन देने की घोषणा कर दी है.

**आधी आबादी पर नजर :** चंपाई सरकार ने पश्चिम बंगाल की लक्खी भंडार योजना के तर्ज पर मुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना शुरू करने की घोषणा की है. इस योजना के तहत महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने एक हजार रुपये भेजे जाएंगे. सरकार का दावा है कि इस योजना से 40 लाख महिलाओं को फायदा होगा.

### अबुआ आवास के तहत 20 लाख मकान का लक्ष्य

राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना के तहत 2027 तक 20 लाख मकान लोगों को देने का ऐलान किया है. इस योजना को पीएम आवास योजना के तर्ज पर बनाया गया है. हालांकि इसके लिए जो समय सीमा तय की गई है, उससे साफ समझ में आता है कि विधानसभा चुनाव इसके केंद्र में है. ऐसा है भी, तो इसे अजूबा नहीं माना जाएगा, क्योंकि हर सरकार चुनाव के वक्त ऐसी घोषणाएं करती है या ऐसी योजनाएं लागू करती रही हैं.

क्लासिफाइड






राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


स्पोर्ट्स+

आत्मविश्वास से लबरेज है टीम इंडिया, वहीं अफगानिस्तान से हारकर ऑस्ट्रेलिया है बैकफुट पर

आज का मैच : भारतीय टीम बांध सकती है ऑस्ट्रेलिया का बोरिया बिस्तर

सुपर आठ के मुकाबले में दिग्गज टीम को 21 रन से हराया

अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर

ईंट का जवाब पत्थर से देना जरूरी है : कुलदीप

पेज 10

www.lagatar.in | रांची, सोमवार 24 जून 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 02 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 76 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### बालू के उठाव, भंडारण व परिवहन पर एनजीटी ने लगाई है रोक, रोज सामने आ रहे नये-नये मामले

# उपकार इंफ्रा कंपनी परिसर से डेढ़ लाख सीएफटी बालू जब्त

▪ खनन विभाग और बालूमाथ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल (एनजीटी) द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू का उठाव, भंडारण व परिवहन पर सख्ती से रोक लगायी गयी है. इसके बावजूद बालू उठाव, भंडारण व परिवहन के नित्य नये मामले सामने आ रहे हैं. इस बीच शनिवार को गुप्त सूचना पर खनन विभाग और बालूमाथ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एनएच 22 स्थित मकइयाटांड़ पुलिस पिकेट के समीप उपकार इंफ्रा के कैंप से डेढ़ लाख सीएफटी अवैध भंडारित बालू जब्त किया गया.

**30 लाख रुपये बतायी जा रही है जब्त बालू की कीमत**


उपकार इंफ्रा कंपनी परिसर में स्टॉक किया गया बालू.

जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उपकार इंफ्रा कंपनी ने अपने कैंप में भारी मात्रा में अवैध रूप से बालू का भंडारण किया है. उपरोक्त बालू बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत केरी के हाहारो नदी संरक्षित वन क्षेत्र से लाया गया था. बालूमाथ पुलिस और जिला खनन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई कर डेढ़ लाख सीएफटी अवैध बालू जब्त किया गया है. इसका बाजार मूल्य करीब 30 लाख रुपये है.

**रेल लाइन व सड़क का निर्माण करा रही है कंपनी :** उपकार इंफ्रा टोरी-शिवपुर थर्ड रेलवे लाइन में निर्माण कार्य करा रही है. कंपनी की देखरेख में करोड़ों रुपये की लागत से बालूमाथ से मैक्लुस्कीगंज तक पक्की सड़क का निर्माण भी कराया जा रहा है. बालू का अवैध भंडारण कर इन दोनों कार्यों में इसका उपयोग किये जाने का अनुमान था. छापेमारी अभियान में खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर पदमलोचन ओहदार व बालूमाथ थाना के दारोगा अमित कुमार रविदास सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे.

### अवैध बालू परिवहन करते तीन हाइवा जब्त, दो गिरफ्तार



**धनबाद।** गोविंदपुर पुलिस ने शनिवार रात बरवापुर दलदली रोड में हेरिटेज पब्लिक स्कूल के पास बालू लदा तीन हाइवा को जब्त किया. वहीं बालू परिवहन में शामिल दो कारों को भी जब्त किया गया है. इस संबंध में खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने बिना परिवहन चालान के अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर परिवहन के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई. पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन शंकर कांति एवं पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने रविवार को गोविंदपुर थाना में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि क्षेत्र से बालू का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किसी भी हालत में होने नहीं दिया जाएगा. पुलिस ने हाइवा चालक अब्दुल अंसारी व मो कमरू जमा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

## हाथी से बचने के लिए भाग रहा युवक कुएं में गिरा, मौत

**संवाददाता। लोहरदगा**



कैरो थाना क्षेत्र के एड़ादोन गांव में हाथी के हमले से बचने के लिए भाग रहे युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गयी. मृतक की पहचान कुड़ू थाना क्षेत्र के तान गांव निवासी उमेश उरांव (18) के रूप में हुई है. घटना शनिवार देर रात की है, लेकिन ग्रामीणों को रविवार की सुबह जानकारी मिली. ग्रामीणों ने कुएं में शव को देखने के बाद कैरो थाना की पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

जानकारी के मुताबिक, शनिवार की रात हाथियों का झुंड कैरो थाना क्षेत्र के एड़ादोन गांव के समीप पहुंच गया. उमेश उरांव हाथियों को भगाने की कोशिश कर रहा था. ग्रामीण भी हाथों में मशाल लेकर हाथियों के पीछे-पीछे दौड़ रहे थे. तभी अचानक हाथियों का झुंड ने वापस मुड़कर ग्रामीणों पर हमला कर दिया. हाथियों से बचने के लिए ग्रामीण इधर-उधर भागने लगे. उमेश भी जान बचाकर भाग रहा था. इसी क्रम में वह एड़ादोन स्थित खेत के कुएं में गिर गया. सिर पर चोट लगने के कारण वह बेहोश हो गया और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गयी.

### ब्रीफ खबरें

#### दुर्घटना में मां की मौत बेटे की हालत गंभीर

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दारूडीह गांव निवासी सुदर्शन सिंह की पत्नी अस्तु देवी (45) की रविवार सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. मृतका के पुत्र शशिकांत सिंह ने बताया कि सुबह दोनों मां-बेटे बाइक पर सवार होकर किसी काम से पांकी गए थे. वहां से वापस घर लौटने के क्रम में शाहद गांव के पास बाइक अनियंत्रित हो गयी. सड़क पर गिरने से दोनों मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच लाया, जहां इलाज के क्रम में अस्तु देवी की मौत हो गई. वहीं शशिकांत सिंह का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है.

#### 16 महीने बाद कांग्रेस के तीन नेता निलंबन मुक्त

**रांची।** कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार तीन वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त कर दिया गया है. इनमें आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता शामिल हैं. तीनों नेताओं का 16 महीने बाद निलंबन वापस हुआ है. मालूम हो कि प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ बयानबाजी के आरोप में अनुशासनहीनता का मामला बनाते हुए इन्हें 16 महीने पहले निलंबित कर दिया गया था.

#### टांगी से हमला कर पत्नी की कर दी हत्या

**गुमला।** घाघरा प्रखंड के खम्भा गांव में सम्पति देवी नामक महिला की टांगी से हमला कर पति ने हत्या कर दी. वहीं मृतका का पति ललितेश उरांव भी घायल हो गया. पुलिस ने शव को थाने ले आई और घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में कराया. इस संबंध में मृतका के पिता पुनई उरांव ने रविवार को बताया कि बीती रात दामाद ने और लोगों के साथ मिलकर उनकी बेटी की पिटाई कर दी. इस क्रम में उसके सिर पर टांगी से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई.

### परिसंपत्ति वितरण समारोह : मुख्यमंत्री ने दी 2114 योजनाओं की सौगात

# अबुआ आवास की राशि बढ़ेगी मिलेगा थ्री बीएचके घर: चंपाई

**संवाददाता। घाटशिला**

अबुआ आवास की राशि बढ़ेगी और लोगों को अब थ्री बीएचके घर भी मिलेगा. राज्य सरकार अपने दम पर अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीबों और जरूरतमंदों के अपना पक्का मकान होने के सपने को पूरा कर रही है. हमारी सरकार का संकल्प है कि इस राज्य में कोई भी व्यक्ति बिना पक्का मकान के नहीं रहे. यह घोषणा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने की.

वे रविवार को मऊभंडार स्थित ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में जनसभा सह परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों के दो लाख तक ऋण भी माफ करेगी. दिव्यांग, वृद्ध महिला-पुरुष के लिए फ्री बस सेवा भी होगी. यहां उन्होंने 2141 विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है. झारखंड को संवारना है. इस राज्य को नई दिशा देना है. समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना है. इसी प्रतिबद्धता के साथ आपकी भावनाओं, उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं. सभी के सहयोग और भागीदारी से झारखंड को अव्वल राज्य बनाएंगे.

कार्यक्रम में विधायक रामदास सोरेन, विधायक समीर मोहंती, विधायक संजीव सरदार, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, झारखंड गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरि, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त हरि कुमार केशरी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे.


जनसभा सह परिसंपत्ति वितरण समारोह में मांदर बजाते सीएम चंपाई सोरेन, विधायक रामदास सोरेन व अन्य.

**20,484 लाभुकों के बीच 71.63 करोड़ की परिसंपत्तियां बांटी**

मऊभंडार के ताम्र प्रतिभा मैदान में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 45 करोड़ 79 लाख 99 हजार रुपये की 2141 विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया. इसमें 14 करोड़ 88 लाख 44 हजार 58 रुपये की लागत वाली 15 योजनाओं का शिलान्यास और 30 करोड़ 91 लाख 55 हजार 40 रुपये की लागत वाली 2126 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है. इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 20,484 लाभुकों के बीच 71 करोड़ 63 लाख 420 रुपये की परिसंपत्ति का वितरण भी किया.

**हर गांव में स्मार्ट मॉडल स्कूल खोले जाने की योजना :** सीएम ने कहा कि हमारी गठबंधन सरकार की ओर से शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए झारखंड के हर गांव में स्मार्ट मॉडल स्कूल खोलने की योजना है. पाइप लाइन के माध्यम से हर किसान के खेत में अगले सीजन तक पानी पहुंचेगा, ताकि कृषि के मामले में हम समृद्ध बन सकें. 25 से 49 वर्ष तक वर्ष तक की सभी वर्गों की महिलाओं को अगले माह से एक हजार रुपये पेंशन मिलना शुरू हो जायेगा. साथ ही लोगों को अब 125 यूनिट की जगह 200 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी.

**चुनौतियों से निपटते हुए विकास को दे रहे गति :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े चार वर्ष हो चुके हैं. आप इस बात से वाकिफ हैं कि सरकार गठन के साथ कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से सामना करना पड़ा. ऐसे हालत में भी जीवन और जीविका के लिए बेहतरीन कार्य किया. इसके बाद जब विकास को गति गति देने की शुरुआत हुई, तो कई विपरीत परिस्थितियां आईं. लेकिन, विकास को गति देते रहे हैं.

**बोले सीएम**

- 20 लाख गरीबों के पक्का मकान होने के सपने को कर रहे सरकार
- सभी के सहयोग व भागीदारी से झारखंड को अव्वल राज्य बनाएंगे

**झलकियां**

- बुरुडीह डैम पहुंचते ही पंरपरागत टोपी पहना कर एवं पारंपरिक नृत्य के साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का स्वागत हुआ.
- बुरुडीह डैम का नजारा देख प्रफुल्लित हो उठे मुख्यमंत्री, कहा- झारखंड आंदोलन के समय कई बार यहां आ चुका हूं.
- मऊभंडार में मुख्यमंत्री की हर घोषणा का लोगों ने ढोल-नगाड़ा बजा कर और बैनर पोस्टर लहरा कर स्वागत किया गया.
- मऊभंडार में मुख्यमंत्री की घोषणा के दौरान जमकर बारिश हुई, लोगों ने कहा सीएम की घोषणा से इंद्रदेव खुश हो गए.
- मऊभंडार के प्रशासनिक कार्यक्रम में आम लोगों से ज्यादा छात्र-छात्राओं की भीड़ रही.
- कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाएं पारंपरिक परिधान में दिखीं.

## होटल मैनेजर और स्टाफ हत्याकांड में पांच गिरफ्तार


हत्याकांड का उद्भेदन करते एसपी व बरामद हथियार.

**संवाददाता। कोडरमा**

कोडरमा में होटल के मैनेजर और स्टाफ हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के तीन घंटे के अंदर ही बीती देर रात पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है. वहीं, एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है. इनके पास से हत्या में प्रयुक्त 7.65 एमएम का एक पिस्तौल, छह गोली, दो चारपहिया वाहन व पांच मोबाइल भी बरामद किया गया है.

एसपी अनुदीप सिंह ने सोमवार शाम प्रेस वार्ता कर हत्याकांड का उद्भेदन किया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पटना जिले के मनाची थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव का रहनेवाला दिलखुश सिंह, बेगूसराय जिले के तेघरा थाना क्षेत्र के बरौनीडीह गांव निवासी आयुष कुमार, नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के बाली गांव निवासी गुलशन कुमार, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पथरा इंग्लिश गांव निवासी चिन्दु कुमार व सुधांशु कुमार के रूप में की गयी है. पांचों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. वहीं, एक अन्य नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा गया है.

गिरफ्तार अभियुक्तों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है. इनमें दिलखुश कुमार पर डकैती व हत्या और आयुष कुमार पर डकैती का मामला दर्ज है. वहीं नाबालिग आरोपी को वाहन चोरी के आरोप में पूर्व में भी निरुद्ध किया गया है.

**पहले शराब पी, फिर पैसे को लेकर कहासुनी :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शनिवार शाम करीब चार बजे बिहार के पांच युवक व एक नाबालिग कार से कोडरमा के बागीटांड़ स्थित होटल 'शांति मोटेल' फैमिली रेस्टूरेंट आये थे. यहां खाना का आर्डर दिया औरअपनी कार से बीयर की पेटी लाकर होटल में शराब पीने लगे. इस पर होटल के मैनेजर व स्टाफ ने विरोध किया कि यह फेमिली रेस्टूरेंट है और यहां शराब पीना मना है. फिर खाना खाने के बाद बिल भुगतान को लेकर मैनेजर व स्टॉफ से बहस हो गई और दो तरफ से हाथापाई भी हुई.

इसके बाद उनलोगों ने बिल का भुगतान किया और चले गए. इसके बाद रात करीब 8:20 बजे सभी युवक फिर से होटल पहुंचे. उनलोगों ने काउंटर में बैठे मैनेजर नसीम एराकी (30) व स्टाफ अंजार आलम उर्फ राजन को गोली मार दी और कार पर सवार होकर फरार हो गये. इस घटना में नसीम की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अंजार की सदर अस्पताल, कोडरमा में इलाज के दौरान मौत हो गयी.

**त्वरित उद्भेदन**

- एक नाबालिग भी पकड़ा गया, बाल सुधार गृह भेजा
- कांड के तीन घंटे के अंदर सभी छह आरोपी पकड़ाये

**दिबोर घाटी के जंगल से पुलिस ने धर दबोचा**

बागीटांड़ के होटल में वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी बिहार भागने की तैयारी में थे. वे लोग कोडरमा घाटी के पास अपनी कार (टाटा नेक्सन) छोड़ कर दिबोर घाटी के जंगल में भाग रहे थे. इस बीच उन्होंने काले रंग की एक बोलेरो भी मंगा ली थी. इस बीच कोडरमा एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने दबिश देनी शुरू की. इससे पहले कि अपराधी राज्य की सीमा पार करते, पुलिस ने सभी छह आरोपियों को धर दबोचा.

## सात साइबर ठग गिरफ्तार सरगना अब भी पकड़ से बाहर

**संवाददाता। जमशेदपुर**

एक बार फिर साइबर ठगों ने जमशेदपुर को अपना ठिकाना बनाना शुरू कर दिया है. इसका खुलासा तब हुआ जब जमशेदपुर पुलिस ने गोलमुरी मुस्लिम बस्ती में छापेमारी कर साइबर ठग गिरोह के कुल सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियो में गोलमुरी टुइलाडुंगरी निवासी अमरीक सिंह उर्फ रिंकू, कोलकाता दत्ता लेन निवासी विवेक गुप्ता, कोलकाता बगोई पाड़ा निवासी तनुप दास, हावड़ा निवासी गौरव चौधरी, मनीष चौधरी, संदीप कुमार राम और प्रवीण चौधरी शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 13 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 7 लैपटॉप चार्जर, एक स्वीप मशीन और 13 एटीएम कार्ड जब्त किए हैं. हालांकि गिरोह का मुख्य सरगना टेल्को घड़ी पार्क के पास रहने वाला सौरभ कुमार सिन्हा गिरफ्त से बाहर है.

## अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

▪ 453 कार्टन नकली विदेशी शराब व 14 ड्रम स्प्रीट जब्त

**संवाददाता। जामताड़ा**

बिंदापाथर पुलिस के सहयोग से उत्पाद विभाग ने शनिवार की रात बिंदापाथर थाना अंतर्गत धोबना गांव में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. छापेमारी में 453 कार्टन नकली विदेशी शराब जब्त किया गया. वहीं शराब फैक्ट्री से दो पिकअप वैन भी जब्त किया.



जामताड़ा एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि नारायणपुर थाना क्षेत्र का रहनेवाला दिनू दत्ता अवैध शराब फैक्ट्री का लोकल हैंडलर माना जा रहा है, जो कि फरार है. वहीं, गिरीडीह जिला अंतर्गत सदर थाना क्षेत्र के धरियाडीह गांव निवासी आदित्य चंद्रवंशी व दीपक शर्मा और बिंदापाथर थाना क्षेत्र के धोबना गांव निवासी गणेश सोरेन को गिरफ्तार किया गया है. एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी में 14 ड्रम स्प्रीट, हजारों की संख्या में रैपर सहित खाली बोतल और चार सिंटेक्स बरामद किया गया. छापेमारी टीम में उत्पाद अधीक्षक सौरभ तिवारी, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव कुमार, बिंदापाथर थाना प्रभारी कुंदन कुमार वर्मा शामिल थे.

### सफलता का परचम : सब जूनियर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में झारखंड के पहले खिलाड़ी ने बढ़ाया मान

# एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में विकास ने जीता कांस्य

**संवाददाता। रांची**

जॉर्डन के अमान में आयोजित अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में झारखंड के विकास कच्छप ने देश का नाम रौशन किया है. उसने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया. इसी के साथ विकास अंडर-17 अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में पदक जीतने वाले झारखंड के पहले खिलाड़ी बन गये. विकास ने कोरिया के पहलवान को एकतरफा मुकाबले में 8-0 से हराया.

विकास की मां सुखमनी तिर्की ने अपने बच्चे की सफलता का श्रेय सरकार और उनके कोच बबलू व राजीव रंजन सिंह को दिया. उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग की वजह से ही उनके बेटे ने यह मुकाम हासिल किया है. उन्होंने बताया कि वह बेड़ो की रहने वाली हैं. उनके चार बच्चे हैं. विकास सबसे छोटा है.

**कोच ने कहा- शुरू से ही होनहार है विकास कच्छप**



विकास के पिता के गुजर जाने के बाद बच्चों के लालन-पालन में परेशानी हो रही थी, इसलिए 2007 में वे रांची आ गयीं. यहां हॉकी स्टेडियम में उन्होंने साफ-सफाई का काम शुरू किया. कुछ दिनों तक वे अपने बच्चों के साथ स्टेडियम में ही रहीं. इसके बाद मोरहाबादी में ही रूम लेकर अपने बच्चों को पढ़ाया. सुखमनी ने बताया कि अभी भी वो स्टेडियम में ही काम करती हैं.

**पहले ट्रायल में ही हो गया था विकास का चयन :** कोच राजीव रंजन ने बताया कि सुखमनी तिर्की ने भोला सिंह की मदद से साल 2016 में विकास को खेलगांव में चल रहे ट्रायल में भेजा था. परफॉर्मेंस के आधार पर विकास का चयन झारखंड राज्य खेलकूद प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीस) में हो गया. उस समय भोला सिंह कोच थे. चयन के बाद छह महीने तक विकास समेत अन्य बच्चे, जिनका सेलेक्शन हुआ था, सभी की कंडिशनिंग करायी गयी. इसके बाद प्रतिभा के आधार पर विकास को कुश्ती में भेजा गया, जहां बबलू और राजीव रंजन ने उसे ट्रेनिंग दी. जेएसएसपीएस में चयन होने के बाद उसके रहने, खाने-पीने और प्रशिक्षण की सारी जिम्मेदारी सरकार ने उठायी. कोच राजीव ने बताया कि विकास शुरू से ही काफी मेहनती था. खेल में भी उसकी काफी रुचि थी.

**विकास की सफलता पर बधाई का सिलसिला जारी :** दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित भारतीय कुश्ती टीम के चयन ट्रायल में विकास ने 48 केजी भार वर्ग में प्रथम स्थान पर रह कर भारतीय कुश्ती टीम में अपना स्थान पक्का किया है. वह जेएसएसपीएस के प्रशिक्षु हैं. विकास की इस उपलब्धि पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, अभिभावक के रवि कुमार, झारखंड के खेल निदेशक सुशांत गौरव, भोलानाथ सिंह, महासचिव रजनीश कुमार, जेएसएसपीएस के सीईओ जीके राठौर, विजय शंकर सिंह कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, खेल उप निदेशक राज किशोर खाखा, सीनियर प्रशिक्षक राजीव रंजन उर्फ भीम सिंह व झारखंड खेल विभाग के पदाधिकारियों ने बधाई दी है.

### बालूमाथ पुलिस ने किया अंतर जिला बाइक गिरोह का पर्दाफाश

# छह गिरफ्तार, चोरी की पांच बाइक बरामद

▪ खलारी व मैक्सलुस्कीगंज के रहने वाले हैं गिरफ्तार आरोपी

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

पुलिस ने अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का उद्भेदन करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरूआ ने बताया कि एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कि कुछ अपराधी गिरोह बना कर बालूमाथ और आसपास के इलाकों में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं. इसके बाद पुलिस की सिविल टीम गठित कर गिरोह के अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाने लगी.

इस बीच टीम को सूचना मिली कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के सेरेगड़ा गांव के पास कुछ अपराधी चोरी की बाइक बेचने की फिराक में हैं. पुलिस टीम ने चिह्नित जगह पहुंच कर छह संदिग्धों को हिरासत में लिया. पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, तो उनलोगों ने सच कबूल दिया. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान में खलारी निवासी जोशील केसरी व लाल मुंडा और मैक्लुस्कीगंज निवासी मुकेश दास, जागेश्वर उरांव, सचिन गिरी व रोशन कुमार के रूप में की है. इनकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइक भी बरामद की गयी. छापेमारी दल में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, दारोगा अमित कुमार रविदास, रौशन कुमार, विकास कुमार, सुरेंद्र कुमार महतो, एएसआई जयनारायण प्रसाद मेहता व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.


कार्रवाई की जानकारी देते पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरूआ.

▼ ब्रीफ खबरें

## भाजपाइयों ने डॉ श्यामा मुखर्जी को किया याद

**मेदिनीनगर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को जिले के कई बूथों पर जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया. मेदिनीनगर की बूथ संख्या 185 पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. वरिष्ठ भाजपा नेता अभिमन्यु तिवारी ने बताया कि मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं. इसलिए धर्म के आधार पर वह विभाजन के कट्टर विरोधी थे.

## लातेहार में 14 वर्षीय किशोर का शव बरामद

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के हेरसातू बाजार के समीप रविवार को एक 14 वर्षीय एक किशोर का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी. शव की शिनाख्त रंजन सिंह उर्फ मंगरु सिंह के रूप में की गयी है. उसके पिता पिता बंधन सिंह ने बताया कि शनिवार को रंजन गांव में लगने वाले साप्ताहिक हाट में गया था और रात में घर नहीं लौटा था. परिजन उसकी तलाश कर रहे थे. रविवार की सुबह खबर मिली कि एक बच्चे का शव बरामद किया है. इसके बाद वे लोग वहां पहुंचे तो देखा कि शव उसके पुत्र का था.

## बीजेएम ने मंतजीर केस की जांच की मांग की

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने मंतजीर हत्या मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का मांग की है. बीजेएम जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा है कि चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ में 15 वर्षीय व्यवसायी मंतजीर मियां की हत्या 21 फरवरी 2024 की रात्रि में कर दी गई थी. परंतु अब तक व्यवसायी हत्या मामले में घटना का उदभेदन नहीं होना निराशाजनक है. अपराधी की हत्या कर बाहर घूमना प्रशासन के लिए चुनौती तथा समाज के लिए चिंता का विषय है. उन्होंने मंतजीर मामले में पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर प्रश्न उठाया.

## वरीय अनुभाग अभियंता को दी गई विदाई



**बरवाडीह (लातेहार)।** वरीय अनुभाग अभियंता (कार्य), बरवाडीह रेलवे विवेकानंद बासु का हजारीबाग टाउन में स्थानांतरण हो गया है. उनके स्थानांतरण के बाद रविवार को आइओडब्लू कार्यालय में कर्मियों के द्वारा उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. प्रभारी आइओडब्लू अनिल कुमार समेत अन्य कर्मियों के द्वारा शॉल व अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया. श्री बासु और उनकी धर्मपत्नी अर्पिता बासु के द्वारा दो दर्जन से अधिक कर्मियों को उपहार भेंट किया गया. मौके पर जेई अरुण रंजन, रेखा पाठक, प्रसून कुमार, पिंटू सिंह, सौरभ कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे.

## अपराधियों ने युवक को पीटकर किया घायल

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र की लहलहे पंचायत नौआधोड़ गांव निवासी कवलधारी यादव के पुत्र अवधेश यादव (35 वर्ष) को अज्ञात अपराधियों ने बीती रात मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल का इलाज एमएमसीएच में हो रहा है. पुलिस इस मामले में तीन लोगों से पूछताछ कर रही है.

### पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन की देखरेख में कई खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# धूमधाम से मना ओलंपिक दिवस, खिलाड़ियों ने दिखाए कौशल

**खास बातें**

- सीनियर वर्ग के लिए 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता
- सब जूनियर वर्ग के लिए 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



प्रतियोगिता का उदघाटन करते अतिथि.

पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर रविवार को कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुई. स्थानीय जीएलए कॉलेज मैदान में इस अवसर पर सीनियर वर्ग के लिए 3000 मीटर दौड़ व सब जूनियर वर्ग के लिए 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. साथ ही कबड्डी बालक बालिका प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में पलामू के विभिन्न प्रखंडों के बालक-बालिकाओं खिलाड़ियों ने भाग लिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, विशिष्ट अतिथि ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, पलामू जिला योग संघ के सचिव अनिल कुमार पांडे, कम संघ के सचिव सुनील उपाध्याय, गोविंद प्रसाद, एथलेटिक्स संघ के सह सचिव प्रदीप मेहता और द्वारिका सिंह, सिकंदर ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ किया.

मुख्य अतिथि ने ओलंपिक के महत्व के बारे में खिलाड़ियों को जानकारी दी. पलामू जिला ओलंपिक संघ के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सभी खिलाड़ियों और अभिभावकों को सावधान रहने की जरूरत है. आज के समय में व्यवसाय के रूप में अनेकों संगठन बनाकर खिलाड़ियों और अभिभावकों को नेशनल और इंटरनेशनल में मेडल दिलाने के लिए फर्जी गेम की ओर आकर्षित करते हैं. जो ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त नहीं है उसे बचने की जरूरत हैं. ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त नहीं होने वाले संघ के प्रमाण पत्र का कोई महत्व नहीं है. कार्यक्रम का संचालन पलामू जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे ने किया. खेलकूद का तकनीकी पदाधिकारी में एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे के नेतृत्व में प्रीति कुमारी, सोनी कुमारी ,अक्सा नाग, विनीता कुमारी , नेहा कुमारी अर्चना कुमारी, रति कुमारी ने मिलकर दौड़ प्रतियोगिता का संचालित किया. बालक वर्ग 3000 मीटर दौड़ में प्रथम मुकेश कुमार एमके कॉलेज पांकी, द्वितीय निर्मल यादव ज्ञान विकास व तृतीय सोनू कुमार सिंह लेस्लीगंज हाई स्कूल तथा बालिका वर्ग में प्रथम मुनी कुमारी के जी हाई स्कूल मेदिनीनगर, द्वितीय पूजा कुमारी केजी स्कूल डालटेनगंज व तृतीय मैरिसटीला खाखा मिशन स्कूल आबादगंज रही. 600 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम सुधाकर कुमार मेहता गिरवर स्कूल डाल्टनगंज, कुंदन कुमार गिरवर स्कूल डाल्टनगंज व देवव्रत पाठक डे बोर्डिंग सेंटर तथा बालिका वर्ग में प्रथम रूपाली यादव बीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल, द्वितीय प्राकृतिक तिर्की मिशन स्कूल व तृतीय रानी कुमारी मध्य विद्यालय हमीदगंज रही.

## बनवारी साहु कॉलेज में कक्षाएं 10:30 बजे से



**लातेहार।** शहर के बानपुर इलाके में अविस्थत बनवारी साहु महाविद्यालय में कक्षाएं 24 जून से सुबह 10:30 से 3:30 बजे तक स ंच ालित होंगी. इस आशय की जानकारी प्राचार्य प्रो पीके तिवारी ने दी. उन्होंने निर्धारित समय पर महाविद्यालय आने व कक्षाएं ज्वाइन करने की अपील महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं से की. उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के यूनिफॉर्म में आना आवश्यक है. श्री तिवारी ने कहा कि वैसे छात्र व छात्राएं, जिनकी महाविद्यालय में उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी, उन्हें वार्षिक परीक्षाओं में फॉर्म भरने नहीं दिया जायेगा.

### श्मशान घाट पर शेड निर्माण में अनियमितता की खुली कलई

# तीन महीने में ही उड़ गए श्मशान घाट पर बने शेड

**खास बातें**

- छतरपुर नप क्षेत्र में पांच से अधिक घाट पर शेड बने थे
- चंद महीने में शेड उड़ने से उजागर हुई अनियमितता

**अरुण कुमार सिंह। पलामू**





शेड उपयोग के पूर्व ही क्षतिग्रस्त हो गये.

पलामू जिले के छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र में नवनिर्मित 5 से अधिक श्मशान घाट पर बनाये गये शेड उपयोग के पूर्व ही क्षतिग्रस्त हो गये हैं. परिकल्पना थी कि बारिश के दिनों में इन शेड के नीचे मृतात्माओं की अंतिम क्रिया करने में सहूलियत होगी, लेकिन निर्माण के महज तीन महीने बाद ही इन शेड हवा में उड़ गए हैं और इनके निर्माण में बरती गयी अनियमितताओं की कलई खुल गयी है. छतरपुर नगर पंचायत के रामगढ़ केवाल पर झुमेलवा नदी, मन्देया नदी के तट पर, करमा कला डैम के समीप, भैरवाडीह आदि जगहों पर बने श्मशान घाट पर शेड की छत या तो हवा में उड़ गयी है अथवा वे शेड अन्य जगहों से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं. अर्जुनडीह स्थित श्मशान घाट पर निर्मित शेड पर एक भी बॉडी नहीं जला है. फिर भी यह क्षतिग्रस्त हो चुका है.

**अधिकतर शेड निर्माण में बरती गयी अनियमितता :** अधिकतर शमशान घाट शेड का निर्माण जमीन की सतह से ही कर दिया गया है. इनके निर्माण में बेहद घटिया किस्म की सामग्री लगायी गयी. प्राक्कलन की विशिष्टताओं को ताक पर रखा गया. चहेते ठेकेदारों के लिए नगर पंचायत महकमा ने आंख-कान बंद कर लिये. नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी चुनमुन सहित कई ग्रामीणों ने उक्त शेडों में बरती गयी अनियमितता को लेकर जांच और कार्रवाई की मांग भी की थी, पर हुआ अबतक कुछ भी नहीं. वैसे भी, छतरपुर नगर पंचायत की योजनाओं में लूट का पुराना सिलसिला वर्षों से कायम है.

नगर पंचायत के कनीय अभियंता को वस्तु स्थिति की नहीं है जानकारी

नगर पंचायत विभाग कैसे काम करता है, इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि संबद्ध बातचीत में नगर पंचायत कार्यालय में पदस्थापित कनीय अभियंता पंकज कुमार ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि नगर पंचायत क्षेत्र में बने 5 श्मशान घाट पर शेड क्षतिग्रस्त हो चुके हैं. उन्होंने कहा कि वे अभी बाहर हैं, छतरपुर आकर देखते हैं. उन्होंने कहा कि 9-9 लाख की प्राक्कलित राशि से 6 स्थानों पर शमशान घाटों का निर्माण कराया गया है. इनमें दो के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत आयी थी, जिसके आलोक में मरम्मत के लिए संबद्ध संवेदक को लिखा गया है.

## नियुक्ति को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की हुई समीक्षा



**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा सदस्यों की बैठक रविवार को कचहरी परिसर में हुई. बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की. बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई. बैठक में कहा गया कि 361 लोगों के नियुक्ति हेतु मेरिट लिस्ट बना था, जिसमें 255 लोगों को नियुक्ति की गई अभी भी सैकड़ों पद खाली हैं. नियुक्ति की आस में बेरोजगारों की उम्र सीमा समाप्ति के कगार पर है और कितने लोगों की समाप्त हो गई. दूसरी तरफ पलामू में 500 से अधिक पद रिक्त है और कर्मचारियों की कमी के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है. सफल अभ्यर्थियों की प्रति उपायुक्त अनदेखी कर रहे हैं. यह बहाली पैनल निर्माण संबंधित बहाली है और बेरोजगारों के साथ न्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. बैठक में 26 जून को विश्व नशा मुक्ति दिवस पर मोर्चा कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजन का निर्णय लिया गया. बैठक में गणेश चंद्र, उमेश कुमार पासवान, उपेंद्र कुमार रजक, संजय कुमार राम, सतीश कुमार, नीतू सिंह, मोहम्मद शफीक अंसारी, संजय मिस्त्री, मुन्ना कुमार रवि, जितेंद्र कुमार तिवारी, गोपाल चौधरी, उपेंद्र तिवारी, सनी पासवान, संजय प्रसाद, कृष्ण प्रसाद यादव, जलील अंसारी, मिथिलेश कुमार, अजीत कुमार सिंह, संजीत कुमार आदि उपस्थित थे.

न्यूज अपडेट ▼

## डीसी से उत्तर कोयल नहर में पानी छोड़ने की मांग



डीसी को ज्ञापन सौंपते जिप उपाध्यक्ष.

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय जिला पंचायत एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने पलामू डीसी शशि रंजन को ज्ञापन सौंपकर भीम बराज मोहम्मदगंज से उतरी कोयल नहर में पानी छोड़ने की मांग की है. ज्ञापन में जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा है कि प्रति वर्ष पलामू जिला के लिए गर्मी के मौसम में उतरी कोयल नहर का पानी छोड़ा जाता है, जिससे खरीफ मौसम में ससमय किसान धान का बीजारोपण कर लेते हैं जिससे ग्रामीणों को कृषि तथा अन्य कार्यों के लिए सुविधा होती है.

## आनंदमार्ग ने राजहरा में लगाया स्वास्थ्य शिविर



शिविर में मरीजों का इलाज करते डॉक्टर.

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज के राजहरा गांव में आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से रविवार को स्वास्थ्य शिविर लगा. इस शिविर का नेतृत्व संघ के लेस्लीगंज उपभुक्ति राजहरा इकाई आभा सेवा सदन के द्वारा किया गया. कैंप में अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा 50 से अधिक मरीजों का निशुल्क इलाज और उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई. उप भुक्ति संतू लाल ने बताया कि शिविर के सहयोग में पलामू के भुक्ति प्रधान मधेश्वर, उप मुखिया मनोज सिंह, पंचायत सचिव दिवाकर कुमार, वार्ड सदस्य पन्नालाल, दिनेश आदि उपस्थित थे.

## विधायक आलोक चौरसिया से अलग हुए समर्थक



बैठक करते लोग.

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया के समर्थकों व स्व. अनिल चौरसिया के पुराने कार्यकर्ताओ ने रविवार को कचहरी परिसर में बैठक की. बैठक में डालटनगंज विधानसभा के सदर, शहर, चैनपुर व सतबरवा के कार्यकर्ता उपस्थित थे. बैठक की अध्यक्षता बिहारी साव व संचालन मुस्तकीम अंसारी ने किया. बैठक में कहा गया कि वर्तमान विधायक आलोक चौरसिया द्वारा सभी कार्यकर्ताओं के साथ विगत दस वर्षों से भेदभाव एवं कार्यकताओं को हमेशा उपेक्षित किया गया तथा डालटनगंज विस क्षेत्र की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया जो अब कार्यकताओं के बर्दाश्त से बाहर है.

## नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया



जागरूकता अभियान में शामिल लोग.

**लातेहार।** नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर पंचायत क्षेत्र के थाना चौक और डुरूआ क्षेत्र में नगर पंचायत की महिला स्वयंसहायता समूह की महिलाओं द्वारा नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया. इस मौके पर महिलाओं ने नशापान के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराया. उन्होने बताया कि तंबाकू या अन्य मादक पदार्थों के सेवन से कैंसर व अन्य असाध्य बीमारियां हो सकता है. उन्होंने कहा कि नशा करने से न सिर्फ शरीर वरन घर व समाज भी बरबाद होता है. उन्होंने युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने की अपील की. मौके पर नशामुक्ति को ले कर शपथ भी दिलायी गयी. मौके पर सिटी मैनेजर जया भगत, राजकुमार वर्मा, डॉ आनंद किशोर दांगी और राजस्व संग्रहकर्ता राजू प्रसाद मौजूद थे.

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी : विहिप



जिला कार्यालय में बैठक करते लोग.

**मेदिनीनगर.** विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल व इसके आयामों के प्रमुखों की बैठक रविवार को जिला कार्यालय में हुई. बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक व संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से सेवा सप्ताह अंतर्गत 24 जून से 30 जून तक जिला के विभिन्न स्थानों पर वंचित वर्ग के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन का निर्णय लिया गया. पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण दिवस के अवसर पर बजरंग दल द्वारा जिला के प्रत्येक गांव में वृक्षारोपण किया जाएगा.

# बलिदान दिवस के रूप में मनायी डॉ श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि



जनसंघ के संस्थापक डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग.

**संवाददाता। चंदवा (लातेहार)**

रविवार को स्थानीय पथ निर्माण विभाग के विश्रामागार परिसर में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को भाजपाइयों ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया. अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहु व मंच का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया. कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर किया गया. महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति के नक्षत्र अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित रहा. वे एक प्रखर राष्ट्रवादी थे. कभी अपने सिद्धांतों से पीछे नहीं हटे. जिला मंत्री कुलामन साव ने कहा की डॉ मुखर्जी अखंड भारत एक भारत के लिए कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाना चाहते थे. उ धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया और अपने जीवन का बलिदान किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र यादव,मंडल, संजय साहु, हीरामनी देवी, राजु भुंइया, शिवकेश्वर यादव, रिकी वर्मा, सूर्यनारायण साहू,प्रेम नाथ साहु, सकेन्द्र भुंइया आदि मौजूद रहे.

## बलिदान दिवस के रूप में मनायी गई पुण्यतिथि

**लातेहार।** भाजपा के जिला लातेहार में रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान चिंतक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनायी गयी. भाजपाइयों ने इसे बलिदान दिवस के रूप में मनाया. इसकी अध्यक्षता में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने की. कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी जी, बंशी यादव, प्रदेश कार्यसमिति युवा मोर्चा मुकेश पांडेय, विधानसभा प्रभारी रामदेव सिंह, मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय, मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, अनिल सिंह, आनंद सिंह, विष्णु गुप्ता व सतेंद्र यादव समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**बरवाडीह में भी याद किये गये डॉ मुखर्जी :** बरवाडीह। भाजपा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद के नेतृत्व में छेंचा पंचायत के बूथ संख्या 42 पर बलिदान दिवस के अवसर पर जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी को याद किया गया. मौके पर अमरेंद्र रजक, उज्जवल कुमार,अर्जुन सिंह, जीतन सिंह आदि मौजूद रहे.

# स्थायी कुलपति की मांग को लेकर आजसू ने चिपकाए पोस्टर



**वाददाता। मेदिनीनगर**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने स्थायी कुलपति की मांग को लेकर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में कई जगहों पर स्थायी कुलपति की नियुक्ति करो लिखकर चिपकाया. बता दें कि आजसू धीरे-धीरे स्थाई कुलपति की नियुक्ति के लिए आंदोलन को तेज कर रहा है, ताकि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता पर अंकुश लगाया जा सके और विश्वविद्यालय सुचारु रूप से छात्र हित में कार्य करे. स्थायी कुलपति नहीं होने के कारण किसी भी विभाग का कार्य सही से नहीं हो पा छात्रों के भविष्य पर पड़ रहा है. मौके पर हिमांशु रंजन, अंकित तिवारी, प्रत्युष कुमार, प्रवीण, मयंक, शुशांत, राजीव, आलोक आदि उपस्थित थे.

**पौधरोपण किया :** आजसू छात्र संघ के अभिषेक राज के नेतृत्व में आजसू छात्र संघ व युवा आजसू ने आजसू पार्टी के स्थापना दिवस पर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय परिसर, जनता शिवरात्रि कॉलेज परिसर, गणेश लाल अग्रवाल कालेज परिसर एवं सदर थाना परिसर में प्राचार्य व थाना प्रभारी के साथ पौधरोपण किया. अभिषेक राज ने कहा कि पूरे झारखंड में आजसू पार्टी अपने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मना रही है.

**प्रतियोगिता** | इंटर क्लब जूडो प्रतियोगिता का आयोजन, सुमित बर्मन ने कहा

# खेल में जो तपता है, वही इतिहास रचता है

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी.

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर द कराटे एकेडमी में इंटर क्लब जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में पलामू जूडो खिलाड़ियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया.

पलामू जूडो संघ के सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि हर खिलाड़ियों का सपना होता है कि वह ओलंपिक में भाग ले सके. ओलंपिक हमारा लक्ष्य है और उस लक्ष्य को पाने के लिए हम कितनी कड़ी मेहनत करते हैं यह भी निर्भर करता है. खेल के क्षेत्र में जो तपता है, वही ओलंपिक खिलाड़ी बनता है. हमारे पलामू के खिलाड़ी बहुत ही मेहनती है और यह अपने परिश्रम के बदौलत खेल के क्षेत्र में अपना नाम रोशन करेंगे. धोनी क्रिकेट अकादमी के कोच सनत चटर्जी ने कहा कि खिलाड़ी अपनी सूझ-बूझ और मेहनत के बदौलत ओलंपिक जैसे प्रतियोगिताओं में मेडल जीतता है. वही द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी के कोच अमरेश मेहता ने कहा कि इस बार का ओलंपिक खेल पेरिस देश में आयोजित की जा रही है जिसे हम 26 जुलाई से ऑनलाइन देखकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा सकते हैं. प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में अंडर 10 में तमन्ना कुमारी ने व अंडर 16 में काजल कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता. वही बालक वर्ग में अंडर 7 कैटेगरी में प्रशोंकित ने स्वर्ण पदक व अंडर 10 कैटेगरी में श्री आयुष्मान स्वर्ण पदक जीता. अंडर 12 में शौर्य शुक्ला स्वर्ण पदक, अंडर 14 में डी कार्तिकेया स्वर्ण पदक, अंडर 19 में अफजल आलम स्वर्ण पदक जीता.

# नीट में धांधली के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**खास बातें**

- पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने किया उग्र प्रदर्शन
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकते कांग्रेसी.

पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और स्थानीय छहमुहान चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया. इससे पूर्व जिलाध्यक्ष श्री पाठक के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन के मैदान से कांग्रेसजन जुलूस की शक्ल में शहर के विभिन्न चौक चौराहे होते स्थानीय छ मुहान चौक पहुंचे. जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि जिस प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है. इस प्रदेश में नीट पेपर लीक का मामला सामने आया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है, पिछले 5 वर्षों में 43 भर्ती परीक्षा के पेपर लीक हुए। युवाओं का देश कहे जानेवाले भारत में आज युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित है केंद्र की एनडीए सरकार इन युवाओं को कुशल और सम्पूर्ण बनाने की जगह उन्हें कमजोर बनाने पर तुली है. पिछले 10 साल में युवाओं का भविष्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है. उन्होंने कहा कि जब तक पूरे सिस्टम दुरुस्त नहीं होगा तब तक पेपर लीक चलता रहेगा. कांग्रेस पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी.

विरोध प्रदर्शन में प्रदेश सचिव पूर्णिमा पांडे, पप्पू अजहर, ईश्वरी प्रसाद सिंह, अरविंद पासवान, राजेंद्र अग्रवाल, अशोक तिवारी, गिरिजा राम, रिजवान खान, नफीस खान, विजय अग्रवाल, सोनू खान, शिवनाथ प्रसाद गुप्ता, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, अरविंद अग्रवाल, नसीम खान, जीशान खान, सच्चिदानंद मिश्रा, देवांग शुक्ला, रविंद्र कुमार, अनिल सिंह, नंदकिशोर मिश्रा, मनोज अग्रवाल, मनोज कुमार, सीटू पाठक, शेर खान, महेंद्र दुबे, खुर्शीद आलम, रविंद्र तिवारी, उमेश यादव, मनोज चंद्रवंशी, आरिज आलम, सौरभ पांडे, अभिषेक चौधरी आदि शामिल थे.

ब्रीफ खबरें

### वर्षा ऋतु में पौधे लगा कर पृथ्वी को बचाएं



**लोहरदगा ।** बजरंग दल ने भीषण गर्मी को देखते हुए जीव-जंतु की मृत्यु पर अफसोस जताते हुए पेड़ लगाने का आह्वान किया है ताकि पृथ्वी को बचाया जा सके. मौके पर नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार ने कहा कि जिस तरह गर्मी से बेहाल हो रहे हैं, मनुष्य के साथ-साथ पक्षी, छोटे-छोटे जानवर, केंचुआ इत्यादियों का पानी के कारण मृत्यु हो जाना यह बहुत गंभीर विषय है.

### पांकी विधायक जनता को विकास का हिसाब दें



**पांकी।** पांकी विधायक दलित और आदिवासी समाज को केवल धोती और साड़ी देकर ठगने का प्रयास कर रहे हैं. वे आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं करना चाहते हैं. इस समाज को उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पांकी विधानसभा के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने कहीं. वे सतबरवा के ग्राम एकता में ग्रामीणों से मिलने के बाद अपनी बात को रख रहे थे. श्री जायसवाल ने कहा की 5 सालों में विकास के कार्य शून्य रहा है और विधायक केवल अपनी पेट भरने में लग रहे कोटा का राशि का बंदर बांट कर अनाप-शनाप तरीके से पैसा निकासी किया जा रहा है, जिसकी जांच के लिए वे मांग उपायुक्त से करेंगे. इस अवसर पर श्याम बिहारी सिंह रविंद्र सिंह राजेंद्र सिंह मनोज कुमार अखिलेश कुमार अमरेश कुमार मेहता जगन भुईयां आदि उपस्थित थे.

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, हालत गंभीर

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के लोहरदगा तिवारी दुरा कोयरी मोहल्ला निवासी नरेश ठाकुर का पुत्र चंचल ठाकुर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया. इस बीच सेगरा टोली कॉलेज के समीप रास्ते में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके बाद कांग्रेस अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष आफताब आलम और स्थानीय लोगों के द्वारा उसे हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया, जानकारी के मुताबिक सदर अस्पताल में इलाज के दौरान चंचल ठाकुर की स्थिति गंभीर बनी हुई है,

ओडीएफ प्रमाणित गांवों में शोभा की वस्तु बनकर ग्रामीणों को चिढ़ाता है बेकार पड़ा शौचालय, न तो पानी की व्यवस्था न स्वास्थ्य की सुविधाएं

# लोहरदगा में विकास बना छलावा, प्रगति के दूर-दूर तक निशान नहीं

शुभम संदेश स्पेशल

संवाददाता ।लोहरदगा

जिले में नेताओं द्वारा विकास के जुमले छलावा साबित हो रहे हैं. खासकर सुदूर ग्रामीण इलाकों में न तो शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है और न ही स्वास्थ्य की सुविधाएं. लोग आज भी डांड़ी और चुओं के दूषित पानी पीने को मजबूर हैं. सरकार और प्रशासन रोजगार के साधन विकसित करने में नाकाम साबित हुए हैं. बात कर रहे हैं विकास की, तो बात करते हैं मॉडल भारत अंतर्गत झारखंड राज्य के लोहरदगा जिले में, जहां पर अल्युमिनियम की खदान से भरा हुआ क्षेत्र है, यहां पर प्रतिदिन हजारों टन बॉक्साइट माइनिंग हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा की जाती है, जो गरीबों के पुश्तैनी जमीन से निकाली जाने वाली सोना से भी कीमती है. फिर भी यहां के लोग आज भी गरीबी और तंगहाली जीवन व्यतीत कर रहे हैं. लोहरदगा की जनता सीधी-सादी है. इसका फायदा भी कंपनी वाले और नेताओं ने खूब उठाते हैं. अब बात करते हैं विकास की, तो यहां पर विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति होती है. लोहरदगा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं की तो आज भी सूदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों के लोग विकास शब्द से संतुष्ट हैं न कि उन्हें विकास योजनाओं से पूर्णतः जोड़ा गया है. यहां पर देखने वाली जमीनी हकीकत होगी कि लोहरदगा जिला 70 फीसदी पठारी क्षेत्र में अवस्थित है, जहां पर कुछ एक जगह विकास हुआ है, लेकिन बहुत से ऐसे इलाके हैं जहां पर निवास करने वाले मतदाताओं को वोट के बदले मुट्ठी भर आश्वासन के अलावा विकास उन्हें सपना के रूप में यहां के नेताओं ने तोहफा के तौर पर मायूसी थमा दिया है. यकीन नहीं है तो आइए लोहरदगा जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत देवदरिया, ग्राम पंचायत पाखर, ग्राम पंचायत तुईमू, ग्राम पंचायत हेसाग, ग्राम पंचायत सीरम, जहां पर इसकी जमीनी हकीकत आपको दिखता है. यहां के लोग आजादी के बाद से ही पूर्णतः विकास की आज भी राह तक रहे हैं, लोगों को आज भी उसी उखड़ खाबड़ पगडंडी रास्ते, झोपड़ीनुमा कच्चा मकान, नदी नालियों में बहता हुआ दूषित पानी, बिजली की लचर व्यवस्था, जिसे हमारे गांव देहात में अंधेरी नगरी चौपट राजा कहते हैं. यहां पर न तो आजादी के इतने सालों में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई है और ना ही बड़े अस्पताल का निर्माण कार्य कराया गया है, इससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि लोहरदगा की जनता को विकास के नाम पर किस तरह से ठगा गया है.



पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की विकास की पोल खोलता बेकार पड़ा शौचालय.

**नेताओं के प्रति जनता का विश्वास टूटने लगा है**

अब बताते हैं लोहरदगा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग की 'उपलब्धि' की. हद तो तब हो गई जब इसने तो कागज पर लोहरदगा जिला को स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण कार्य पूरा कराने और जिले को ओडीएफ घोषित कर फिल्म स्टार अक्षय कुमार के हाथों झूठा मुखौटा पहनकर सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर लिया है. लेकिन क्या इन्हें पता है कि आज भी लोग सुबह सवेरे अपने हाथों में लोटा लेकर खेतों और नदी नाला की ओर हल्का होते हुए दिखाई देते हैं. यहां पर लोहरदगा 72 विस क्षेत्र में कुल 2 लाख 77 हजार 732 मतदाता हैं। जिनमें महिला मतदाता की कुल जनसंख्या 1 लाख 39 हजार 443 है तो वहीं पुरूष मतदाताओं की कुल जनसंख्या 1 लाख 38 हजार 289 है जो यह सोचकर विधायक चुनकर विस भेजते हैं कि अगले पांच सालों तक हमारे क्षेत्र का विकास करेंगे. लेकिन विकास तो दूर मतदान के बाद जीते हुए जनप्रतिनिधियों का संवाद नहीं होने से विकास की आस और नेताओं के प्रति जनता का विश्वास टूटने लगा है.

झारखंड दफादार पंचायत लोहरदगा शाखा ने आयोजित किया महासम्मेलन

# चौकीदार के बिना सूचना तंत्र की अपेक्षा असंभव : डीडीसी

संवाददाता।लोहरदगा

झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा जिला लोहरदगा का जिला स्तरीय चतुर्थ एक दिवसीय जिला सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक कंपाउंड नगर भवन लोहरदगा में आयोजित किया गया. इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष समसुल अंसारी ने की और संचालन उपाध्यक्ष दुर्गा महली ने किया. इधर सम्मेलन का उद्घाटन सत्र दीप प्रज्वलित कर और महापुरुषों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुरू किया गया. इस सम्मेलन में बतौर उद्घाटनकर्ता झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के राज्य अध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह, मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त लोहरदगा दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि अंचल अधिकारी लोहरदगा आशुतोष, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लोहरदगा रत्नेश मोहन ठाकुर, प्रमुख कुड़ू प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी, मुखिया लक्ष्मी उरांव, चौकीदार पंचायत के प्रदेश कोषाध्यक्ष मिथिलेश यादव ने भाग लिया.

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उद्घाटन करता प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह ने कहा कि चौकीदार दफादार प्रशासनिक न्यू की पहली ईंट है. इसको कमजोर करके सुशासन लाना मुश्किल है. चौकीदारी व्यवस्था भारत की सबसे पुरानी प्रशासनिक व्यवस्था है श्री सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मांग की कि सेवा विमुक्त चौकीदारों और एवजी चौकीदारों की लंबित मांग तत्काल पूरा करें अन्यथा झारखंड के चौकीदार दफादार घटवार दिग्वार और सरदार आसन विधानसभा में राज्य सरकार का विरोध करने के लिए मजबूर हो जाएंगे. चौकीदार वफादार पंचायत के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर राजभवन रांची के समक्ष एक माह तक आंदोलन किया गया था और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए आश्वासन मिला था लेकिन अभी तक 7 माह बीत जाने के बाद भी उनकी मांगों को राज्य सरकार पूरा नहीं कर पाई.

मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि चौकीदार दफादार प्रशासन का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है और गांव के हर सूचना को प्रशासन तक पहचाने में चौकीदारों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है उनकी जो भी मांगे सरकार से है विधि समस्त कार्रवाई करते हुए सरकार को भेजी जाएगी. इस बीच सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ. आज इस सम्मेलन में चौकीदार दफादार को न्याय देने हेतु सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित करके उपायुक्त के माध्यम से झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से तत्काल कार्रवाई के लिए जो मांग की गई है. उसमें सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने के लिए सभी उपायुक्त को आदेश देना, सेवा विमुक्त और एवजी चौकीदारों के रिक्त पदों पर निकाली गयी विज्ञापन रद्द करना और विज्ञापन निकालने पर रोक लगाना.



झारखंड राज्य दफादार चौकीदार संघ के लोहरदगा जिला स्तरीय चतुर्थ एक दिनी सम्मेलन शामिल पदाधिकारी.

**समसुल अंसारी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया**

यहां पर जिला सम्मेलन में लोहरदगा जिला कमेटी का पुनर्गठन करते हुए सर्व सहमति से समसुल अंसारी को जिला अध्यक्ष, दुर्गा महली को जिला उपाध्यक्ष, मिथिलेश यादव को जिला सचिव, राजू कुमार राम को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है. सेन्हा अंचल के सेवानिवृत चौकीदार नेजावत अंसारी को राज्याध्यक्ष द्वारा प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदेश संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया है. इधर नवगठित जिला कमेटी के पदाधिकारियों को 21 सदस्यीय टीम का राज्य कार्यकारिणी कमेटी का गठित करने का आदेश दिया गया है और एक माह के अंदर में सभी अंचल कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया गया है. सम्मेलन में मुख्य रूप से तेतार खान, जलील अंसारी, अब्दुल खैर अंसारी अनिल उरांव पंकज महतो, इसराफिल अंसारी, हकीमुल अंसारी, महफूज अंसारी, मुशर्रफ अंसारी, अगरू मुंडा, फिरंगी मुंडा ,अनिल लोहार, सतीश उरांव, अनिल उरांव, प्रकाश कुजूर, प्रतिमा , शनिचरिया, शबनम खातून, जमीला खातुन, जैनब खातुन, सुमित्रा उरांव, काजल देवी, सुखेड़ा खातुन, मनिल भगत, आलमीन अंसारी, कालेश्वर महतो आदि मौजूद थे.

### चालक का अपहरण कर फिरौती मांगने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने एक पिकअप वाहन के चालक का अपहरण करने, उससे फिरौती मांगने व मारपीट करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गिरफ्तार युवकों में जुबली रोड, लातेहार के रौशन उपाध्याय पिता पारसनाथ उपाध्याय और दीपक सिंह व परितोष सिंह (बाइपास चौक) का नाम शामिल है. रौशन उपाध्याय चंदवा प्रखंड का नाजीर है. जबकि दीपक व परितोष आपस में चचेरे भाई हैं. इस घटना को ले कर चर्चा का बाजार गरम रहा.

**क्या है मामला :** पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि करीब एक बजे पिकअप वाहन (जेएच-01एफएफ- 5302) का चालक शफीक अंसारी गढ़वा से ईख अनलोड कर लातेहार होते हुए लोहरदगा जा रहा था. इसी दौरान जुबली चौक के समीप रोशन उपाध्याय के स्विफ्ट डिजायर कार से ओवरटेक करने के दौरान पिकअप वाहन सट गयी. इसके बाद कार में सवार तीनों लोग शहर के किनामाड़ के पास ओवरटेकर पिकअप वाहन को रुकवाया. उन्होने चालक शफीक अंसारी को जबरन अपहरण कर कार में बैठाया और मारपीट करते हुए सतबरवा की ओर ले गए. उसके पिकअप वाहन को होटवाग के समीप एक पेट्रोल पंप पर लगा दिया.

**चालक से 78 हजार रुपये लूट लिये :** आरोप है कि अपहरण के बाद उन युवकों ने चालक के पास से 78 हज़ार रुपये लूट लिये और और 25 हज़ार ऑनलाइन ट्रांसफर भी करवाया गया. इसके बाद तीनों ने पिकअप वाहन चालक के परिजनों से 10 से 12 लाख रुपए की फिरौती की भी मांग की. इसके बाद चालक के परिजनों ने लातेहार पुलिस को मामले की जानकारी दी.

न्यूज अपडेट

### सद्भावना मंच ने कराटे प्रशिक्षण का किया आयोजन



आत्मरक्षा के गुण सिखते बच्चे.

**कुड़ू/लोहरदगा।** जिले के कुड़ू प्रखंड प्रशासन द्वारा युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में कुड़ू प्रखंड परिसर में कराटे प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. इसमें कराटे कोच अमित कुमार सिंह ने बच्चों को कराटे की तकनीक से अवगत कराया गया. खासकर बच्चियों को आत्मरक्षा के कई गुण सिखाए. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव ने कहा कि खेल और ध्यान से बच्चे अनुशासन सीखते हैं और अनुशासन में रहकर ही व्यक्ति अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है. अनुशासन जीवन की तरक्की का मूल मंत्र है. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव, युवा सद्भावना मंच सदस्य सलीम अमीर मद्रासी, आशीष कुमार, विजयमल ठाकुर सतीश, दावर रसीद आदि मौजूद थे.

### नशामुक्त अभियान चलाकर किया गया जागरूक



नशामुक्ति विशेष जागरूकता अभियान.

**भंडरा/लोहरदगा ।** जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र में नशामुक्ति जागरूकता अभियान पुलिस प्रशासन से लेकर शिक्षक छात्र छात्राएं व समाजसेवी अपने-अपने क्षेत्र व पंचायतों में लोगों को नशे से दूर होने को लेकर प्रेरित कर रहे हैं. इसी बीच रविवार को भंडरा पुलिस द्वारा नशामुक्ति विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया. मौके पर भंडरा थाना के एएसआई राजीव कुमार सहित थाना के कई स्टाफ मौजूद थे. इस अवसर पर सेहत के साथ-साथ समाज में नशा से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से लोगों को बताया गया. एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि नशा करने वाले व्यक्ति के साथ इसका दुष्प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है.

### शिविर आयोजित कर बिजली बिल की गयी वसूली



बिजली बिल जमा करने पहुंचे उपभोक्ता.

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना के बगल पर स्थित पंचायत सचिवालय ग्राम पंचायत परहेपाट के प्रांगण में बिजली विभाग की ओर से मासिक शिविर आयोजित कर सरकार को राजस्व की प्राप्ति मिले इसे लेकर लाभुकों से बिजली बिल जमा कराया गया. इस बीच दर्जनों लाभुकों के द्वारा शिविर में भाग लेकर अपना बकाया बिजली बिल जमा किया. इधर बिजली कर्मियों के मुताबिक शिविर में लगभग एक लाख रुपये बिजली बिल राजस्व की प्राप्ति हुए. मौके पर बिजली कर्मी शाहनवाज हुसैन, बेलाल अंसारी, सुनील आदि मौजूद थे.

## बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षक का कर्तव्य : नीलम आइलीन टोप्पो



प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अभिलाषा.

संवाददाता।लोहरदगा

पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अभिलाषा कक्ष में आयोजित किया गया. प्रशिक्षण के दौरान ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 20020, स्कूल लीडरशीप, मेन्टल हेल्थ, पीएमश्री स्कूल का एक्शन प्लान, नवाचार, आत्मरक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रोजेक्ट इम्पेक्ट इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गयी. समापन समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो ने विचार व्यक्त करते हुए जानकारी दी की पीएमश्री स्कूल के रूप में नामित होना हीं उपलब्धि है. सभी विद्यालय का प्रदर्शन बेहतर है. अब सभी विद्यालयों का दायित्व और भी ज्यादा हो गया है. बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करना होगा. इस अवसर पर एपीओ अशोक कुमार पांडेय, फील्ड मैनेजर आकाश कुमार, प्रशिक्षक अरुण राम, महबूब आलम, अमृता सिन्हा, श्यामबिहारी महतो, रविशंकर कुमार इत्यादि ने विचार व्यक्त किये.

## डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाए

खास बातें

- डॉ. श्यामा प्रसाद के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता है
- मोदी के नेतृत्व में डॉ. श्यामा मुखर्जी के सपने साकार हुए



लोहरदगा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करते भाजपाई.

संवाददाता।लोहरदगा

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया. बलिदान दिवस कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण कर शुरुआत की गई. कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद्, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे. भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता है. वे सम्पूर्ण भारत को एक मानते थे.

डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं. इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे. हम सब एक ही रक्त के हैं. एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है. श्रीचंद प्रजापति ने कहा कि भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए उन्होंने जो अभियान शुरू किया, इसके लिए उन्हें अपने प्राणों को त्यागना पड़ा. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके साकार हो गए. वर्तमान काश्मीर की विकास देख पड़ोसी देश और विश्व अचंभित हैं. वहीं धारा 370 लोगों का पलायन और पत्थरबाजी, आतंकवादियों का तांडव थे जो लगभग समाप्त हैं. एक बार डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि वह दिन दूर नहीं जब अहिंसावादी नीति के फलस्वरूप समूचा बंगाल पाकिस्तान का अधिकार क्षेत्र बन जाएगा. उन्होंने की तुष्टिकरण की नीति का सदैव खुलकर विरोध किये थे. यही कारण था कि उनको संकुचित सांप्रदायिक विचार का द्योतक समझा जाने लगा. परंतु आज उन्हीं के संघर्षों ने नए विचारों को जन्म दिया और पूरे देश में एक विधान, एक प्रधान, एक निशान स्थापित हो गया. वहीं बंगाल को देखकर जो उनके मन में डर लगा था आज हम सभी प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं. भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ही देश हित में हाथ बढ़ाते हुए सभी समस्याओं को धीरे-धीरे खत्म कर रही है बहुत जल ऐसी समस्याओं को भी निपटारा किया जाएगा. कार्यक्रम के बाद भाजपा कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई.

## देव स्नान पूर्णिमा पर भंडरा के जगन्नाथ मंदिर में अनुष्ठान

भंडरा ठाकुरबाड़ी

संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा



जिले के भंडरा में रथ यात्रा से पूर्व देव स्नान पूर्णिमा पर भंडरा ठाकुरबाड़ी स्थित जगन्नाथ मंदिर में महत्वपूर्ण अनुष्ठान किया गया. इस दौरान मंदिर में विधि विधान से भगवान जगन्नाथ देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना की गई. यहां पर भगवान जगन्नाथ भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा को सहस्त्रधान स्नान कराया गया. मान्यता है की पूर्णिमा स्नान में ज्यादा नहाने के कारण भगवान बीमार हो जाते हैं, इसलिए उनका उपचार किया जाता है. इस दौरान उन्हें कई औषधियां दी जाती है इसके बाद पूरे 14 दिन तक भगवान का दर्शन बंद रहता है. इस संबंध में जगन्नाथ मंदिर के पुजारी ने बताया कि भगवान जगन्नाथ के स्नान यात्रा पूजा की परंपरा लगभग 100 वर्षों पुरानी है इस पूजा को रीति-रिवाज के साथ किया जाता है. वहीं राधा मोहन शर्मा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ सुभद्रा और बलभद्र को बाहर निकला गया स्नान करने के बाद वह रात्रि 8:30 बजे मंदिर में चले जाएंगे. इसके बाद परंपरा के मुताबिक 14 दिनों तक मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे. 15 दिन बाद यानी 7 जुलाई को फिर भगवान दर्शन देंगे.

रखी बात | क्षणभंगुर आंदोलन से सकारात्मक नतीजा की उम्मीद नहीं

# हिंडाल्को के विरुद्ध सशक्त आंदोलन की जरूरत : रितेश

संवाददाता।लोहरदगा



चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार.

चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हिंडाल्को के विरुद्ध सशक्त आंदोलन की जरूरत, क्षणभंगुर आंदोलन से सकारात्मक नतीजा की उम्मीद नहीं है. उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों से बाजार में यह बात बहुत ही तेज़ी से फैली है कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज प्रबंधन खनिज उत्खनन व ट्रकों के संचालन में मनमानी रवैया अपनाये हुए है. परन्तु यह भी सच है कि लोहरदगा जिला में जो भी जनप्रतिनिधि हैं, वे किसी ना किसी रूप में अपनी स्वार्थों की पूर्ति में लगे रहते हैं, अन्यथा जिस कम्पनी द्वारा लोहरदगा ज़िला में आज़ादी के पहले से खनिजों का दोहन कर अरबों-खरबों रुपये का कमाई करने के बावजूद जिला के विकास तथा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में खानापूर्ति मात्र करते आ रही हो, फिर भी किसी भी संगठन या राजनीतिक पार्टी द्वारा हिंडाल्को के विरुद्ध गम्भीरतापूर्वक ना ही आवाज़ उठाया गया है और ना हीं कोई गम्भीर आंदोलन किया गया. वैसे में अचानक अब कोई करिश्मा की उम्मीद नहीं की जा सकती है. स्थानीय को रोजगार देने की बात तो दूर की कौड़ी है.

आज हमारे बीच हमारे अभिवावक सह इंटक महासचिव पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू जी की अगुवाई में हिंडाल्को के मनमानी रवैये के विरुद्ध कल से प्रारम्भ हुई. आंदोलन में जो जोश व जुनून दिखा वह बहुत ही प्रशंसनीय एवं स्वागत योग्य भी है. किसी भी कम्पनी के द्वारा यदि किसी क्षेत्र से कमाई की जाती है तो उसका फ़र्ज़ होता है कि वह स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दे तथा रोजगार की सृजन करे वही साथ ही साथ क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित करे.परंतु स्थापना समय से ही हिंडाल्को इंडस्ट्रीज प्रबन्धन द्वारा स्थानीय लोगों के साथ क्षल करते आयी है. ना रोज़गार का सृजन किया और ना ही क्षेत्र के विकास किसी भी प्रकार का मिशाल कायम कर सकी. ना एक अच्छा हॉस्पिटल दे पायी है और ना ही बेहतर शिक्षण संस्थान, ढांचागत विकास की बात करना तो पानी में लाठी पीटने के समान है. उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण व्यापारीवर्ग तथा लोहरदगा के नागरिकों की ओर से हम अपने अभिवावक सह इंटक महासचिव पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को आश्वस्त करते हैं कि उनके द्वारा हिंडाल्को के विरुद्ध चलाये गए आंदोलन का पूर्ण समर्थन देंगे परन्तु आंदोलन तब तक जारी रहना चाहिए, जब तक ज़िला के विकास में हिंडाल्को की सहभागिता सुनिश्चित ना हो व स्थानीय लोगों के रोजगार सृजन के लिए हिंडाल्को प्रबंधन मजबूर ना हो जाये. वरना विगत 70 वर्षों से गजबहिरा बनी हिंडाल्को प्रबंधन फिर से कुम्भकर्णी नींद में सो जायेगी और हम सभी बीन बजाते रह जायेंगे.

# एक ही परिवार हुए दो धड़े में विभक्त

- आजसू पार्टी का स्थापना दिवस बना राजनीतिक अखाड़ा

संवाददाता।लोहरदगा

लोहरदगा में आजसू पार्टी की स्थापना दिवस दो जगह पर एक ही परिवार के दो सदस्यों ने अलग-अलग मनाकर लोहरदगा के आजसू के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को दिगभ्रमित करने का काम किया है.

आजसू पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी पार्टी के कुछ पदाधिकारी गुटबाजी को हवा दे रहे हैं. ऐसे में पार्टी किसी तीसरे पर विचार करेगी ताकि संगठन को मजबूत किया जा सके और गुटबाजी को समाप्त किया जा सके. ज्ञातव्य है कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत पूर्व विधायक लोहरदगा के आकस्मिक निधन से लोहरदगा जिला मे आजसू पार्टी धरातल पर आ गयी है और एक ही परिवार के सदस्यों के अलग अलग कार्यक्रम करने से कार्यकर्ताओं शुभचिंतकों को असमंजस में डाल दिया है. एक तरफ आजसू पार्टी स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत तो, वहीं दूसरी तरफ आजसू पार्टी का स्थापना दिवस स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई समाजसेवी सह कार्यकर्ता अनिल टाना भगत द्वारा मनाया गया. इससे आने वाला विधानसभा चुनाव में दिलचस्प राजनीतिक घटनाक्रम का नजारा देखने को मिलेगा. लेकिन पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के शुभचिंतक को काफी असहज लग रहा है और चिंतित है. वहीं ऊपर के नेतृत्व दोनों परिवार को एकजुट करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है, जबकि आजसू के स्थापना के फाउंडर अध्यक्ष लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत थे, लेकिन राजनीतिक आपसी दूरियां इतनी बढ़ जाएंगी कि एकजुटता का कदम सार्थक हो पायेगा की नहीं, ये आने वाला भविष्य बताएगा.

नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में हजारीबाग में जांच का दायरा बढ़ा, फोटोग्राफ्स व रिकॉर्डिंग साथ ले गई टीम

# पटना से आई आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने कूरियर दफ्तर को खंगाला

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग में नीट प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच का दायरा बढ़ता नजर आ रहा है. पटना से आई आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने कोर्रा थाना क्षेत्र के नूतन नगर स्थित ब्लू डार्ट कोरियर सर्विस के कार्यालय को खंगाला. बताया जाता है कि जांच टीम यहां से कई फोटोग्राफ्स और रिकॉर्डिंग अपने साथ ले गई है. इसके अलावा कोरियर सर्विस में काम करने वाले कई कर्मचारियों से पूछताछ भी की है. प्राप्त सूचना के अनुसार रांची के कोरियर ऑफिस से भी कर्मचारी यहां पहुंचे हुए थे. बताया जाता है कि प्रश्न पत्र रांची बैंक के लॉकर से निकलने के बाद ब्लू डार्ट कंपनी कोरियर सर्विस के जरिए हजारीबाग लाया गया था.

इस एजेंसी ने बैंक में प्रश्न पत्र जमा किया. बैंक के बाद प्रश्न पत्र कड़ी सुरक्षा के बीच विभिन्न सेंटर तक पहुंच गए हैं .ऐसे में यह एजेंसी जांच के दायरे में आ गया है. बता दें कि इस मामले में विगत दिनों



फाइल फोटो

लोहसिंघना थाना क्षेत्र के ओएसिस स्कूल से भी जांच की गई थी, जहां स्कूल के कर्मचारियों के बयान दर्ज किये गये थे. इस पूरे मामले पर हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह ने बताया कि उन्होंने आर्थिक अपराध इकाई की टीम को जांच में भरपूर सहायता की है. संबंधित थाने को जांच में मदद के लिए आदेश दिया गया था. जांच एजेंसी किन बिंदुओं पर जांच कर रही है इसकी जानकारी नहीं दी गई है. आगे भी जांच एजेंसी हजारीबाग आएगी और मदद लेगी तो उन्हें मदद की जाएगी. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि अब तक हजारीबाग से किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है. कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने क्वेश्चन पेपर लीक मामले की निंदा की है. उन्होंने कहा है कि छात्रों के हित से खिलवाड़ किया जा रहा है. कई गरीब छात्र भी परीक्षा की तैयारी करते हैं. ऐसे में उनके मनोभाव पर भी इसका बुरा असर पड़ा है. छात्र का जीवन संघर्षशील होता है. अगर प्रश्न पत्र लीक होगा तो आप समझ सकते हैं कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है. हजारीबाग के भाजपा नेता बटेश्वर मेहता बताते हैं कि प्रश्न पत्र लिक के बाद छात्रों का मनोबल टूटा है. केंद्र सरकार से उन्होंने कड़ाई से जांच और कार्रवाई की मांग की है.

## हजारीबाग को भू-माफिया, ब्राउन शुगर और देह व्यापार से मुक्ति दिलाने की मांग


सदर विधानसभा चुनाव में उपविजेता रहे आरसी मेहता व अन्य.

संवाददाता। हजारीबाग

- सदर विधानसभा चुनाव में उपविजेता रहे आरसी मेहता ने मुख्यमंत्री से किया आग्रह

हजारीबाग सदर विधानसभा चुनाव में उपविजेता रहे आरसी मेहता ने झारखंड सरकार से जिले को भू-माफिया, ब्राउन शुगर और देह व्यापार से मुक्ति दिलाने की मांग की है. उन्होंने कहा है कि कभी एकीकृत बिहार के कश्मीर माने जाने वाले हजारीबाग की छवि खराब हो रही है. जिले के नौजवान ब्राउन शुगर इत्यादि का शिकार हो रहे हैं. युवा इस खतरे से अनभिग्य है कि जो व्यक्ति तीन वर्ष तक इस नशे का सेवन करेगा उसका लिवर, हार्ट और फेफड़ा प्रभावित हो जाता है, जिस कारण उसकी मृत्यु हो जाती है. उन्होंने कहा कि जिले में कोरोना के बाद गिट्टी, पत्थर, बालू के अभाव में बेरोजगारी, गरीबी बढ़ने के कारण युवा ब्राउन शुगर का व्यापार करने लगे हैं. जो महिलाएं मजदूरी करती थीं वे आज देह व्यापार करने को मजबूर हैं. जिले में देह व्यापार और ब्राउन शुगर का धंधा जोरों पर चल रहा है. जिला प्रशासन चाहे तो नित्यदिन ब्राउन शुगर माफिया को पकड़ सकता है, लेकिन वह मूकदर्शक बना हुआ है. बालू के लिए हजारीबाग जिले में त्राहि त्राहि मची हुई है. सरकार भी कुछ नहीं कर रही है. समाजसेवियों की मांग पर पूर्व एसपी कार्तिक एस एवं उपयुक्त विक्रम आनंद ने द्वारा समय-समय अभियान चलाया जाता था, माफियाओं पर शिकंजा कसा जाता था, जो आज नदारत है. नगरपालिका, सदर अस्पताल में परिवहन चुंगी वसूली जा रही. कई सरकारी ऑफिसों पर माफिया काबिज हैं. जिले में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन चुका है. भूमाफिया भूमि हड़प रहे हैं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मांग करता हूं कि हजारीबाग को भू माफिया, ब्राउन शुगर और देह व्यापार से मुक्ति दिलाएं एवं माफियाओं को कड़ी सजा दिलाएं.

### ब्रीफ खबरें

#### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**हजारीबाग।** पेलावल ओपी के अंतर्गत ग्राम पेलावल दक्षिणी के ठाकुर मोहल्ले में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक की पहचान पेलावल ठाकुर मोहल्ला निवासी प्रदीप ठाकुर (42) के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि युवक डिप्रेशन में था और वह अपने घर में ही फांसी का फंदा बनाकर पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी है. वहीं घटना का सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

#### मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया

**चरही (हजारीबाग)।** चुरचू प्रखंड के चरही स्थित जगदम्बा कॉम्प्लेक्स में रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया. मौके पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गए मार्गों पर चलने की जरूरत है. इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, विहिप जिला मंत्री सतीश कुमार साहू, महामंत्री शशि कुमार, रोहित महतो, सतेंद्र सिंह, दिनेश महतो, गौतम सिंह रामकुमार वर्मा, पीके सिंह, विक्की सिंह, जयंत यादव, रमेश पंडित, सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

#### दुष्कर्म के आरोपी के घर चिपकाया इश्तिहार

**विष्णुगढ़।** थाना अंतर्गत भेलवरा के बेलाटांड़ का रहनेवाला राकेश मल्हार उर्फ राकेश कुमार के घर पर विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने शनिवार को इश्तेहार चिपकाया. उसपर नाबालिग से बलात्कार का आरोप है. उसके विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत विष्णुगढ़ थाना में अंकित कांड संख्या 31/3024 के तहत मुकदमा दर्ज है. आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहा है. फरारी की वजह से माननीय न्यायालय द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया था. कांड के अनुसंधान अधिकारी कृष्ण यादव ने मुनादी कराते हुए अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया.

#### सद्भावना मंच चौपारण महिला मोर्चा का विस्तार

**चौपराण।** प्रखंड की करमा पंचायत के ग्राम वृंदावन में सद्भावना विकास मंच का विस्तार किया गया. इसमें दर्जनों महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण की. उअध्यक्ष राज सिंह चौहान ने देते हुए कहा कि महिलाओं का उत्थान कर बराबरी पर लाना ही पहली प्राथमिकता है. सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं ने कहा कि सद्भावना मंच ने कोरोनाकाल में जो काम किया वो इंसानियत का जीता जागता उदाहरण है. इसमें सेवा की भावना बहुत है, जिसका उदाहरण कोरोनाकाल में मजबूर व असहायों को आर्थिक मदद और भोजन करवा कर किया था.

कोचिंग संचालक दंपती राहुल व पूजा मर्डर केस का पुलिस ने किया खुलासा

# पिता को नागवार गुजरा पुत्र का प्रेम विवाह करना, दे दी हत्या की सुपारी

- छोटे भाई समेत छह आरोपी गिरफ्तार
- **15 जून को घर में ही कर दी गई थी हत्या, अंतिम संस्कार के लिए पिता ने तीन दिन पूर्व हीं खरीद ली थी लकड़ियां**
- टायर और डीजल की मदद से रात 12 बजे जलाये गये दोनों शव, पिता ने अपने पुत्र राहुल को दी मुखाग्नि
- **राहुल पर था पत्नी को रास्ते से हटा देने का दबाव, नहीं मानने पर छह लाख रु दी दोनों की हत्या की सुपारी**
- पुलिस को जांच से भटकाने के लिए तिलैया डैम क्षेत्र जाकर फेंक दिया गया था मोबाइल फोन, हो रहा था रिंग
- **रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना में खून से सना तौलिया बरामद, शवों को जलाने में प्रयुक्त की गई कार भी जब्त**

संवाददाता। हजारीबाग

कोचिंग संचालक दंपति राहुल और पूजा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. घटना का मास्टरमाइंड राहुल का पिता ईश्वर मेहता था और उसका भाई बब्लू कुमार मेहता इसका सूत्रधार बना. दंपत्ति 15 जून को लापता नहीं हुए थे, बल्कि रात आठ से नौ बजे के बीच उसकी घर में ही हत्या कर दी गई थी. इस दौरान पिता ईश्वर नीचे गली में पहरा दे रहा था और ऊपर के कमरे में भाड़े के चार अपराधियों के साथ छोटा भाई अपने ही सगा भाई और उसकी पत्नी की निर्दयता से हत्या कर रहा था. यह जानकारी एसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान ने दी. बताया कि यह घटना मानवता को शर्मसार कर देने वाली है और यह चिंता का विषय है कि हमारा समाज कहां जा रहा है. एसपी ने बताया कि छह लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी गई थी और दो लाख रुपये एडवांस के तौर पर दिया गया था. हत्या को पांच लोगों ने अंजाम दिया था. इनमें राहुल का छोटा भाई के अलावा कटकमदाग के बॉबी कुमार, इचाक के आशीष पांडेय, परासी इचाक के विक्की कुमार तथा पचम्बा, गिरिडीह के सोनु कुमार सिन्हा शामिल हैं. एसपी ने बताया कि इस संबंध में इचाक थाने में पूजा के पिता द्वारा हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी गई है. पुलिस बरामद अस्थियों को एफएसएल व डीएनए जांच कराएगी. गिरफ्तार आरोपितों में आशीष कुमार पांडेय का पैर भागने के क्रम में टूट गया था. पुलिस अभिरक्षा में गिरफ्तारी के बाद उसका इलाज कराया गया है. देर संध्या सभी छह आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.


हत्याकांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार.

#### रात 12 बजे जलाये गये शव, पुत्र को पिता ने दी मुखाग्नि

अपने ही पुत्र और पुत्रवधू की सुपारी देकर हत्या कराने वाले ईश्वर मेहता हत्या के समय भी घर के नीचे रेकी कर रहा था. जब उसे इस बात की जानकारी मिली कि दोनों को मौत की नींद सुला दिया गया है, वह निश्चिंत होकर घर चला गया. रात करीब 12 बजे जब परासी श्मशान घाट पर दोनों के शव पहुंचा दिये गये तो ईश्वर साव परासी पहुंचे और दाह संस्कार धर्म का निर्वहन करते हुए बेटे को मुखाग्नि दी. इचाक के बरकाकला पंचायत के हसेल गांव से पिता ने स्वयं तीन दिन पूर्व लकड़ी खरीदी थी और उसे एक निश्चित स्थान पर जाकर रख दिया था. डीजल और टायर का प्रयोग कर पूरी तरह जलाकर साक्ष्य को नष्ट करने की पूरी कोशिश की गई थी.

#### पढ़ाई के दौरान साथ हो गई थी पूजा, लॉकडाउन में पहुंचा था राहुल घर

एसपी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ निवासी पूजा से दोस्ती राहुल को दिल्ली में आईएएस की तैयारी के दौरान हुई थी. वहीं से दोनों एक साथ हो गए थे और कोर्ट मैरेज करने के बाद लॉकडाउन में इचाक आ गया था. पिता को यह बात नागवार लगी. बताया कि अगर राहुल उसकी मर्जी से शादी करता तो उसे 20 -25 लाख रुपये मिलते, उसकी पढ़ाई लिखाई में लाखों रुपये खर्च किए थे. उसने उसकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया. इसके बाद से पूरा परिवार राहुल से नाराज चल रहा था.

#### राहुल पर था रास्ते से हटाने का दबाव, छठ पूजा में भी दंपती से की थी मारपीट

राहुल के पिता को सबसे ज्यादा नफरत पूजा से थी. सबसे ज्यादा टार्चर भी पूजा को ही किया जाता था. यहीं कारण था कि राहुल पूजा के साथ अपने छोटे चाचा के हिस्से में पड़ने वाले भवन में रह रहा था. एसपी ने बताया कि 17 नवंबर को छठ पूजा के दौरान भी राहुल तथा उसकी पत्नी के साथ गंभीर रूप से मारपीट की गई थी. इस बाबत राहुल ने अपने पिता, भाई और अन्य के खिलाफ इचाक थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी. प्राथमिकी के बाद से राहुल पर पत्नी को रास्ते से हटा देने का दबाव बनाया जा रहा था, लेकिन राहुल ने कभी भी पिता और भाई की बात नहीं मानी.

#### पूजा का गला सोनू ने व राहुल का गला बब्लू ने रेता था

एसपी ने बताया कि हत्या को अंजाम देने के लिए पांचों आरोपी एक साथ राहुल के घर में घुसे थे. दरवाजा खोलने पहुंची पूजा को वहीं पकड़ कर सीढ़ी पर गिरिडीह के पंचम्बा निवासी राहुल सिन्हा उर्फ वर्मा ने गला रेत दिया. आशीष पांडेय इस दौरान पूजा का हाथ पकड़े हुए था. वहीं जब आवाज सुनकर राहुल बचाने आया तो उसे बाबी एवं विक्की ने पकड़ लिया और पटक दिया. इसके बाद छोटे भाई बब्लू ने उसकी गला रेत कर निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी.

## राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का राज्य स्तरीय सम्मेलन 7 जुलाई को


मजदूर कांग्रेस का राज्य स्तरीय सम्मेलन के बारे में जानकारी देते पदाधिकारी.

संवाददाता। हजारीबाग

- संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजकेश्वर पांडेय सहित तमाम बड़े नेता करेंगे शिरकत

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव रेड्डी के आदेश अनुसार राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे समेत तमाम बड़ा नेता शिरकत करेंगे. हजारीबाग झारखंड राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला और प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्रशेखर मिश्र ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर बताया कि 7 जुलाई को टाउन हॉल में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ संजय सिंह प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत पूरे राज्य भर के प्रतिनिधि भाग लेंगे. हजारीबाग समेत तमाम जगहों के मजदूर रैयत विस्थापितों के हक अधिकार की चर्चा करेंगे, जबकि हजारीबाग, बड़कागांव केरेडारी के रैयत विस्थापित से मुलाकात करेंगे. कोयला उत्खनन कंपनियों द्वारा किए जा रहे माइनिंग लॉ व लेबर लॉ उल्लंघन का जायजा लेंगे. ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों द्वारा किए जा रहे प्रदूषण, सड़क सुरक्षा की अनदेखी, वाहन चालकों के साथ हो रहे अन्याय की समीक्षा करेंगे. राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस झारखंड प्रदेश के द्वारा नए सिरे से पूरे राज्य में राज्य स्तर पर मजदूर रैयत, विस्थापित, ठेका मजदूर, दैनिक भोगी मजदूर, कोयला मजदूर, सरकारी गैर सरकारी कर्मचारी की अद्यतन स्थिति को देखते हुए संगठन पूरे तेजी से जन आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा और इंटक से जोड़ने का अभियान चलाएगा.

## ग्राम स्वराज यात्रा पहुंची पोटमदगा

संवाददाता। रामगढ़

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा ने शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में पांचवें दिन दुलमी प्रखंड के पोटमदगा पंचायत के बोंगई, गांधोनिया, लंबकी टांड तथा कुल्ही पंचायत के पुतरीडीह कारो बमनी, उरबा माथा गोड़ा बयांग में जनसंपर्क किया. राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायती राज को सशक्त बनाने और सत्ता के विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से यात्रा 21 दिनों के लिए रामगढ़ विधानसभा में यह यात्रा निकाली गई है.

यात्रा गांव गांव जाकर लोगों को पंचायती राज के अधिकार और लाभ के बारे में बता रही है और सजग कर रही है. यह यात्रा 19 तारीख से सुभाष चौक रामगढ़ से शुरू होकर दोहा कातू पंचायत होते हुए रात्रि विश्राम सोस पंचायत भवन पर किया और रविवार को यात्रा सुबह से रामगढ़ विधानसभा की दुलमी पंचायत के दौरे पर निकल गई. यात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के महासचिव बलजीत सिंह बेदी, रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, प्रकाश करमाली, आरिफ, धीरेंद्र, जय कुमार अग्रवाल, गगन विश्वकर्मा, लिलेश्वर महतो, सपूत महतो, प्रेम प्रकाश गुप्ता, बिनोद महतो, सुनील महतो, विवेक प्रजापति, यूसुफ, अलीम, मुजाहिद, रामगढ़ ग्रामीण के दिगंबर गुप्ता, डुलमी प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली, संदीप सिंह, मदन नायक, कपूर करमाली, निर्मल बेदिया, राम प्रसाद महतो, नीतीश करमाली, गुलाम अली, संतोष करमाली, गुलजार अंसारी, मुमताज अंसारी, प्रेम रंजन सिंह, कुंजलाल विश्वकर्मा, रोहित नायक, असरफ अंसारी, मो हुसैन, प्रदीप भोक्ता, धनेश्वर भोक्ता, अशोक गंजू, जब्बार अंसारी, तीलचंद करमाली, नागेंद्र माली, मोहम्मद खुर्शीद, बालेसर भोक्ता, विजय गुप्ता, मोहम्मद शरीफ, गुलाम रसूल, सुनील भोक्ता, मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भैरव ठाकुर आदि मौजूद थे.


ग्राम स्वराज यात्रा का पोटमदगा व कुल्ही पंचायत में स्वागत किया गया.

ताइक्वांडो, बास्केटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल सहित कई खेलों का हो रहा आयोजन

## हजारीबाग ओलंपिक संघ ने किया खेलों का शुभारंभ

संवाददाता। हजारीबाग

जहां एक ओर हर कोई खेल के प्रति समर्पित नजर आ रहा है, वहीं दूसरी और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन हजारीबाग की पावन धरती पर आयोजित किया जा रहा है. इसी बीच ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर हजारीबाग ओलंपिक संघ द्वारा तीन दिवसीय विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारंभ रविवार को विधिवत रूप से किया गया. विभिन्न खेलों में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबाल, एथलेटिक एवं हैंडबॉल शामिल हैं. डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बास्केटबॉल एवं कंचन ग्राउंड में फुटबॉल मैच का उद्घाटन युवासमाज सेवी सह हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा द्वारा किया गया.


फुटबॉल मैच में राइजिंग स्टार ने एकता फुटबॉल क्लब को 1-0 से हराया.

जिले के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न खेल आयोजन किए जा रहे हैं, जो 25 तारीख तक निरंतर रूप से चलेंगे. फुटबॉल प्रतयोगिता में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं. पहले मैच में राइजिंग स्टार ने एकता फुटबॉल क्लब को 1-0 से हराया. इस मौके पर हजारीबाग ओलंपिक संघ के संगठन सचिव अनवर अहमद, सीएस दास, अजीत दास, मन्नान, रविंद्र कुमार, प्रह्लाद सिंह, स्वीमिंग एसोसिएशन, हजारीबाग एथलेटिक संघ फुटबॉल के सचिव मुरारी, कार्यकारी अध्यक्ष नजरुल हसन, बहादुर राम, सरफराज अहमद, धनेश्वर गोप, परमेश्वर, उमेश कुमार, राजेंद्र कुमार, सफी उल्लाह खान, गुड्डू, दिलीप राम, खेल प्रशिक्षक सुशीला कुमारी, प्रहलाद सिंह, रविंद्र कुमार इत्याद मौजूद रहे.

#### खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहा जिला ओलंपिक संघ

मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला ओलंपिक संघ लगातार कार्य कर रहा है. हम हजारीबाग में खेल को विस्तारित करने व खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध हैं. युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना देश सेवा करने के बराबर है. युवाओं ने खेलों के जरिए पूरे विश्व में अपना नाम रोशन किया है. खेलों से युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने में बहुत बड़ा योगदान होता है. कहा कि हजारीबाग से खिलाड़ी राज्य तथा राष्ट्रीय में हजारीबाग का नाम अवश्य रोशन करेंगे.

**अच्छी पहल** अंजुमन फरोग -ए- उर्दू ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# 150 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता। रामगढ़

अंजुमन फरोग ए उर्दू रामगढ़ जिला इकाई के तत्वावधान में रविवार को गर्ल्स उर्दू हाई स्कूल चितरपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन रामगढ़ महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ शारदा प्रसाद ने किया. वहीं समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी हाजी रईस खान व विशिष्ट अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ एस जेड हक, अंजुमन फरोग ए उर्दू के अध्यक्ष मो इकबाल मौजूद थे. मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि उर्दू कोई ऐसी वैसी भाषा नहीं है, बल्कि हिंदुस्तान में जन्मी पली बढ़ी विकसित भाषा है. इसमें मिठास है, तहजीब है और आदाब है. आज भी हिंदुस्तान की अवाम उर्दू ही बोलते हैं और जो उर्दू नहीं बोलते हैं वह भी हिंदी के साथ उर्दू के असंख्य शब्दों का इस्तेमाल करते हैं. उन्होंने आगे कहा कि आप सभी बच्चे उर्दू भाषा को आगे बढ़ाते हुए अपने भविष्य को भी उज्ज्वल बना सकते हैं. इसके लिए एकाग्रचित्त होकर मेहनत करे, सफलता जरूर मिलेगी. वहीं मुख्य वक्ता विनोबा भावे विश्वविद्यालय उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस जेड हक ने कहा कि उर्दू विश्व की दूसरी बड़ी जुबान है. उर्दू भारतीय उप महाद्वीप के अलावा दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी बोली जाती है. यह किसी धर्म विशेष की भाषा नहीं है, बल्कि अवाम की जुबान है. यह धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देती है, मुहब्बत का पैगाम देती है. इसे धर्म विशेष से जोड़कर देखना गलत है. प्रेमचंद से लेकर पंडित रघुपति सहाय और आज के गोपीचंद नारंग इसके मिसाल हैं. तत्पश्चात उर्दू विषय में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. समारोह की अध्यक्षता चास कॉलेज उर्दू विभाग के पूर्व प्राध्यापक डॉ. मो अब्दुल्ला ने की, जबकि संचालन आयोजन समिति के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने किया. स्वागत भाषण मो. रफिकुल्लाह व धन्यवाद ज्ञापन अंजुमन फरोग ए उर्दू के प्रोग्राम समन्वयक मोअज्जम अली सिद्दीकी ने किया. मौके पर डॉ शगुफता बानो, रजीदा खानम, अरशद जमाल, मास्टर मुनव्वर हुसैन, सरफराज अहमद कादरी, मेराजुद्दीन, दिलवर अहमद, मो अफजल खान, मो जलील अहमद, प्रो. कुर्रतुल ऐन, इब्राहिम अहमद, आमिर हुसैन, नजीर अहमद, हाजी रईस खान, नसीम अख्तर, मो सताऊल्लाह अंसारी, सोहेल अंसारी, तौसीफ आलम, इकबाल अहमद इत्यादि मौजूद थे.


प्रतिभा सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथि, आयोजक व अन्य.

#### पुलिस केंद्र में सिटी डायग्नोस्टिक ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

**हजारीबाग।** हजारीबाग के प्रख्यात संस्थान सिटी डायग्नोस्टिक ने पुलिस केंद्र में सिटी डायग्नोस्टिक लैब के तत्वाधान में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया. यह जांच शिविर प्रातः 7 बजे से 1 बजे तक लगाया गया. इसमें ब्लड शुगर (रेंडम, बीपी,फास्टिंग) हीमोग्लोबिन और रक्तचाप की जांच की गई. बताते चलें कि शिविर में करीब 140 से ज्यादा महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों ने अपना रक्त जांच करवाया. शिविर के बारे में पूछे जाने पर सिटी डायग्नोस्टिक की संचालिका सोनम प्रिया ने कहा कि सिटी डायग्नोस्टिक लैब की प्राथमिकता है क हम निरोग हजारीबाग के लिए अपना योगदान दें. इसी क्रम में समय समय पर हमारे द्वारा ऐसे आयोजन किए जाते हैं.

## प्रदेश प्राइवेट स्कूल संगठन ने वार्षिक सम्मेलन पर की चर्चा

संवाददाता। हजारीबाग


बैठक के दौरान संगठन पदाधिकारी.

झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन केंद्रीय कमेटी की एक बैठक रविवार को हजारीबाग टाउन हॉल के हेरिटेज होटल में हुई. बैठक में हजारीबाग की कोर कमेटी के साथ सभी प्रखंडों के अध्यक्ष और सचिव उपस्थित हुए. इसमें 19 जुलाई को होने जा रहे झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के आठवें वार्षिक सम्मेलन सह स्कूल सम्मान समारोह की तैयारी पर चर्चा की गई. इस दौरान मंच का संचालन सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष विनोद भगत ने की. विनोद भगत ने कहा कि हजारीबाग जिले में संगठन स्कूल हित के लिए काम कर रहा है, हर पहलू पर संज्ञान ले रहा है. प्राइवेट स्कूलों की समस्या सरकार तक पहुंचाई जाएगी. बैठक में संरक्षक मधूप मनोहर, उपाध्यक्ष मकसीर आलम, छोटेलाल साहू, सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा, सह सचिव परवेज आलम, आमिर अल्ताफ, कोषाध्यक्ष सोहेल अहमद नूर, सह संरक्षक मनोज राय, संगठन मंत्री मधुसूदन प्रसाद मेहता, राजेश शर्मा, सुनील, प्रेम, लक्ष्मण, राजन, पदमा, विजय प्रसाद, नंदकिशोर सिंह, सूर्यदेव पांडे, बालेश्वर साव, रामजी तिवारी, रामावतार, कामेश्वर, विनय यादव, बैजनाथ गोप आदि उपस्थित रहे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पिता के कार्य से लाभ का योग है. किसी धार्मिक स्थल पर जाने का अवसर मिलेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. काफी समय से लंबित कार्य पूर्ण होंगे. उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे. सरकार से लाभ होगा.

**वृषभ** धर्म में मन लगेगा. बिना कारण विवाद को हो सकता है. दौड़धूप अधिक रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. असमंजस की स्थिति बन सकती है. किसी मंदिर में अन्न का दान करें.

**मिथुन** जीवनसाथी के साथ आनंद का समय बीतेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. व्यापार ठीक चलेगा. लाभार्जन होगा. परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा. घी का दीपक शिवमंदिर में जलाएं.

**कर्क** समय बहुत ही उत्तम है, पर भोजन सोच विचार कर ही करें. पेट रोग से बचें. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. कार्य बनेगा पर लेन-देन में जल्दबाजी न करें. कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. बेकार बातों पर ध्यान न दें.

**सिंह** आपके पराक्रम से शत्रु पस्त होंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड लाभ देंगे. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. जल्दबाजी न करें. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**कन्या** समय निर्णायक मोड़ पर है. शिक्षा में खर्च होगा. माता के स्वाथ्य पर ध्यान दें. किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें. बोलचाल में हल्केपन को न अपनायें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. परिवार में तनाव रह सकता है. यथासंभव यात्रा टालें.

**तुला** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. रुके कामों में गति आएगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. कुसंगति से हानि होगी. किसी तीर्थयात्रा की योजना बनेगी. अंगभंग व्यक्ति को भोजन दें और वस्त्र भी दान करें.

**वृश्चिक** भाई का सहयोग मिलेगा. नई योजना फलीभूत होगी. मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें. किसी से ज्यादा बहस से बचें. चीनी का दान करें.

**धनु** पैतृक संपत्ति का विवाद सुलझेगा. मन प्रसन्न होगा. व्यावसायिक कार्य मनोनुकूल रहेगी. बेरोजगारी दूर होगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. शेयर मार्केट तथा म्युचुअल फंड लाभदायक रहेंगे. दुष्टजन तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें.

**मकर** मानसिक शांति मिलेगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. माता दुर्गा पर लाल फूल अर्पण करें.

**कुंभ** समय बहुत अच्छा नहीं है. कोई बाधा का योग बन रहा है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य के नजरअंदाज न करें. समय अनुकूल है. आय में वृद्धि होगी. उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे.

**मीन** आय के बंद द्वार खुलेंगे. किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है. आत्मसम्मान बना रहेगा. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. सुख के साधन जुटेंगे. प्रसन्नता रहेगी. गरीब को अन्न और पीला वस्त्र का दान करें.

### झुंड से बिछड़े हाथी के आतंक से दहशत में हैं कुडू और चंदवा के ग्रामीण

# दर्जनों घरों को तोड़ा, फसलों को रौंदा, अनाज किया चट

संवाददाता। कुड़ू/लोहरदगा

जिले में पिछले एक पखवाड़े से विचरण कर रहे 22 हाथियों का झुंड और झुंड से बिछड़ा एक विशालकाय हाथी पूरे इलाके में जमकर उत्पात मचा रहा है. यहां पर हाथियों ने तीन दिनों के अंदर चंदवा और कुड़ू प्रखंड के लगभग दर्जनभर घरों को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज चट कर दिया है. इधर किसानों के खेतों में लगे फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया. यहां पर शुक्रवार की रात झुंड से बिछड़ा एक विशालकाय हाथी कुड़ू से सटे राजरोम के उढरा टोली पहुंचा और जमकर उत्पात मचाया. स्थानीय निवासी दान लकड़ा, किशोर लकड़ा के घर और दयामनी लकड़ा के बोरिंग घर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया. इस दौरान हाथी ने घर में रखे अनाज, बाड़ी में लगे आम और कटहल को भी चट कर दिया. इस बीच किसी तरह ग्रामीणों ने हाथी को भागाया, तो वह जमुआरी और टैयाबर गांव पहुंचा एवं गांव के जीवन उरांव, रामकिशन उरांव, प्रह्लाद उरांव, सुनील उरांव, श्याम उरांव, भैरव उरांव, भैरो उरांव के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया. साथ ही घर में रखे अनाज भी खा गये. वहीं शनिवार को सुबह कुड़ू प्रखंड के इटरा गांव में हाथियों ने सोनू उरांव और मनोज उरांव का घर को ध्वस्त कर अनाज खा गए. इसके अलावे कई गांव के सैकड़ों किसानों के खेतों में लगे फसलों को भी जंगली हाथियों ने भारी नुकसान पहुंचाया है.



ग्रामीण इलाके में घूमता झुंड से बिछड़ा हाथी.

### वन विभाग व पंचायत जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे हैं सुध

कुड़ू और चंदवा प्रखंड के सीमावर्ती उढरा टोली निवासी बुजुर्ग महिला दयामनी लकड़ा ने बताया कि हाथियों हमारे घरों को तोड़ रहे हैं. घर मे रखे अनाज खा जा रहे हैं. हमारी साल भर की कमाई खेतो में लगी फसलों को खा जा रहे हैं. हमारे समक्ष रहने से लेकर खाने तक की समस्या उत्पन्न हो गई है, लेकिन न तो विभाग और न ही पंचायत के मुखिया या और कोई जनप्रतिधि हमारी सुध नहीं ले रहे हैं. ऐसे में हम कहां जाएं. हादसे की रात की बात बताते हुए दयामनी ने बताया कि गांव के पुरुष तो जान बचाकर भाग गए परंतु वे घर में बच्चों के साथ रोकर रात बिताई है.

### धुरकी पुलिस ने दर्जनों दोपहिया वाहन जब्त किये

**धुरकी।** थाना पुलिस ने औचक वाहन चेकिंग लगाकर बिना हेलमेट वाले चालकों के दर्जनों दो पहिया वाहन को जप्त कर थाना ले गई. इस संबंध में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि आजकल दुर्घटना काफी बढ़ गई है. जिसकी रोकथाम के लिए एसपी के निर्देशानुसार पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है. आज बिना हेलमेट पहने चालकों के दर्जनों दो पहिया वाहन को जप्त कर एमवी एक्ट के तहत चालान किया गया है. जिस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा को पत्राचार किया जा रहा है. थाना प्रभारी ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि वे घर से जब भी दो पहिया वाहन से निकलें हेलमेट पहन कर निकलें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें.

### सीएम चंपाई सोरेन ने बुरुडीह डैम का अवलोकन किया, कहा-

# बुरूडीह डैम को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें

विशेष संवाददाता। घाटशिला/ रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों निर्देश दिया. मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार राज्य के कई नए पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है. झारखंड प्रकृतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से बहुत ही आकर्षक राज्य है. यहां पर्यटन की प्रबल संभावनाएं हैं. यही कारण है कि हमारी सरकार राज्य में चिह्नित कई धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों सहित पहाड़, डैम, फॉल आदि आकर्षक जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्य योजना बना रही है.

**बुरुडीह डैम का पानी किसानों को उपलब्ध कराएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय ही व्यक्तिगत रूप से मैं जंगल से घिरे हुए इस ऐतिहासिक बुरुडीह डैम की खूबसूरती से परिचित हूं. इस डैम का सर्वांगीण विकास हो, यह पहले से ही मेरे मन में था. इस डैम का पानी बुरुडीह आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को मिले, इसी उद्देश्य से हमारी सरकार आगे बढ़ रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर सेक्टर में विकास की एक लंबी लकीर खींचने के लिए निरंतर प्रयासरत है.



कार्यक्रम में अधिकारियों के साथ मंथन करते सीएम चंपाई सोरेन.

### बुरुडीह डैम में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम का सौंदर्यीकरण कार्य सहित राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन के सभी जरूरी व्यवस्थाओं को एक निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा करना सुनिश्चित यह राज्य सरकार का लक्ष्य है. यहां गेस्ट हाउस, खेल मैदान, पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएंगे. डैम को कनेक्ट करने वाली सड़क सहित बिजली, पानी और पर्यटकों के ठहरने की पूरी सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी. बुरुडीह डैम को विकसित कर घाटशिला क्षेत्र को एक नई पहचान देनी है. मौके पर मुख्यमंत्री ने पौधरोपण किया और पेड़ों में रक्षासूत्र बांध कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया.

### डैम का विकास तय समय सीमा पर ही हो

मुख्यमंत्री ने अवलोकन के दौरान अधिकारियों से राज्य सरकार द्वारा बुरुडीह डैम में किए जाने वाले कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली. उन्होंने पर्यटन विभाग, वन विभाग और पूर्वी सिंहभूम जिला के अधिकारियों को बेहतर तालमेल और समन्वय बना कर बुरुडीह डैम के विकास कार्य को निश्चित समय सीमा में मूर्त रूप देने का निर्देश दिया. इस अवसर पर घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, जमशेदपुर एसएसपी किशोर कौशल सहित कई लोग उपस्थित थे.



अभिनंदन समारोह में मौजूद अतिथिगण.

### प्रांतीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित

# संस्कार युक्त शिक्षा से स्वस्थ समाज बनता है : ख्याली राम

संवाददाता। लातेहार

रविवार को स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में प्रांतीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर पूर्व क्षेत्र ख्याली राम, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, अनिल कुमार ठाकुर आरएसएस के जिला संघ चालक, प्रबंधकारिणी सदस्य राजीव रंजन पांडेय व प्रबंधकारिणी समिति के सचिव सह कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. प्राचार्य अरुण कुमार चौधरी ने स्वागत भाषण दिया और मंचासीन लोगों का परिचय कराया. विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि प्रतिभाशाली पहचान के लिए मोहताज नहीं होते. समारोह में 10 जिलो के जैक बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड के 10 व 12 कक्षा के कुल 43 टॉपर समेत एक युवा वैज्ञानिक एक एसजीएफआई क्वालिफाइड विद्यार्थियों को चांदी का सिक्का ,प्रशस्ति पत्र, और उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र व रामायण की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया. ख्याली राम ने कहा कि विद्या भारती विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. जिसने परिश्रम किया है उसका आज सम्मान करने का दिन है. इसमें सब का योगदान है चाहे छात्र हो ,शिक्षक हो ,माता-पिता हो, परमेश्वर हो, सबका अभिनंदन व सम्मान का दिन है. संस्कार युक्त शिक्षा से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है. इसे हमें समझनी है. मंच संचालन गुमला विभाग के विभाग प्रमुख व क्षेत्रीय प्रचार प्रसार प्रमुख अखिलेश कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन पलामू विभाग के विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल ने किया.

**खास बातें**

- 10वीं-12वीं के टॉपरों को सम्मानित किया गया
- छात्रों को चांदी का सिक्का के साथ प्रशस्ति पत्र दिये गये

### मनरेगा योजनाओं में अनियमितता की एसडीओ ने की जांच

**गढ़वा।** नगर उंटारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत चित्तविश्राम में मनरेगा की योजनाओं से संबंधित प्राप्त शिकायत के आलोक में डीसी शेखर जमुआर ने श्री बंशीधर नगर एसडीओ की अध्यक्षता में टीम गठित कर मामले की जांच कराई. जांच दल ने ग्राम पंचायत चित्तविश्राम में मनरेगा की कुल आठ योजनाओं की जांच की. इसमें से सात योजनाओं (टीसीबी निर्माण योजना) में अनियमितता पाई गई. उक्त अनियमितता के फलस्वरूप डीसी ने सातों योजनाओं में कार्य से अधिक भुगतान की गई 12 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि की वसूली संबंधित ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया, कनीय अभियंता एवं मेट से करने का निर्देश दिया. साथ ही मेट को हटा दिया गया. सभी दोषी कर्मी से स्पष्टीकरण पृच्छा की गई है. स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद दोषी कर्मी के विरुद्ध संविदा समाप्त, विभागीय कार्रवाई एवं मुखिया की वित्तीय शक्ति जब्त करने के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी.

### अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन को लेकर आमरण अनशन 25 से

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगामी 25 जून दिन मंगलवार से ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है. पंसस चन्दन ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं रहने के कारण योग्य एवं जरूरत मंद लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है. आवास का जियो टैग करने का काम सरकार द्वारा चुने गए स्वयंसेवक का है लेकिन स्वयंसेवक से कार्य नहीं कराया जा रहा है. अबुआ आवास के प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन सभी पंचायत सचिवालय में दीवार लेखन कर नहीं कराने से उपरोक्त योजना में भ्रटाचार हावी है. जिस कारण गरीब, गृह विहीन, दिव्यांग, आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल रहा है.

# ग्रामीणों ने सड़क पर की धनरोपनी सड़क व नाली निर्माण की मांग की



सड़क पर बने गड्ढे में जमा पानी में धनरोपनी कर गुस्से का इजहार करते ग्रामीण.

संवाददाता। कांडी

आखिरकार ग्रामीणों को खेतों में नहीं, बल्कि एक सड़क पर ही धान की रोपाई करने की आवश्यकता पड़ गई. जो सरकार द्वारा पीटे जा रहे ढिंढोरा व विकास के गाल पर तमाचा के जैसा है. यह नजारा जिले के कांडी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कर्पूरी चौक के समीप मुख्य सड़क पर देखने को मिला. जहां उक्त बाजार से हो कर गुजरने वाले राहगीरों को अत्यंत नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है. सरकार द्वारा कांडी बाजार स्थित कर्पूरी चौक से लेकर भवनाथपुर स्थित कर्पूरी चौक तक की स्वीकृति भी मिल चुकी थी, किन्तु वर्षों बाद भी अब तक सड़क व नाली का निर्माण नहीं हो सका. इसमें सरकार, वरीय पदाधिकारी व संवेदक की घोर लापरवाही दिख रही है. उक्त बाजार स्थित स्थानीय ग्रामीण आक्रोश में हैं. कई बार ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से सरकार व वरीय पदाधिकारियों से गुहार लगाई. किन्तु किसी भी सरकार के प्रतिनिधि व पदाधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगा. कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद के नेतृत्व में सुनीता देवी, सरोजा देवी, बिमल देवी, सनिचर बीबी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क पर धान की रोपाई कर निक्कमी सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया. इस संबंध में बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि स्थानीय ग्रामीण जनता अपनी शिकायत लिखित रूप से दें.

### सांसद वीडी राम ने पलामू की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की

# योजनाओं को ससमय पूरा कराने का निर्देश

संवाददाता। गढ़वा




बैठक करते सांसद

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में गढ़वा जिला अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा बैठक की. उक्त समीक्षा बैठक में मुख्य बिंदु क्रमशः सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई योजना, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 (75) एवं 343 का फोरलेन सड़क निर्माण, बाईपास व अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण कार्य योजना तथा कांडी प्रखंड के श्रीनगर-पंडुका के बीच सोन नदी पर ब्रिज का निर्माण कार्य आदि रही. सांसद ने सोन-कनहर पाइपलाइन सिंचाई योजना के कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने का कारण पूछा. उन्होंने कहा कि इस योजना की प्राप्ति वर्ष 2019 में हो चुकी थी एवं 2022 तक पूर्ण करने का अवधि निर्धारित था. उपस्थित कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल ने बताया कि इस योजना से संबंधित 95 प्रतिशत क्षेत्र में कार्य पूर्ण हो चुका है. शेष अपूर्ण कार्यों के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं मिला है. भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 (75) एवं 343 का फोरलेन सड़क निर्माण की भी समीक्षा की गई. साथ ही अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण कार्य योजना की समीक्षा की गई. समीक्षा के दौरान गढ़वा बाईपास सड़क निर्माण में आ रही समस्या पर भी चर्चा की गई.

सांसद ने एनएच-75 सेक्सन 5 सड़क के फोरलेन, चौड़ीकरण को लेकर मौके पर उपस्थित जिला भू-अर्जन पदाधिकारी से रैयतों के अधिग्रहित भूमि के विरुद्ध मुआवजा भुगतान के बारे में पूछा. बैठक के दौरान सांसद ने सभी संबंधित पदाधिकारी को गढ़वा जिला अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को साथ समय पूर्ण करने का निर्देश दिया. बैठक में डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतियस विजय टोप्पो, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा एसडीओ, रंका एसडीओ, श्री बंशीधर नगर एसडीओ, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

**खास बातें**

- पलामू के सांसद वीडी राम ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- ब्लैक स्पॉट निर्माण कार्य योजना की समीक्षा की गई

**चिंतनीय** 56 परिवारों को करना था विस्थापित, 23 परिवारों ने बना लिया मकान

# आखिरकार कुजरूम की पुनर्वास प्रक्रिया पर लग गया है ग्रहण

उमेश यादव । गारू (लातेहार)

पीटीआर के वनभूमि पर बसा गांव कुजरूम में पिछले 10 वर्षों से पुनर्वास की प्रक्रिया चल रही है. लेकिन अब लगता है कि पुनर्वास प्रक्रिया पर ग्रहण लग गया. वन विभाग द्वारा कुजरूम के 56 परिवारों को सरयू के पईलापथल में बसाने की योजना थी. बाद में स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के बाद पईलापथल के स्थान पर पलामू के पोलपोल कला में स्थान चयन किया गया. वर्तमान में 23 परिवार का मकान पोलपोल कला में लगभग तैयार हो गए हैं. इनमें ग्राम प्रधान ललू उरांव भी शामिल है. बचे हुए 33 परिवार नें ग्राम प्रधान ललू उरांव के स्थान पर उपेंद्र उरांव को ग्राम सभा कर प्रधान मनोनीत किया है. बताते चलें कि उपेंद्र उरांव के नेतृत्व में लगातार 33 परिवारों के साथ कुजरूम में ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है.



ग्रामसभा में मौजूद जनप्रतिनिधि व ग्रामीण.

### कुजरूम जाकर ग्रामीणों के साथ की वार्ता

कुजरूम के आधे ग्रामीणों के वन विभाग के विस्थापन प्रक्रिया के प्रति नाराजगी के बाद पीटीआर दक्षिणी उप निदेशक कुमार आशीष 20 जून को कुजरूम पहुंचे. ग्रामीणों नें रोजगार और पेयजल की समस्या से अवगत कराया. इसके बाद उन्होंने रेंजर को पत्र जारी कर समस्या दूर करने के लिए निर्देश दिया. था. उन्होंने स्पष्ट किया की पक्की संरचनायें को छोड़कर बाकी कार्य में कोई रोक नहीं है. एक अलग पत्र कुजरूम के ग्राम प्रधान ललू उरांव को लिखते हुए उन्होंने पुनर्वास के लिए सहमत एवं असहमत लोगों का सूची की मांग की, ताकि विस्थापन के लिए जारी की गई राशि वापस की जा सके.

**क्या बोले उप निदेशक**

पीटीआर दक्षिणी के उप निदेशक कुमार आशीष नें स्पष्ट किया कि ग्रामीणों की सहमति बगैर पुनर्वास नहीं किया जायेगा. केवल सहमत लोगों को पुनर्वास किया जायेगा. बचे हुए लोगों से स्वीकृत राशि नियमसंगत वापस करायी जायेगी.

# संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होना होगा : धर्मेंद्र

- झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जोन वन की बैठक संपन्न

संवाददाता। लातेहार

झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन जोन- वन (पलामू, गढ़वा, लातेहार) की कार्यकारिणी बैठक की रविवार को आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता व मंच संचालन जिला सचिव विजय कुमार ने किया. बैठक के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जोन- वन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि के रूप में जोन- वन के सह सचिव नंद किशोर श्रीवास्तव, पलामू जिला अध्यक्ष भरत जायसवाल शामिल थे. उपाध्याय ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी को एकजुट होना होगा. उन्होंने कहा कि संगठन केमिस्टों की हर परेशानी में साथ खड़ा है. उन्होंने कहा कि दुकानों का लाइसेंस का नवीनीकरण में यदि किसी प्रकार की परेशानी होती तो संगठन उनकी समस्याओं को दूर करेगा. बैठक में उमाशंकर चैतन्य, राजीव कुमार, संतोष चन्द्र गोस्वामी, रमेश कुमार, चंद्रकांत जायसवाल, राजेन्द्र प्रसाद, बिरेंद्र यादव, अमन साव, रवि शंकर, रमेश प्रसाद, अमित कुमार, असगर हुसैन, दिलीप कुमार, संजय प्रसाद, रोहित कुमार श्याम बिहारी गुप्ता व संजय सिन्हा आदि मौजूद थे.

## जानलेवा वायु प्रदूषण

यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के वे आंकड़े परेशान करने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है. दुखद बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी. निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित व परेशान करने वाले हैं. वहीं नीति-नियंताओं को शर्मसार करने वाले भी हैं कि इस दिशा में अब तक गंभीर प्रयास क्यों नहीं हो रहे हैं. ऐसा नहीं है कि पर्यावरण प्रदूषण संकट से अकेला भारत ही जूझ रहा है. चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं. जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है. चिंता की बात यह है कि भारत तथा चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है. जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही को ही दर्शाता है. आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं. सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन,गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों और धुओं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं. वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है. दरअसल, अनियोजित कॉलोनियों व बहुमंजिली इमारतों के निर्माण से हवा का वह स्वाभाविक प्रवाह बाधित हुआ है, जो वायु प्रदूषण रोकने में मददगार होता था. दीवाली के आसपास पराली जलाने का ठीकरा किसानों के सिरों पर फोड़कर प्रदूषण नियंत्रण की जवाबदेही से मुक्त होने का जो उपक्रम होता है, वह जगजाहिर है. यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से वर्ष 2021 में जिन 21 लाख लोगों की मौत होने का जिक्र है, दुर्भाग्य से उनमें 1,69,400 बच्चे हैं, जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है. जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका शारीरिक विकास भी सही ढंग से नहीं हो पाता. इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं. हमारे लिए चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं. विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है. एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिए यह संकट बहुत बड़ा है. चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है. उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है.

> जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका शारीरिक विकास भी सही ढंग से नहीं हो पाता. इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं.


### सुभाषित

**अलसस्य कुतो विद्या अविद्यस्य कुतो धनम्।**
**अधनस्य कुतो मित्रं अमित्रस्य कुतो सुखम्॥**

आलसी को विद्या कहां? (आलसी व्यक्ति विद्या प्राप्ति नहीं कर सकता.)
विद्याहीन को धन कहां? (विद्याहीन व्यक्ति धन नहीं कमा सकता.)
धनहीन को मित्र कहां? (धन के बिना मित्र की प्राप्ति नहीं हो सकती.)
मित्रहीन को सुख कहां? (मित्र के बिना सुख की प्राप्ति नहीं हो सकती.)

# एनसीईआरटी का इतिहास पढ़िए, खुश रहिए

**पिछली किताब में बाबरी मस्जिद को मुगल बादशाह बाबर के जनरल मीर बाक़ी द्वारा बनवाई गई 16वीं सदी की मस्जिद बताया गया था. संशोधित अध्याय में अब इसे श्री राम की जन्मभूमि पर 1528 में बनी तीन गुंबद वाली संरचना बताया गया है, जिसके अंदर और बाहर हिंदू प्रतीकों और अवशेषों की स्पष्ट झलक दिखती है.इससे पहले, पाठ्यपुस्तक में दो पृष्ठ फैजाबाद (अब अयोध्या) जिला अदालत द्वारा फरवरी 1986 में मस्जिद का ताला खोलने के आदेश के बाद दोनों पक्षों की लामबंदी का वर्णन करते थे.**



पिछले हफ़्ते जारी की गई एनसीईआरटी की कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की नई संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का नाम हटा दिया गया है. इसके बजाय इसे तीन गुंबद वाली संरचना बताया गया है. वहीं, अयोध्या खंड को चार पन्नों से घटा कर दो कर दिया गया है, साथ ही पिछले संस्करण से महत्वपूर्ण विवरण हटा दिए गए हैं. पिछली किताब में बाबरी मस्जिद को मुगल बादशाह बाबर के जनरल मीर बाक़ी द्वारा बनवाई गई 16वीं सदी की मस्जिद बताया गया था. वहीं संशोधित अध्याय में अब इसे श्री राम की जन्मभूमि पर 1528 में बनी तीन गुंबद वाली संरचना बताया गया है, जिसके अंदर और बाहर हिंदू प्रतीकों और अवशेषों की स्पष्ट झलक दिखती है. इससे पहले, पाठ्यपुस्तक में दो पृष्ठ फैजाबाद (अब अयोध्या) जिला अदालत द्वारा फरवरी 1986 में मस्जिद का ताला खोलने के आदेश के बाद दोनों पक्षों की लामबंदी का वर्णन करते थे. इसमें सांप्रदायिक तनाव, सोमनाथ से अयोध्या तक की रथ यात्रा, दिसंबर 1992 में राम मंदिर बनाने के लिए स्वयंसेवकों द्वारा की गई कारसेवा, मस्जिद का विध्वंस और जनवरी 1993 में हुई सांप्रदायिक हिंसा का विस्तार से वर्णन किया गया था. इसमें भाजपा द्वारा अयोध्या में हुई घटनाओं पर खेद व्यक्त करने और धर्मनिरपेक्षता पर गंभीर बहस का भी उल्लेख किया गया था.

1986 में, तीन गुंबद वाले ढांचे को लेकर स्थिति ने तब महत्वपूर्ण मोड़ ले लिया, जब फैजाबाद (अब अयोध्या) जिला अदालत ने इसे खोलने का फैसला सुनाया, जिससे वहां पूजा की अनुमति मिल गई. यह विवाद दशकों तक चला, जिसमें दावा किया गया कि तीन गुंबद वाला ढांचा श्रीराम के जन्मस्थान पर एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाया गया था. यद्यपि मंदिर के लिए शिलान्यास किया गया था, लेकिन आगे के निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया गया था. हिंदू समुदाय को लगा कि श्रीराम के जन्मस्थान के बारे में उनकी चिंताओं को नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि मुस्लिम समुदाय ने संरचना पर अपने कब्जे का आश्वासन मांगा. स्वामित्व को लेकर दोनों समुदायों के बीच तनाव बढ़ गया, जिससे कई विवाद और कानूनी लड़ाइयां हुईं. दोनों समुदायों ने निष्पक्ष समाधान की मांग की. फिर 1992 में, ढांचे के विध्वंस के बाद, कुछ आलोचकों ने तर्क दिया कि यह भारतीय लोकतांत्रिक सिद्धांतों के लिए एक बड़ी चुनौती है. कानूनी कार्यवाही से लेकर सौहार्दपूर्ण स्वीकृति तक शीर्षक वाला एक नया उपखंड अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विवरण देता है. यह स्वीकार करता है कि किसी भी समाज में संघर्ष अपरिहार्य हैं, लेकिन इस बात पर जोर देता है कि एक बहु-धार्मिक और बहुसांस्कृतिक लोकतांत्रिक समाज में, इन संघर्षों को आमतौर पर कानून की उचित प्रक्रिया के माध्यम से हल किया जाता है. इसके बाद यह 9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के सर्वसम्मति से 5-0 के फैसले पर चर्चा करता है, जिसने इस साल की शुरुआत में मंदिर के उद्घाटन का मार्ग प्रशस्त किया. पाठ्यपुस्तक में बताया गया हैः फैसले ने विवादित स्थल को राम मंदिर निर्माण के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को आवंटित किया और सरकार को सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को मस्जिद के लिए उपयुक्त स्थल आवंटित करने का निर्देश दिया. यह संकल्प दर्शाता है कि लोकतंत्र संविधान की समावेशी भावना को कायम रखते हुए बहुलतावादी समाज में संघर्षों को कैसे संबोधित कर सकता है. इस मुद्दे को पुरातात्विक उत्खनन और ऐतिहासिक अभिलेखों जैसे साक्ष्यों के आधार पर उचित प्रक्रिया के माध्यम से हल किया गया था. सुप्रीम कोर्ट के फैसले का व्यापक रूप से जश्न मनाया गया, जो एक संवेदनशील मुद्दे पर आम सहमति बनाने का उदाहरण है, जो भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार की परिपक्वता को दर्शाता है. पुरानी पाठ्यपुस्तक में अखबारों की कतरनें शामिल थीं, जैसे कि 7 दिसंबर 1992 की एक कतरन, जिसका शीर्षक था बाबरी मस्जिद ढहा दी गई, केंद्र ने कल्याण सरकार को बर्खास्त किया. 13 दिसंबर 1992 की एक अन्य कतरन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कथन था, अयोध्या भाजपा की सबसे बड़ी गलती इन सभी कतरनों को हटा दिया गया है. पिछली किताब में 24 अक्टूबर, 1994 को मोहम्मद असलम बनाम भारत संघ मामले में मुख्य न्यायाधीश वेंकटचलैया और न्यायमूर्ति जीएन रे द्वारा दिए गए फैसले का एक अंश भी शामिल किया गया था, जिसमें कल्याण सिंह (विध्वंस के समय यूपी के मुख्यमंत्री) को कानून की गरिमा को बनाए रखने में विफल रहने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया गया था. कक्षा 12 की एनसीईआरटी राजनीति विज्ञान की किताब में चीन के साथ भारत की सीमा की स्थिति के बारे में संदर्भ को अपडेट किया गया है. समकालीन विश्व राजनीति पुस्तक के अध्याय 2 में, भारत-चीन संबंध शीर्षक वाले खंड के अंतर्गत, पृष्ठ 25 पर पिछला वाक्य, जिसमें लिखा था, हालांकि, दोनों देशों के बीच सीमा विवाद पर सैन्य संघर्ष ने उस उम्मीद को खत्म कर दिया, को संशोधित करके, हालांकि, भारतीय सीमा पर चीनी आक्रमण ने उस उम्मीद को खत्म कर दिया है. किया गया. कक्षा 12 की पाठ्यपुस्तक स्वतंत्रता के बाद से भारत में राजनीति को भी अपडेट किया गया है. इसमें आज़ाद पाकिस्तान शब्द को पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) से बदल दिया गया है. पृष्ठ 119 पर, पहले वाले पाठ में कहा गया था, भारत का दावा है कि यह क्षेत्र अवैध कब्जे में है. पाकिस्तान इस क्षेत्र को आज़ाद पाकिस्तान के रूप में वर्णित करता है. संशोधित पाठ में अब लिखा है, हालांकि, यह भारतीय क्षेत्र है जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है, जिसे पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) कहा जाता है. नई पाठ्यपुस्तकों के पृष्ठ 132 पर अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बारे में बताया गया है. पहले के संस्करण में कहा गया था, जहां अधिकांश राज्यों के पास समान शक्तियां हैं, वहीं जम्मू कश्मीर और पूर्वोत्तर के राज्यों जैसे कुछ राज्यों के लिए विशेष प्रावधान हैं. इसे अपडेट करके यह कर दिया गया है. हालांकि, अनुच्छेद 370, जिसमें जम्मू कश्मीर के लिए विशेष प्रावधान हैं, को अगस्त 2019 में निरस्त कर दिया गया था. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

## • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



### धर्म और संघर्ष

यदि धर्म नहीं होता तो ये झगडे नहीं होते और मनुष्य शान्ति और प्रेम पूर्वक रहते. सारे झगड़ों की जड़ यह धर्म ही है और कोई नहीं. इसे ही पोषित करने में सारे संसाधन व्यय होते है, अन्यथा इन्सान आनंद और मौज में जीवन बिताए". लोग अक्सर ऐसा कहते पाए जाते हैं. जबकि धर्म तो शान्ति, समता, सरलता और सहनशीलता आदि सद्गुणों की शिक्षा देता है. धर्म लड़ाई झगडे करना नहीं सिखाता. फ़िर धार्मिकजनों में यह लड़ाई झगड़े और ईर्ष्या द्वेष क्यो? वास्तव में जो सच्चा धर्म होगा, वह कभी भी लड़ाई-झगड़े नहीं कराएगा. जो मनुष्य मनुष्य में वैर-विरोध कराए, वह धर्म नहीं हो सकता. यह स्वीकार करते हुए भी उपरोक्त विचार समुचित नहीं लगता. कुछ ऐसे 'धर्म' नामधारी मत है जो विपक्षी से लड़ना, युद्ध करना, पशु-हत्या करना, ईश्वर की राह में लड़ने को प्रेरित करना आदि का विधान करते हैं, किन्तु यहां हम उन पंथों की बात नहीं करते. क्योंकि उनका आत्म विशुद्धि से कुछ भी लेना देना नहीं है, उनका लक्ष्य भौतिकवाद है. वे तो राज्य, सम्पत्ति, अधिकार, अहंपूर्ति, भोगसाधन की प्राप्ति, उसकी रक्षा एवं वृद्धि की कामना लिए हुए है. मिथ्या मतों में अज्ञान ही प्रमुख कारण है. ऐसे मत दूसरे संयत धर्मानुयायियों में भी विद्वेष फैलाने का कार्य करते है. "फिर आत्म शुद्धि और सद्भाव धर्म वाले अनुयायी आपस में लड़ते झगड़ते क्यों है" प्रश्न उठना स्वाभाविक है. यदि चिंतन किया जाय, तो स्पष्ट ज्ञात होता है कि सभी झगड़े धर्म के कारण नहीं, बल्कि स्वयं मानव मन में रहे हुए कषाय कलुष एवं अहंकार के निमित्त होते हैं. वे धर्म को तो मात्र अपनी अहं-तुष्टि में हथियार बनाते हैं. उन्हें तो बस कारण बनाना है. यदि धर्म न होता तो वे और किसी अन्य पहचान प्रतिष्ठा को कारण बना देते. वैसे भी राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक कारण से झगडे होते ही है. अतः इन सभी झगड़ों का मूल कारण मनुष्यों की अपनी मलीन वृति है. कोई किसी को नीचा दिखाने के लिए तो कोई अपनी इज्जत बचाने के लिए. कोई किसी की प्रतिष्ठा से जलकर जाल बुनता है तो कोई इस जालसाज़ी का आक्रमक प्रत्युत्तर देता है. कोई किसी का हक़ हड़पने को तत्पर होता है तो कोई उसे सबक़ सिखाने को आवेशित. अपने इन्ही दुर्गुणों के कारण लड़ता है मानव, सद्गुणों की सीख देने वाले धर्म को ही आरोपित करता है. धर्म एक ज्ञान है, कोई चेतन नहीं कि मानव को जबदस्ती पकड कर उनके दुर्गुणों, कषाय-कलुषिता को दूर कर दे और उनमें सद्गुण भर दे. या फिर आकर सफाई दे कि मानवीय लड़ाई में मेरा किंचित भी दोष नहीं.

# राष्ट्रवादी राजनेता बाबू रामनारायण सिंह

• पुण्यतिथि

विजय केसरी

> 1953 में जवाहरलाल नेहरू सरकार की तानाशाही नीतियों के विरुद्ध में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में बाबू राम नारायण सिंह एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया था. इस आंदोलन का राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ा था. बाबू राम नारायण सिंह,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर भारतीय स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे.

बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति का आधार स्तंभ राष्ट्रवाद रहा था. वे अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के कट्टर समर्थक जरूर रहे थे. उन्होंने इसी कांग्रेस पार्टी के बैनर तले अंग्रेजी हुकूमत की ईंट से ईंट बजा दी थी, लेकिन वे एक सच्चे राष्ट्रवादी थे. वे संपूर्ण कश्मीर को भारत के मानचित्र पर देखना चाहते थे. इसी उपदेश की पूर्ति के लिए बाबू राम नारायण सिंह, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित कई राष्ट्रवादी साथियों के साथ जम्मू कश्मीर की ओर कूच किए थे. बाबू राम नारायण सिंह एवं अन्य साथियों को बीच में ही गिरफ्तार कर उन्हें वापस भेज दिया गया था. लेकिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जम्मू कश्मीर में ही गिरफ्तार कर लिया गया था. एक साजिश के तहत कश्मीर के जेल के अंदर ही उनकी हत्या 23 जून, 1953 को कर दी गई थी. बाबू राम नारायण सिंह, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की गिरफ्तारी के विरोध में जमकर आंदोलन किया था. उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की नीतियों का जमकर विरोध किया था. उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कश्मीर के जेल में एक साजिश के तहत हत्या किए जाने के विरोध में भी जमकर जवाहरलाल नेहरू की सरकार की आलोचना की थी. बाबू राम नारायण सिंह, जम्मू कश्मीर में एक राज्य दो विधान के कट्टर विरोधी थे. जवाहरलाल नेहरू सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर को विशेषाधिकार के तहत धारा 370 और 35ए के माध्यम से अतिरिक्त शक्ति दिए जाने का उन्होंने कई मंचों द्वारा कड़ा विरोध दर्ज किया था. वे आजीवन धारा 370 और 35ए का विरोध करते रहे थे. 5 अगस्त, 2019 को नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 ए सदा सदा के लिए हटा दिया था. बाबू राम नारायण सिंह एक महान स्वाधीनता सेनानी के साथ एक राष्ट्रवादी विचारधारा के व्यक्ति थे. वे देश के जाने-माने बैरिस्टरों में एक थे. स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़ने के कारण उन्होंने बैरिस्टरी को सदा सदा के लिए अलविदा कह दिया था. 1953 में जवाहरलाल नेहरू सरकार की तानाशाही नीतियों के विरुद्ध में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में बाबू राम नारायण सिंह एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया था. इस आंदोलन का राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ा था. बाबू राम नारायण सिंह,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर भारतीय स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे. वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सत्ता का लाभ पहुंचाना चाहते थे. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तरह बाबू राम नारायण सिंह भी देश में ग्राम पंचायत व्यवस्था के तहत प्रधान सेवक अथवा राष्ट्रपति शासन प्रणाली के पक्षधर थे. स्वाधीनता संग्राम के शिखर पुरुष, संविधान सभा के सदस्य एवं झारखंड अलग प्रांत के प्रथम पक्षकार बाबू राम नारायण सिंह का संपूर्ण जीवन भारत की आजादी एवं समाजोत्थान को समर्पित रहा था. वे देश की आजादी के बाद स्वाधीनता की रक्षा एवं समाज सेवा से आजीवन जुड़े रहे थे . उनकी राजनीति का अर्थ सिर्फ सत्ता प्राप्ति न थी, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंच सके. वे देश के तमाम बड़े नेताओं महात्मा गांधी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, आचार्य कृपलानी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सुभाष चंद्र बोस, विनोबा भावे, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर स्वाधीनता आंदोलन की लड़ाई लड़े थे. बाबू राम नारायण सिंह मंच पर पहुंचते ही, उन्हें देखने और सुनने वालों की भीड़ लग जाती थी. अंग्रेजो के खिलाफ बेबाक खुलकर बोला करते थे. ब्रिटिश हुकूमत को तुरंत भारत की धरती खाली करने का हुक्म सुनाया करते थे . उनका स्पष्ट मत था कि ब्रिटिश हुकूमत ने छलावा, कूटनीति-राजनीति के बल पर भारत को गुलाम बनाया था. भोले-भाले भारतीयों को अपने व्यवसाय के भंवर जाल में फंसाकर धीरे-धीरे ब्रिटिश हुकूमत ने सत्ता की बागडोर अपने हाथों में ले लिया. अब भारतीय उनके भंवर में फंसने वाले नहीं है, बल्कि करोड़ों हिंदुस्तानी मिलजुलकर अंग्रेजी हुकूमत को भारत से खदेड़ कर ही दम लेंगे. देश की आजादी के बाद बाबू राम नारायण सिंह 1952 से 1957 तक हजारीबाग के सांसद रहे. संविधान सभा के सदस्य रहे. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# बड़ी सर्जरी की जरूरत है सत्ता प्रणाली को

• शिक्षा जगत

अरविन्द मोहन

> कुछ केंद्र के बच्चों का रिजल्ट आश्चर्यजनक अच्छा हुआ तो कई कई राज्यों के कुछ बच्चे हजारों मील दूर गुजरात के एक केंद्र पर परीक्षा देने गए और ज्यादातर पास हो गए. कई बच्चों ने जवाब न आने पर स्थान खाली छोड़ दिया जिसे बाद में भरे जाने की पुष्टि हुई है. परीक्षा के दिन ही एक बड़े हिन्दी अखबार ने अपने सभी संस्करणों में पटना में सवाल कई दिन पहले लीक होने की खबर छापी.

किसी जमाने में कर्ज की अदायगी और प्रतिरक्षा हमारे बजट में खर्च का सबसे बड़ा आइटम हुआ करते थे. सूद और कर्ज की अदायगी का अनुपात भी पहले से कुछ काम हुआ है, लेकिन रक्षा बजट काफी छोटा हो गया है. कायदे से इस बदलाव के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ना चाहिए, क्योंकि विकसित देश होने की यह शर्त जैसी है कि जो जितना विकसित वह स्वास्थ्य और शिक्षा पर उतना ज्यादा बजट खर्च करता है. इस बीच यह बदलाव भी हुआ है कि राजनैतिक रूप से भले ही रक्षा, गृह, विदेश और वित्त मंत्री ज्यादा महत्व पाते हों, लेकिन असली महत्व के मामले में वाणिज्य, सूचना तकनीक, सड़क परिवहन और विदेश व्यापार प्रमुखता पाने लगे हैं. एक जमाने में संचार मंत्रालय भी काफी भाव पा रहा था. पर इन सबके बीच वह मंत्रालय, जिसे शिक्षा का काम संभालना है लेकिन नाम मानव संसाधन विकास कर दिया गया है, लगातार अपना भाव बढ़ाता गया है. कभी तो इसके मंत्री को प्रधानमंत्री के बाद सबसे ज्यादा महत्व वाला माना जाता था. इधर जरूर हुआ है कि चुनाव हारकर भी मंत्री बनी स्मृति ईरानी(जिनकी डिग्री का विवाद भी प्रधानमंत्री की डिग्री की तरह ही चर्चा में रहा) और धर्मेन्द्र प्रधान जैसों के मंत्री बनने से शिक्षा विभाग लगातार कई तरह के विवादों में रहा है और इस पद का महत्व भी कम हुआ है. जिस तरह से देश भर के मेडिकल कालेजों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा 'नीट' के नतीजों को लेकर विवाद हुआ है हमको-आपको सभी को इस विभाग और इसके काम का महत्व समझ में आने लगा है. महत्व तो इसके मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को ज्यादा मालूम है, लेकिन वे कुछ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे इस पूरे काम से कुछ परेशान हों. और इस परेशानी में वे रह-रह कर एक एक कदम उठा रहे हैं जो मजबूरी या अदालती आदेश का दबाव ज्यादा लगता है, अपने विभाग का दोष या गलती सुधारने की इच्छा से उठाया गया कदम नहीं लगता. और जिस तरह से वे परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी को लगातार दोषमुक्त करते जा रहे हैं और परीक्षार्थियों/अभिभावकों को झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं, वह बताता है कि वे सब कुछ जानकार भी अनजान बनने की कोशिश कर रहे हैं. परीक्षा के दिन से ही नहीं उससे पहले से हंगामा है और वे अनजान दिखते हैं जबकि वे ही पुराने शिक्षा मंत्री भी हैं. जिन कुछ मंत्रियों को पुराने विभाग वापस मिले हैं उनमें धर्मेन्द्र प्रधान भी हैं. इसका तत्काल यह नतीजा निकालने की जरूरत नहीं है कि खुद उनकी इस घोटाले में संलिप्तता है, लेकिन यह जरूर पूछा जा सकता है कि उनको कैसे पता नहीं था. परीक्षा का फार्म भरने की तारीख बीतने के बाद अचानक फार्म लेने वाला विंडो खुला और चौबीस हजार फार्म जमा हो गए. ज्यादातर गड़बड़ इनको लेकर है. फिर बिना किसी वजह के कुछ छात्रों को अनुग्रह अंक-ग्रेस मार्क्स दे दिए गए. गड़बड़ पकड़ी गई तो मंत्री जी ने ग्रेस मार्क्स हटाने या दोबारा परीक्षा का विकल्प दे दिया मानो एक जगह की गड़बड़ से दूसरे का कोई रिश्ता ही न हो. रिजल्ट अपूर्व हो गया और कट-आफ मार्क्स किसी की कल्पना से ऊपर पहुंच गया. इतने टापर हो गए कि गिनना मुश्किल. पूरे-पूरे अंक लेकर टाप करने वाले छह टापरों वाले केंद्र का स्कूल संचालन भाजपा के एक विवादास्पद नेता के पास था. इंटर फेल भी टापरों में था तो दूसरी प्रवेश परीक्षाओं के टापर फेल हो गए. कुछ केंद्र के बच्चों का रिजल्ट आश्चर्यजनक अच्छा हुआ तो कई कई राज्यों के कुछ बच्चे हजारों मील दूर गुजरात के एक केंद्र पर परीक्षा देने गए और ज्यादातर पास हो गए. कई बच्चों ने जवाब न आने पर स्थान खाली छोड़ दिया जिसे बाद में भरे जाने की पुष्टि हुई है. परीक्षा के दिन ही एक बड़े हिन्दी अखबार ने अपने सभी संस्करणों में पटना में सवाल कई दिन पहले लीक होने की खबर छापी. बच्चों को प्रश्नपत्र देकर जवाब का अभ्यास कराया गया. पटना पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया और जलाए गए प्रश्न-पत्र पकड़े. कुछ छात्र और अभिभावक भी पकड़े गए जिन्होंने इस गड़बड़ को कबूला. और हद तो तब हो गई जब तीस और चालीस लाख के पोस्ट-डेटेड चेक इन गिरोहबाजों के पास से मिले. अर्थात पूरा धंधा बहुत भरोसे और निश्चिंत भाव से चल रहा था.हर तरफ से इसी तरह की गड़बड़ी की खबरें आ रही हैं और इस धंधे के लगातार चलाने की बात भी पुष्ट हो रही है लेकिन मंत्री जी ही एकदम अनजान बने बैठे हैं और अभी भी अदालत से निर्देश मिलने का पालन होने की बात करते हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# परीक्षण एजेंसी की क्षमताओं पर प्रश्न चिह्न

**राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा** और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को लेकर उत्पन्न हुए विवाद उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए राष्ट्रव्यापी परीक्षाएं आयोजित कर पाने की राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की क्षमताओं पर प्रश्न चिह्न लगाते हैं. 2017 में एक स्वायत्त संस्था के रूप में एनटीए की स्थापना इस इरादे के साथ की गई थी कि यह वैश्विक मानकों को ध्यान में रखते हुए एक बेहतर वैज्ञानिक परीक्षा प्रणाली विकसित कर सकेगी और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड तथा ऐसी अन्य परीक्षाएं कराते आ रहे अन्य संस्थानों का स्थान ले सकेगी. यह कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट और इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा जैसी परीक्षाओं के साथ दुनिया में प्रतिस्पर्धी परीक्षा करने वाली सबसे बड़ी संस्थाओं में से एक है. यह विडंबना ही है कि एनटीए भी उन्हीं समस्याओं से ग्रस्त नजर आ रही है, जिनका मुकाबला करने के लिए इसकी स्थापना की गई थी. वर्ष 2018 में इसकी शुरुआत के साथ ही समस्याएं भी नजर आनी शुरू हो गई थी. उदाहरण के लिए किसी अभ्यर्थी के स्थान पर दूसरे व्यक्ति का परीक्षा में बैठना और शीर्ष स्थान हासिल करना, गलत अंक मिलना, गलत माध्यम में प्रश्न पत्र का वितरित होना वगैरह. इनमें से कई समस्याएं चिकित्सा स्नातक, दंत चिकित्सा, आयुष और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होने वाली नीट की ताजा परीक्षा में भी सामने आईं और संबंधित विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक जा पहुंचा. इन शिकायतों में 4 जून को घोषित परीक्षा परिणाम में अनियमितता और गड़बड़ी शामिल है. याद रहे कि उसी दिन लोक सभा चुनाव के नतीजे भी आए थे.इनमें अहम प्रश्नचिह्न था कई विद्यार्थियों का अस्वाभाविक रूप से पूर्णांक हासिल करना. इनमें कई हरियाणा के एक ही सेंटर से परीक्षा देने वाले थे. इसके अलावा यह भी सामने आया कि प्रश्न पत्र की दिक्कतों की वजह से कुछ बच्चों को ' ग्रेस मार्क्स' यानी कृपांक दिए गए. इससे पारदर्शिता को लेकर सवाल उठे. बिहार और गोधरा में पर्चा लीक होने की खबरें भी आईं. उसके बाद केंद्र सरकार ने कृपांक रद्द कर दिए और इस माह के अंत में उन बच्चों की पुनः परीक्षा कराने को कहा है. शिक्षण में प्रवेश स्तर के रोजगार और पीएचडी में दाखिले के लिए यूजीसी-नेट की ताजा परीक्षा को शिक्षा मंत्रालय ने उस समय रद्द कर दिया जब गृह मंत्रालय की ओर से खबर आई कि इस परीक्षा में भी गड़बड़ी हुई है.एनटीए की कमियां इस समस्या का एक पहलू हैं. परंतु मौजूदा विवाद बड़े सवालों की ओर भी संकेत करता है जो शिक्षा व्यवस्था के ढांचे से संबद्ध है. उनमें से ताजा सवाल यह है कि क्या देशव्यापी स्तर पर फैली परीक्षाओं का केंद्रीकरण व्यावहारिक विकल्प है?उदाहरण के लिए नीट की परीक्षा में 24 लाख बच्चे बैठे और यूजीसी-नेट में नौ लाख विद्यार्थी शामिल हुए. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### जरूरत या जरुरत

**फिल्म** मनमौजी में किशोर कुमार का एक गाना बहुत ही लोकप्रिय हुआ था और आज भी उसकी लोकप्रियता बनी हुई है. गाना है-जरूरत है, जरूरत है. एक श्रीमती की, कलावती की इस गाने में किशोर साहब ने 'जरूरत' शब्द का उच्चारण बड़े ही अनोखे ढंग से किया है. पढ़ाई के समय साहित्य और व्याकरण में अधिक रुचि होने के कारण मैं इस गाने के 'जरूरत' शब्द को सहज ही समझ गया कि 'ज' के बाद 'र' में दीर्घ ऊ की मात्रा लगी है. हिंदी और संस्कृत दोनों भाषाओं की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि जिस शब्द को जैसे बोला जाता है, उसे वैसे ही लिखा भी जाता है. लेकिन समस्या तब होती है, जब हम शब्दों का उच्चारण ही अशुद्ध करते हैं. तो फिर समाधान क्या है? यही कि शुद्ध लिखने के लिए शुद्ध बोलने का भी अभ्यास जरूरी है. अब एक बार फिर हम जरूरत शब्द पर आते हैं. यह जरूरत शब्द का मूल जरूर है. अरबी भाषा से आये जरूर शब्द का अर्थ है अवश्य. इसी से बने जरूरी शब्द का अर्थ है आवश्यक. इसी से बना है जरूरत, जिसका अर्थ है आवश्यकता, प्रयोजन, चाह, आकांक्षा, ख्वाहिश, कारण, सबब, इच्छा, तंगी. कई समाचार पत्रों में मैंने जरूरत शब्द को जरुरत, जरूर को जरुर और जरूरी को जरुरी भी छपा देखा है, जो सही नहीं है. सामान्यतः सामान्य लोग भी जब बोलते हैं तो जरूरत के रू अक्षर के उच्चारण को ज की तुलना में दोगुना समय लगाते हैं. अगर हम खुद के बोलने के लहजे पर गौर करें तो समझ जायेंगे कि इसे कैसे लिखना है. हम जब भी बोलते हैं तो जरूरत ही बोलते हैं. इसलिए अब जरुरत लिखने की जरूरत नहीं. कहा है-ज़िंदगी यूंही बहुत कम है मोहब्बत के लिए, रूठ कर वक्त गंवाने की ज़रूरत क्या है. जरूरी नहीं कि जो गलती अभी तक होती रही है, वह आगे भी होती रहे.

# नजर के चश्मे के साथ आंखों का गठबंधन

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



जब से हमने नजर का चश्मा पहनना शुरू किया है, बड़ा अटपटा महसूस हो रहा है. वह जमाना और था, जब हम अकेले आंखों के दम पर सब कुछ देखते थे. आंखें खोलीं और देखना शुरू. कोई रुकावट नहीं. किसी के समर्थन की आवश्यकता नहीं थी. अब आंखें तभी देखना शुरू करती हैं, जब नजर के चश्मा का समर्थन मिलता है. कुछ भी पढ़ना हो या दूर का भी देखना हो तो पहले नजर के चश्मे के साथ मीटिंग करनी पड़ती है. नजर का चश्मा दो कानों और एक नाक पर खुद टिका हुआ है. अगर नाक और कान को भगवान न करें, कुछ हो जाए तो नजर का चश्मा टिक ही नहीं सकता. हर समय कानों पर बोझ रहता है. नाक पर नजर के चश्मे का निशान बन जाता है. मेरे ख्याल से अगर चार-पांच साल नजर का चश्मा किसी ने नाक पर टिका लिया, तो दूसरा व्यक्ति नाक देखकर ही पहचान लेगा कि इसकी आंखें नजर के चश्मे का समर्थन लेकर ही चल रही थीं .एक बार नजर का चश्मा चढ़ गया तो उतरना बहुत मुश्किल है. आदमी जोड़-तोड़ कोशिश तो करता है कि किसी तरह अपनी आंखों की दशा सुधार ले और नजर के चश्मे से मुक्ति प्राप्त कर ले. लेकिन व्यवहारिक रूप से यह संभव नहीं रहता. अगर नजर का चश्मा नहीं पहना जाए तो भी जेब में रखकर चलना पड़ता है. कोई बारीक लिखा हुआ अगर पढ़ना है, तो नजर के चश्मे के बगैर नहीं पढ़ा जा सकता. कहने का मतलब यह है कि चीजों की बारीकियों में उतरने के लिए नजर का चश्मा जरूरी हो जाता है. यह तो भगवान की बड़ी कृपा है कि नजर के चश्मे के समर्थन से आंखें देख पा रही हैं. वरना अगर आंखों की स्थिति ज्यादा कमजोर होती तो फिर नजर का चश्मा भी कुछ नहीं कर पाता. नजर के चश्मे कई प्रकार के होते हैं. कुछ लोगों को नजदीक का देखने के लिए एक चश्मा लगाना पड़ता है. दूर का देखने के लिए दूसरा चश्मा लगाना पड़ता है. कुछ लोग एक ही चश्मे में नीचे की तरफ 'कट' लगाकर पढ़ने का और इसी चश्मे से आंख ऊपर करके दूर तक देखने का इंतजाम कर लेते हैं. आजकल 'प्रगतिशील चश्मे' भी आ गए हैं. इन चश्मों से अगर आप नजदीक से देखेंगे तो भी साफ-साफ दिख जाएगा और दूर का देखेंगे तो भी दिख जाएगा. प्रगतिशील चश्मा इस समय सबसे अच्छा माना जाता है. बस इतना जरूर है कि शुरू में महीने-दो महीने यह लगाने वाले व्यक्ति के लिए परेशानी पैदा करता है. फिर धीरे-धीरे आंखें अभ्यस्त हो जाती हैं और जिस प्रकार से हम बिना चश्मे के परिदृश्य को देखते थे, ठीक उसी प्रकार हम सहज रूप से चश्मा लगाकर चीजों को देखते रहते हैं.

मोटिवेशन

# बच्चों में पनपती घातक आदतें



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

**बुरी आदतों को बुरा क्यों कहा जाता है? जॉन रैम्टन ने इसका बहुत सही जवाब दिया है-बुरी आदतें हमारी उत्पादकता और रचनात्मकता को नष्ट कर देती हैं. वे हमें धीमा कर देती हैं और हमें हमारे लक्ष्य से भटकाती हैं और स्वास्थ्य खराब करती हैं. अच्छी आदतें छूट भी जाएं, बुरी आदतों से छुटकारा पाना बहुत कठिन होता है. आज 10 घातक आदतों के बारे में चर्चा जो बच्चों में देखी जा रही. इन आदतों में से एक-दो भी अगर बचपन में लग जाए, तो भविष्य अंधकारमय हो सकता है :**

## अड्डाबाजी और लेट नाइट पार्टी



आप किसी भी समय शॉपिंग मॉल, पिकनिक स्पॉट, पार्क, फास्ट फुड ज्वांट्स पर चले जाएं, स्टूडेंट आपको अड्डा मारते मिल जाएंगे. लेट नाइट पार्टी अब बड़े शहरों से छोटे शहरों में भी आ गई है.

## ऑनलाइन बेटिंग और गेमिंग



इनके पीछे बच्चे अपना समय और पैसा दोनों बर्बाद कर रहे हैं. ऑनलाइन बेटिंग जुआ है. जिसे जुए की लत लग गई, वह पढ़ने या दूसरे सुध छोड़ जुआ खेलने के लिए कुछ भी कर सकता है.

## शराब और ड्रग्स



शराब की दुकानों पर 60 से 75% भीड़ युवाओं की होती है. अब नशे के कैप्सूल्स मार्केट में आ गए हैं. आजकल सीनियर क्लास के बच्चों की बर्थडे पार्टी में भी शराब के साथ-साथ विभिन्न तरह का ड्रग्स का प्रयोग हो रहा है.

## सोना और पड़े रहना

दिन में सोना, वह भी दो-दो, तीन-तीन घंटा रेगुलर बेसिस पर! यह एक तरह का अपराध है. भविष्य को दांव पर लगाना है. इस रैट रेस वाली दुनिया में सोने वाला व्यक्ति दोड़ में कभी आगे नहीं निकल सकता.



## ऑनलाइन शॉपिंग और गैजेट्स



लड़कियों में ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है. लड़कों में मॉडर्न गैजेट्स के प्रति दीवानगी सिर चढ़ कर बोल रही है. मंहगे फोन और लैपटॉप्स उनकी जरूरत में शामिल हो गए हैं.

**पॉर्न अर्थात अश्लील फिल्में :** इंटरनेट पर गंदी फिल्में और सामग्री बहुत आसानी से उपलब्ध है, जिन्हें स्कूल के बच्चे आसानी से अपने मोबाइल या टैब पर देख सकते हैं और देख रहे हैं. रेप केसेस में अंडर 18 बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है जिसका प्रमुख कारण हैं ये फिल्में.

**फास्ट फूड :** युवाओं में फास्ट फूड की दीवानगी बढ़ती जा रही है. साथ ही बढ़ रही हैं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं. मोटापा, अपच, ह्रदय रोग, बीपी, शुगर जैसी बीमारियां पहले सिर्फ बड़ों को होती थीं, अब स्टूडेंट्स भी इनके शिकार होते जा रहे हैं.

**कंपनी या सोहबत :** कोई पेरेंट नहीं चाहता कि उनका बेटा-बेटी बिगड़े, गलत रास्ते पर जाए. उनके बिगड़ने की एक बड़ी वजह होती है गलत दोस्तों की सोहबत. अपने बच्चों के दोस्तों पर ध्यान दें. अन्यथा बच्चा कब बिगड़ जाएगा, उनको पता भी न चलेगा.

**गंदी भाषा :** आजकल के बच्चे पैरेंट के सामने बहुत अच्छी भाषा का प्रयोग करते हैं, आज्ञाकारी बन कर रहते हैं. लेकिन उनको उनके दोस्तों के बीच देखने पर हार्ट अटैक आ जाएगा. बिना गाली के उनका कोई लाइन पूरी नहीं होती, गंदी भाषा के साथ-साथ बहुत गंदी बातें करते हैं.

**क्रोध और चिड़चिड़ापन :** परिवार में अब एक या दो ही बच्चा होता है जिनकी हर इच्छा पूरी की कर दी जाती है. धीरे-धीरे वे जिद्दी और रूड हो जाते हैं. डिमांड पूरी नहीं होने पर सामान तोड़ देते हैं, चीखते-चिल्लाते हैं, दरवाजे को जोर से बंद करते हैं. बच्चों में क्रोध और चिड़चिड़ापन बढ़ते जा रहा है.

### मूल मंत्र

जेरोम हींस का कहना है – बुरी आदतों को समाप्त करने का एकमात्र सही तरीका है, उन्हें अच्छी आदतों से बदलना. इन बुरी आदतों को अच्छी आदतों में तब्दील करने लिए पेरेंट्स को और ज्यादा जागरूक होने की जरूरत है. उसके लिए उन्हें ये तीन काम करने होंगे :

1. पेरेंट्स को खुद अनुशासन में रहना होगा और बच्चों को अनुशासन का पाठ सिखाने के लिए थोड़ी कड़ाई बरतनी होगी.
2. खुद उन्हें सोशल साइट्स का बहुत सीमित प्रयोग करना होगा. ऑनलाइन शॉपिंग कम करनी होगी. फास्ट फूड खाना बहुत कम करना होगा.
3. बच्चों को हेल्दी हॉबीज में इंगेज करना होगा. उन्हें ड्राइंग, म्यूजिक, डांस, स्विमिंग या उनके मनपसंद कोर्स में दाखिला दिलाना होगा. उनके शिक्षण संस्थान में होने वाली सारी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना होगा.

बच्चों का वर्तमान अच्छा होगा तो उनका भविष्य भी उज्ज्वल होगा. जरूरी है बच्चे खुद अपने वर्तमान को बेहतर बनाने के लिए प्रयत्नशील हों. पेरेंट्स और शिक्षक अपने स्तर पर उनका उचित मार्गदर्शन करें.




यात्रा वृतांत

**नेतरहाट की हवा चीड़ के वृक्षों को चूमती हुई संगीत की लय पर नाचती है. जब हम नेतरहाट पहुंचे तो सड़क पर अनानास के फलों की तरह लेकिन आकार में छोटे चीड़ के कांटेदार फलों ने हमारा स्वागत किया. सड़क के किनारे पहरेदार की तरह खड़े ऊंचे चीड़ के वृक्षों की पतली सुई जैसी सूखी हुई पत्तियों के ढेर, उस स्थान को एक अलग और विशिष्ट पहचान दे रहे थे. वैसे तो प्रकृति ने दोनों हाथों से पूरे झारखंड पर ही अपनी सुषमा लुटाई है पर नेतरहाट में तो यह अपने उरूज पर दिखाई पड़ती है. नेतरहाट पुराने बिहार यानी वर्तमान के झारखंड एवं बिहार का इकलौता हिल स्टेशन है, जिसे छोटानागपुर की रानी भी कहते हैं.**

# यहां संगीत की लय पर नाचती है हवा



नीरज नीर



रांची से हम सुबह लगभग 9 बजे नाश्ता करके निकले थे. 9 मई को हमारी शादी की सालगिरह थी. 7 मई की शाम में हमने तय किया कि कहीं बाहर चला जाए. सामान्य रूप से नेतरहाट में पीक सीजन में होटल की बुकिंग नहीं मिलती है, पर गरमी में ऑफ सीजन होने के कारण बुकिंग मिल गई थी. नेतरहाट हम लोहरदगा होकर सड़क के रास्ते गए थे. रांची से नेतरहाट की दूरी सड़क मार्ग से लगभग 156 किलोमीटर है और इसे तय करने में साढ़े तीन घंटे का वक्त हमें लगा. घाघरा पार करते ही सड़क के दोनों किनारे वृक्षों की लंबी श्रृंखला आपस में गलबहियां करते दिखाई पड़ने लगी थीं. इन नजारों से गुजरते हुए चटकपुर से आगे चलकर नेतरहाट के लिए पहाड़ की चढ़ाई शुरू हो जाती है. पहाड़ की चढ़ाई यद्यपि बहुत खड़ी तो नहीं है पर इस रास्ते में मोड बहुत हैं. कई जगह तो लगभग 20-30 मीटर पर ही सड़क मुड़ जाती है. सड़क के नीचे गहरी खाइयां, वहां से गुजरते हुए रोमांच से भर देती है. बांस के झुरमुट जगह-जगह दिखाई देते हैं. इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि नेतरहाट का मुण्डारी भाषा में अर्थ बांस का हाट या बांस का बाजार होता है. इन्हीं दृश्यों को देखते हुए जब हम नेतरहाट पहुंचे तो जो बात सबसे पहले जेहन में आई, वो यह कि इसे तो नेचर्स-हार्ट कहना चाहिए. नेतरहाट वस्तुतः प्रकृति का दिल ही तो है. दूर तक पसरा हुआ वन-प्रांतर, चारों ओर विस्तृत पहाड़ियों की श्रृंखला, चिड़ियों की चहचहाहट, पहाड़ से नीचे दिखती कोयल नदी का निस्पंद बहाव और ताजा शुद्ध हवा मानो प्रकृति ने स्वयं अपने निवास के लिए इसे चुना है.

नेतरहाट अभी भी एक बहुत ही छोटी जगह है, जहां गिनती के होटेल्स हैं. बाजार के नाम बस स्टैन्ड में ही छोटी-छोटी कुछ दुकाने हैं. नेतरहाट में हमने होटल प्रभात विहार में जो कि झारखंड सरकार के अंतर्गत पर्यटन विभाग का होटल है, में कमरा बुक किया था. इस होटल के कुछ कमरों की बैल्कनी से सूर्योदय का दृश्य देखा जा सकता है. अन्य होटलों में ठहरने वाले लोग भी सूर्योदय का दृश्य देखने के लिए इस होटल के कॅम्पस में बने सनराइज़ पॉइंट पर आते हैं. होटल सरकारी था और इसमें सरकारी वाले सारे गुण मौजूद थे.

समुद्र तल से लगभग 1200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित नेतरहाट रांची से 600 मीटर अधिक ऊंचाई पर स्थित है. इसलिए रांची से स्वाभाविक रूप से तीन-चार डिग्री तापमान यहां का कम होता है. भोजन के पश्चात हमने तय किया कि कुछ जगह घूम लिए जाएं. होटल के मेनू बुक के पीछे नेतरहाट में घूमने लायक जगहों की सूची और उनकी दूरी दी गई थी. लगभग दो बजे जब हम होटल से निकले तो फिर से मेघों ने अपने पंख पसारने शुरू कर दिए थे और धूप बादलों के पीछे गायब हो गई.

## नेतरहाट का आवासीय विद्यालय



हम जा पहुंचे प्रसिद्ध आवासीय विद्यालय तक जिसकी स्थापना आजादी के बाद संयुक्त बिहार के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए की गयी थी. विद्यालय का प्रांगण बहुत ही विस्तृत है और आज भी इसका इन्फ्रस्ट्रक्चर बहुत शानदार है. स्कूल के अपने तीन खेल के मैदान हैं. विभिन्न ऋषियों के नाम पर इसके छात्रावास बने हैं, जो स्कूल कॅम्पस से अलग हैं. स्कूल जाने के रास्ते में दोनों तरफ चीड़ के ऊंचे वृक्ष वहां के सौन्दर्य को बढ़ा देते हैं. लेकिन इनसे गिरे फलों और पत्तों की नियमित सफाई करनी पड़ती है.

बाहर झमाझम बारिश हो रही थी और हम अपने होटल के कमरे से सामने कोयल नदी और उसके पार बादल में डूबे पहाड़ियों को देख रहे थे. लगभग एक-डेढ़ घंटे की जोरदार बारिश के बाद बारिश थम गयी और मौसम बिल्कुल ही साफ हो गया. धुली हुई निखरी-निखरी धूप निकल आई और सामने कोयल नदी का चमकीला पानी दिखने लगा था. पहाड़ियों पर से भी बादल हट चुके थे और पहाड़ियां साफ दिखने लगी थी. इन पहाड़ियों की विशेषता यह है कि यह बिना शिखरों के बहुत लंबी दूरी तक चौरस है, जैसे किसी हाथी की पीठ हो. बारिश थमने के बाद मौसम भी ठंढा हो चुका था. शाम में हमें सन्सेट पॉइंट देखने जाना था, जिसे मैगनोलिआ पॉइंट भी कहते हैं. लेकिन शाम होने में अभी वक्त था तो वहां जाने से पूर्व हमने कुछ और देखने का निर्णय लिया. पूरे नेतरहाट में विभिन्न टुरिस्ट अट्रैक्शन के रास्ते को दिखाने के लिए पर्यटन विभाग ने बहुत अच्छे से दिशा सूचक बोर्डस लगाए गए हैं. इन दिशासूचक बोर्डस को देखते हुए हम आगे बढ़ते गए.

## चीड़ का संगीत और कोयल व्यू पॉइंट

हमारे होटल से लगभग दो ढाई किलोमीटर की दूरी पर कोयल व्यूपॉइंट था. इसे एक अच्छे से पार्क के भीतर बनाया गया है. जब हम पार्क के भीतर पहुंचे तो वहां एक आवाज ने हमारा ध्यान खींचा. हम चौंके कि यह आवाज कैसी है? मेरी पत्नी की राय थी कि हो न हो यह नीचे बह रही कोयल नदी की आवाज है. लेकिन कोयल नदी वहां से दूर थी और गरमी का मौसम होने की वजह से उसमें क्षीण जलधारा ही थी, ऐसे में उसकी आवाज सुनाई पड़ना संभव नहीं था. थोड़ा गौर करने पर हमने पाया कि पार्क के बिल्कुल बगल में चीड़ के पेड़ों का जंगल था और हवा चलने से उसीसे यह आवाज आ रही थी. पार्क के भीतर एक वाच टावर बनाया गया है, जिसपर चढ़कर पहाड़ी के नीचे घाटी में बहती कोयल नदी के दृश्य को देखा जा सकता है. तस्वीर लेने के लिए यह एक बहुत अच्छी जगह थी.

## नाशपाती के बाग

रांची में हम सुनते आए थे कि वहां के बाजार में नेतरहाट से नाशपाती आते हैं, लेकिन हमने कभी नाशपाती के बाग नहीं देखे थे. सुबह में हम जल्दी ही नाशपाती के बाग देखने निकल पड़े. लेकिन वहां पहुंचने के क्रम में हम जंगल वारफेयर स्कूल जा पहुंचे. यह नक्सल विरोधी अभियानों के लिए पुलिस को विशेष ट्रैनिंग प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है. कभी नेतरहाट के इलाके बुरी तरह नक्सल प्रभावित थे. वहां से आगे बढ़ने पर थोड़े ऊबड़-खाबड़ रास्तों से आगे बढ़ते हुए हम जा पहुंचे नाशपाती के बागानों में. फल अभी आए ही थे, इसलिए छोटे-छोटे थे. एक फल को तोड़कर हमने चखने की कोशिश की लेकिन स्वाद अभी कसैला था. यह बागान झारखंड सरकार के अधीन देखरेख में है.

लौटते हुए हम नेतरहाट के झील के पास पहुंच गए. इस झील के किनारे आजकल कुछ रिसॉर्टस बन गए हैं और एक सुंदर पार्क भी विकसित किया गया है. सुबह में मौसम बहुत सुहाना था, ठंडी हवा बह रही थी. नेतरहाट में घूमने की जगहों की सूची में दो झरने भी हैं, अपर घाघरी और लोअर घाघरी. लेकिन हमें पता चला कि गरमी का मौसम होने के कारण झरने सूखे पड़े हैं और दूसरे कि इसके लिए जंगल में कोई पांच-सात किलोमीटर भीतर जाना होता है. हम वापस लौट आए थे. नाश्ता करने के उपरांत समय आ गया था नेतरहाट को विदा कहने का. जंगलों से आती हुई हवा पुनः आने का निमंत्रण दे रही थी. हमने गाड़ी की खिड़की खोल दी और जी भर कर वहां की हवा को अपने फेफड़ों में भरते हुए वापस लौट चले.

## मैगनोलिया पॉइंट



मैगनोलिया पॉइंट नेतरहाट के विभिन्न टूरिस्ट स्पॉटस में सबसे दूरी पर स्थित है. यह लगभग वहां से 10 किलोमीटर दूर है. इसे सनसेट पॉइंट कहते हैं. शाम होने वाली थी, इसलिए हमने वहीं जाने का निर्णय लिया. रास्ते में छोटे-छोटे कुछ आदिवासी गांवों से होते हुए हम सनसेट पॉइंट पहुंचे. एक कथा के अनुसार मैगनोलिया एक अंग्रेज लड़की थी, जिसे वहां के एक स्थानीय चरवाहे लड़के से प्रेम हो गया था. लेकिन उसके घरवालों के विरोध के कारण उसने अपने घोड़े सहित सनसेट पॉइंट से कूदकर जान दे दी। इसी की स्मृति में वहां पर मैगनोलिया और चरवाहे की एक मूर्ति बनायी गई है. जिसमें मैगनोलिया घोड़े पर बैठी है और चरवाहा वंशी बजा रहा है. लेकिन देखरेख के अभाव में मूर्ति कई जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है. यह कहानी एक दंतकथा सी प्रतीत होती है. क्योंकि जहां पर यह पॉइंट है, वहां बहुत अधिक सीधी ढलान वाली खाई नहीं है. जब सूरज के डूबने का समय आया तो बादलों ने सूरज को छुपाने की कोशिशें शुरू कर दी. लेकिन सूरज बार-बार बादलों से निकलकर बाहर आ जा रहा था, मानो कह रहा हो कि तुम इतनी दूर से आए हो तो हम तुम्हें निराश नहीं करेंगे. वहां सूरज को पहाड़ों के पीछे डूबते हुए देखना बहुत ही अच्छा अनुभव था. हमने वहां कुछ तस्वीरें उतारी. नीले अम्बर में बादलों से छितराकर सूरज की लाल किरणें ऐसा दृश्य उत्पन्न कर रही थी, जैसे कि कोई चित्रकार एक बड़े कनवास पर नई-नई पेंटिंग बना रहा हो. मैगनोलिया पॉइंट के पास ही बनाए गए शेड में एक महिला कुछ स्थानीय उत्पाद बेच रही थी. वहीं कुछ बच्चे भी लकड़ी के खिलौने बेच रहे थे. हमने वहां पुटकल के आचार खरीदे. पुटकल झारखंड के जंगलों में मिलने वाला एक फूल होता है, जिसका अचार बनाए जाते हैं. वहां से लौटकर स्थानीय बसस्टैन्ड की एक दुकान में चाय पी और लौटकर होटल वापस आ गए.

# तन–मन का सरगम

***अगर मेरे पास फिर से जीने के लिए जीवन होता, तो मैं कुछ कविता पढ़ने और हर हफ्ते कम से कम एक बार म्यूजिक सुनने के लिए एक नियम बना देता. जीवन के बाद के दिनों में महान वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन ने यह बात कही थी तो इससे संगीत का माद्दा बखूबी जाहिर होता है. इस बाबत जितने भी अध्ययन हुए हैं, सबमें जाहिर होता है कि संगीत सुनने से कोई भी व्यक्ति शारीरिक व मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है. अकेलापन की समस्या कम होती है. संगीत सुनने से मूड बेहतर होता है और कार्यक्षमता बढ़ती है. रिसर्च में तो यह भी जाहिर हुए हैं कि निरंतर धीमे संगीत से गंभीर बीमारियों से उबरने में भी मदद मिलती है. आइए आज चर्चा करें संगीत सुनने के कुछ फायदों की....***

**शारीरिक व मानसिक दर्द करता है कम**
दर्द चाहे शारीरिक हो या फिर मानसिक, बेहतर संगीत दोनों को कम करने का माद्दा रखता है. खासकर मानसिक परेशानी की स्थिति में संगीत किसी जादू की तरह असर करता है. एक अध्ययन में पाया गया है कि असहनीय दर्द में जब शख्स को संगीत सुनाया जाता है तो वह अपने दर्द की प्रतिक्रिया देना भूल जाता है. बीमार बच्चों को अच्छा संगीत सुनाने से उन्हें इंजेक्शन लगाने के दौरान कम दर्द महसूस होता है.

**बेहतर नींद :** यदि रात में नींद नहीं आने की समस्या से परेशान हैं तो सोने से पहले 30-45 मिनट क्लासिकल/धीमा संगीत सुनें. मांसपेशियों को आराम मिलेगा और मन की व्याकुलता दूर होगी. आप नींद की गोद में कब चले जाएंगे, पता भी नहीं चलेगा.

**बढ़ाता है याददाश्त :** कई अध्ययनों में जाहिर हुआ है कि अगर आप अपनी पसंद का धीमा संगीत सुनते हैं तो पढ़ा हुआ बेहतर याद रहता है. पसंदीदा म्यूज़िक ध्यान में एकाग्रता लाता है.

**भावनात्मक संतुलन बनाए रखता है संगीत :** नियमित संगीत सुनना आपको भावनात्मक रूप से संतुलित बनाए रखता है. इससे आपको अपनी समस्याओं से बाहर निकलने में मदद मिल सकती है.

**हाई ब्लड-प्रेशर और स्ट्रोक में मददगार :** रोजाना सुबह-शाम कुछ देर तक संगीत सुनने से उच्च-रक्तचाप का स्तर सुधरता है तो वहीं धीमी गति का संगीत सुनने से स्ट्रोक की समस्या भी दूर होती है.



# वर्कप्लेस : बेहतर परफॉर्मेंस करेगा जिंदगी आसान

**कहा जाता है कि वर्कप्लेस को एंजॉय करें तो जिंदगी आसान बन जाती है और काम का बोझ भी सिर पर नहीं रहता. बात तो सही है, पर कैसे संभव है यह सबकुछ. हमने बात की कुछ वरिष्ठ प्रबंधकों से तो निकल आए कुछ ऐसे टिप्स...**

- **भटकाव से बचें**

कार्यस्थल पर बेहतर परफॉर्मेंस के लिए हमें काम पर फोकस होना जरूरी है. बेवजह की बातचीत और सोशल मीडिया के नोटिफिकेशंस हमें हमारे लक्ष्य से भटकाते हैं. बेहतर है कि कार्यस्थल पर हम खुद को सोशल मीडिया से दूर रखें. जिस टैब पर काम कर रहे हैं, वही खुला रखें, गैर-जरूरी टैब्स को बंद रखें. जब हमारे सिस्टम में गैर-जरूरी टैब्स खुले होते हैं, तो जाहिर है कि आपका ध्यान इधर-उधर भटकता है. इससे हमारी कार्यक्षमता प्रभावित होती है.

- **प्राथमिकता तय करें**

कार्यस्थल पर कई बार ऐसा होता है कि हमारे पास एक साथ कई काम आ जाते हैं, ऐसे में आपको प्राथमिकता के आधार पर एक लिस्ट तैयार करनी चाहिए. उसके बाद जो ज्यादा जरूरी काम हैं, उन्हें निपटाना शुरू करना चाहिए. एक बार जब आप जरूरी काम समय से निपटा लेंगे आपका बाकी का दिन भी उलझन और परेशानी से मुक्त होकर बेहतर नतीजे दिलाएगा.

- **पहले छोटेछोटे काम**

कई बार ऐसा होता है कि कुछ मेल के जवाब देना या कोई फॉर्म भरना... या ऐसे ही छोटेछोटे कम समय के काम हम टालते जाते हैं. ऐसे जितने भी काम हैं, उन्हें कभी भी बैकलॉग में न डालें. छोटे-छोटे काम को पूरा करना बेवजह के भीड़ से बचाता है और हम बेहतर परफॉर्मेंस कर पाते हैं.



- **डेडलाइन सेट करवाएं**


हर का एक डेडलाइन सेट करना बेहतर होता है पर उससे भी बेहतर होता है कि इस खुद तय करने की जगह अपने बॉस से तय करवाना. इससे काम के प्रति गंभीरता अधिक रहती है.यह आजमाई हुई बात है कि जब हमारे बॉस या क्लाइंट डेडलाइन सेट करते हैं, तो हम उसे गंभीरता से लेते हैं और काम को उस डेडलाइन में खत्म करते हैं.

- **व्यवस्थित हो वर्कप्लेस**

यह कई अध्ययनों में स्पष्ट हो चुका है कि अगर आपका वर्क स्टेशन ऑर्गनाइजड नहीं होता है तो आप बार-बार डिस्ट्रैक्ट होते हैं. इसलिए काम पर फोकस करने के लिए जरूरी है कि आप अपने वर्क स्टेशन को ऑर्गनाइज रखें और खुशनुमा रखें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+



## आत्मविश्वास से लबरेज है टीम इंडिया, वहीं अफगानिस्तान से हारकर ऑस्ट्रेलिया है बैकफुट पर

# आज का मैच : भारतीय टीम बांध सकती है ऑस्ट्रेलिया का बोरिया बिस्तर



भाषा। ग्रोस आइलेट

आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी जबकि अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है. भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी. वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है. अफगानिस्तान से हारने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाये. आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर ऑस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी. भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है. अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया. तीसरे नंबर पर उतरे ऋषभ पंत रिवर्स हिट लगाने के चक्कर में अक्सर विकेट गंवा रहे हैं और उन्हें इस कमी से पार पाना होगा. इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे सकारात्मक बात हार्दिक पंड्या का हरफनमौला प्रदर्शन रही है, जिन्होंने गेंद और बल्ले दोनों के जौहर दिखाये हैं. कुलदीप यादव की फिरकी भी कैरेबियाई पिचों पर असरदार साबित हो रही है. तीन सुपर आठ मैच एक एक दिन के अंतर पर खेलने की दशा में टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को रोटेट कर सकता था लेकिन इसकी संभावना नहीं दिख रही. शनिवार की रात यहां पहुंची भारतीय टीम ने अभ्यास नहीं किया. डेरेन सैमी स्टेडियम पर यह दूसरा दिन का मैच होगा. दिन रात के मैचों में बड़े स्कोर बने हैं लेकिन पिछले मैच में इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 164 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी थी.

ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी के 'फ्लॉप शो' के बाद काफी सुधार करना होगा. ऑस्ट्रेलिया की फील्डिंग में लचर प्रदर्शन भी हैरान करने वाला था. यह देखना रोचक होगा कि कोहली लेग स्पिनर एडम जम्पा का सामना कैसे करते हैं जो कई मौकों पर उनका विकेट ले चुके हैं.

### टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज.

**ऑस्ट्रेलिया :** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा.

*मैच का समय : रात आठ बजे से.*

### ब्रीफ खबरें

**रिकर्व मिश्रित टीम ने कांस्य पदक जीता**

**अंताल्या (तुर्की)।** धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता. भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 अंक से हरा दिया.

**नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया है. इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था. नाडा ने टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था . उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये मूत्र के नमूने नहीं दिये थे.

**यूरो कप : बेल्जियम ने रोमानिया को हराया**

**कोलोन (जर्मनी)।** पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया. यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा. दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी. इस जीत के बाद अब ग्रुप ई की चारों टीमों के तीन-तीन अंक हैं.

**दो वर्षों से हमें ऐसी जीत की कमी थी : राशिद**

**किंग्सटाउन।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद कहा कि टीम को पिछले दो वर्षों में इस तरह के गौरवशाली पल की कमी खल रही थी. अफगानिस्तान ने सुपर 8 के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखा. राशिद ने कहा, यह हमारे लिए एक टीम और एक देश के रूप में बहुत बड़ी जीत है. यह शानदार एहसास है.

## सुपर आठ के मुकाबले में दिग्गज टीम को 21 रन से हराया

# अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर

भाषा। किंग्सटाउन

अफगानिस्तान ने गुलबदिन नायब के चार विकेट की मदद से टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को 21 रन से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए अपने क्रिकेट इतिहास का एक और सुनहरा अध्याय लिख डाला. पैट कमिंस का लगातार दूसरी हैट्रिक लेने का कारनामा भी बेनूर हो गया. अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 148 रन बनाये और जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19 . 2 ओवर में 127 रन पर आउट हो गई. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की ऑस्ट्रेलिया पर यह पहली जीत है. ऑस्ट्रेलिया को अब सोमवार को हर हालत में भारत को हराना होगा और यह दुआ करनी होगी कि अगले मैच में बांग्लादेश अफगानिस्तान को हरा दे. अफगानिस्तान के लिये सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) ने 118 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी. कमिंस ने हालांकि लगातार दूसरे मैच में दो ओवरों में हैट्रिक पूरी करते हुए अफगानिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोका. ऑस्ट्रेलिया के पावरप्ले में तीन विकेट 32 रन पर गिर गए थे, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने 41 गेंद में 59 रन बनाकर टीम को मैच में बनाये रखा. नायब ने गेंदबाजी का जौहर दिखाते हुए 2021 की चैंपियन टीम पर दबाव बना दिया. इसके साथ ही अफगानिस्तान ने पिछले साल वनडे विश्व कप में मुंबई में मिली हार का बदलाव भी चुकता कर दिया. उस समय मैक्सवेल ने अफगानिस्तान से जीत छीन ली थी और एक बार फिर वह ऐसा ही करते दिख रहे थे लेकिन नायब ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया. अफगानिस्तान के खिलाड़ी जीत के बाद खुशी से उछलते नजर आये और यही हाल उनके सहयोगी स्टाफ का भी था. इस मैच के बाद अब आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान दोनों ने एक एक मैच जीता है जबकि भारत दोनों मैच जीतकर ग्रुप एक में शीर्ष पर है. स्पिनरों की मददगार विकेट पर 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत परफेक्ट रही. नवीनुल हक ने नयी गेंद से दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाया. पहले ट्रेविस हेड को खाता खोले बिना रवाना किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श को नबी के हाथों लपकवाया. मैक्सवेल ने अजमतुल्लाह को दो चौके लगाकर दबाव तोड़ने की कोशिश की लेकिन नबी ने दूसरे छोर पर डेविड वॉर्नर (तीन) को आउट कर दिया, जो स्लॉग स्वीप खेलने के प्रयास में नूर अहमद को कैच दे बैठे. ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में सिर्फ 33 रन बनाये और तीन विकेट गंवा दिये. पिछले साल विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की जीत के नायक रहे मैक्सवेल ने नांगेयालिया खारोटे को एक चौका और एक छक्का लगाया. नायब ने मार्कस स्टोइनिस को बाउंसर पर गुरबाज के हाथों लपकवाया. टिम डेविड को भी आउट करके ऑस्ट्रेलिया को एक और झटका दिया. ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 13वें ओवर में पांच विकेट पर 85 रन था. मैक्सवेल ने राशिद खान को 12वें और नायब को 13वें ओवर में छक्का लगाया. नायब ने 15वें ओवर में मैक्सवेल को और राशिद ने अगले ओवर में मैथ्यू वेड को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया.



**कमिंस ने टी20 विश्व कप में लगातार दूसरी हैट्रिक लगायी**

**किंग्सटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस टी20 विश्व कप में लगातार दो हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बन गए जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में यह कमाल किया. कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर राशिद खान को आउट किया. 20वें ओवर की पहली दो गेंदों पर करीम जनत और गुलबदिन नायब के विकेट लिये. कमिंस ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए सौ से ज्यादा मैच खेलने के बाद लगातार दो हैट्रिक लगाना सुखद है. कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भी 18वें और 20वें ओवर में महमूदुल्लाह, मेहदी हसन, तौहीद के विकेट लिये थे.

### टी20 वर्ल्ड कप : सुपर-8 अंक तालिका

ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +2.425 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.223 |
| अफगानिस्तान | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.650 |
| बांग्लादेश | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.489 |

ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द.अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +0.625 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +1.814 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.412 |
| अमेरिका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.908 |

## ईंट का जवाब पत्थर से देना जरूरी है : कुलदीप

भाषा। ग्रोस आइलेट



कुलदीप यादव टी20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है. पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था. वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं. उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिये हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है. कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है. उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते. दुनिया के किसी भी स्पिनर के लिये लैंग्थ काफी मायने रखती है. इस प्रारूप में तो आपको यह भांपना ही होता है कि बल्लेबाज क्या करने की सोच रहा है. इसके लिये काफी आक्रामक होना पड़ा है. मुझे आईपीएल में भी इससे मदद मिली और अब टी20 विश्व कप में भी. अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है. यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं, उन्होंने कहा , जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिए और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाये रखना जरूरी है. जब वह आप पर हमले की कोशिश करें तो आपके पास रणनीति होनी चाहिए. ऐसे में विकेट लेने की संभावना अधिक होती है.

## वेस्टइंडीज नहीं जीत पाती तो मैं तुम्हारे साथ हूं : विवियन



भाषा। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)

महान बल्लेबाज विवियन रिचडर्स ने भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम का दौरा करके रोहित शर्मा और टीम से कहा कि अगर वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप में पहले बाहर हो जाती है, तो वह भारतीय टीम की हौसला आफजाई करेंगे. रिचडर्स बांग्लादेश और भारत के बीच सुपर आठ चरण के मैच के बाद फील्डिंग मेडल देने भारतीय ड्रेसिंग रूम में आये थे. उन्होंने कहा, बेहतरीन प्रदर्शन, इतनी दमदार टीम से मैं क्या कहूं. आपका प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मैं इतना ही कहूंगा कि अगर वेस्टइंडीज टीम नहीं जीत पाती है तो मैं आपके साथ हूं. उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज का होने के नाते आपको यहां देखकर अच्छा लग रहा है. बीसीसीआई ने यह वीडियो पोस्ट की है. रिचडर्स ने फील्डिंग मेडल सूर्यकुमार यादव को दिया जिन्होंने स्क्वेयर लेग पर लिटन दास का शानदार कैच लपका था. उन्होंने ऋषभ पंत की तारीफ करते हुए कहा , उस हादसे के बाद तुम्हे यहां देखकर अच्छा लग रहा है. अगर नहीं आते तो हम एक बेहतरीन प्रतिभा को खो देते. तुम्हें इस तरह खेलते देखकर बहुत अच्छा लग रहा है. शानदार प्रदर्शन.

## आज का मैच: वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका में करो या मरो का मुकाबला

एजेंसी। नॉर्थ साउंड

मेजबान वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा. सुपर आठ चरण के पहले मैच में इंग्लैंड से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने सह मेजबान अमेरिका को नौ विकेट से हराया. अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जाएगा, जबकि हारने पर मामला नेट रन रेट पर जाएगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे. दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं, लेकिन उसे भी जीत की जरूरत है. हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी बाकी मैचों के नतीजों और नेट रन रेट पर टिका होगा. दोनों टीमों के सामने हालांकि मैच से पहले तस्वीर साफ होगी. वेस्टइंडीज टीम इंग्लैंड के खिलाफ स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रही थी लेकिन अमेरिका के खिलाफ अपनी इस कमी से उसने पार पा लिया. शाइ होप ने 39 गेंद में 82 रन बनाए और उनके अलावा डैथ ओवरों में निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल भी आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर हैं. काइल मायर्स भी अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे हैं. एसए 20 और विश्व कप से पहले



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मौका दिया जा सकता है. रोस्टन चेस ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम पावरप्ले में जब भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं, मैच जीत जाते हैं. अभी यही फोकस होगा कि पावरप्ले में गेंदबाजी और बल्लेबाजी बढ़िया रहे. दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका सारे मैच जीतने के बावजूद आत्मविश्वास से भरी नहीं लग रही. अमेरिका और नेपाल जैसी नौसिखिया टीमों ने उसे नाकों चने चबवा दिये थे. दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने कहा, पिछले सभी विश्व कप देखें तो हम कई करीबी मुकाबले हारे हें. इस बार हम उन्हें जीत रहे हैं, जो देखकर अच्छा लग रहा है. दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटोन डिकॉक और रीजा हेंडरिक्स ने रन बनाने की जिम्मेदारी निभाई है, जबकि गेंदबाजी में एनरिच नॉर्किया और केशव कामयाब रहे हैं. वेस्टइंडीज के पास अकील हुसैन, गुडाकेश मोती और चेस जैसे उम्दा स्पिनर भी हैं जिन पर बीच के ओवरों में रनगति रोकने का जिम्मा होगा.

### टीमें

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स.

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड.

**मैच का समय :** सुबह छह बजे से.

**महिला क्रिकेट** लगातार दो मैच जीतकर एकदिवसीय श्रृंखला पहले ही जीत चुकी थी टीम इंडिया

# दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ, भारत 6 विकेट से जीता



एजेंसी। बेंगलुरु

भारतीय महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मैच में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हरा कर सीरीज 3-0 से अपने नाम की. दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया.

भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना लगातार तीसरा शतक लगाने से चूक गईं. उन्होंने 83 गेंद में 90 रन की पारी खेली. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मैच में मेहमान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाए. जवाब में मेजबान टीम ने स्मृति मंधाना की 90 रन की पारी की मदद से जीत का लक्ष्य आसानी से हासिल किया. मंधाना अब भारतीय महिला टीम की ओर से 3,500 रन पूरे करने वाली सिर्फ तीसरी खिलाड़ी बनी हैं. उनके अब 85 मैचों में 45.37 की औसत और 85.07 की स्ट्राइक रेट के साथ 3,585 रन हैं. उनसे पहले मिताली राज (7,805) और हरमनप्रीत कौर ऐसा कर चुकी हैं. उन्होंने रनों के मामले में हरमनप्रीत को पीछे छोड़ा है. वनडे प्रारूप में उनसे ज्यादा रन सिर्फ मिताली ने बनाए हैं.



## ब्रीफ खबरें

### खगड़िया में सड़क हादसे में बच्ची की मौत

**खगड़िया।** खगड़िया में शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में एक छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई. घटना खगड़िया अलौली सड़क मार्ग की है. बताया जा रहा है कि बच्ची अपने घर के बाहर निकली थी. इसी दौरान तेज गति से आ रहे ई रिक्शा चालक ने बच्ची के ऊपर ई रिक्शा को पलट दिया. घटना में बच्ची बुरी तरह घायल हो गई. आनन-फानन में परिजनों के द्वारा बच्ची को अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी. सदर अस्पताल के डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया.

### पटना सिटी में जमीन ब्रोकर की हत्या

**पटना सिटी।** आलमगंज थाना के मीना बाजार जल्ला रोड में रविवार की सुबह अपराधी ने 45 वर्षीय युवक अरुण कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी है. घर के समीप में घात लगाए बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया. गोली लगने से जख्मी अरुण को परिवार के लोग उपचार के लिए एनएमसीएच लेकर गये. वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. घटनास्थल पर पहुंची आलमगंज थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. एएसपी शरथ आरएस ने बताया कि युवक की हत्या मामले में पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदू पर छानबीन कर रही है. हत्या की वजह पुरानी रंजिश है.

### बोलेरो ने बाइक सवार रेलकर्मी को कुचला

**बेगूसराय।** बेगूसराय में तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार रेल कर्मी को कुचल दिया. हादसे में रेल कर्मी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के सिंघौल स्थित एनएच 31 के समीप की है. मृतक रेल कर्मी की पहचान सिंघौल थाना क्षेत्र के सिंघौल वार्ड नंबर एक के रहने वाले मोहम्मद नौशाद के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि मो. नौशाद अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर जा रहे थे. इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल में जोरदार धक्का मार दिया.

### मृत बच्ची का शव पहले दफनाया, फिर अस्पताल जाकर किया जमकर हंगामा

# अंधविश्वास के चक्कर में दफन मृत बच्ची को बाहर निकाला

संवाददाता। भागलपुर



अस्पताल के बाहर शव के साथ परिजन व पूछताछ करती पुलिस.

भागलपुर के नवगछिया में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक दिन पूर्व एक बच्ची की मौत बीमारी के वजह से हो गई थी, जिसे परिवार वालों ने मिट्टी में दफन कर दिया था, लेकिन झाड़-फूंक करने वाली ओझा के चक्कर में आकर परिवार वालों ने मृत बच्ची को जमीन से निकाल कर नवगछिया अनुमंडल अस्पताल लाकर जमकर हंगामा किया और बच्ची के जिंदा होने की बात कही. मामला यहीं तक नहीं रुका झाड़-फूंक करने वाली महिला ने अनुमंडल अस्पताल पहुंच कर वहां भी मृत हो चुकी बच्ची का झाड़-फूंक के जरिए जिंदा करने का दावा करने लगे.

दरअसल, पूरा मामला नवगछिया पुलिस जिला के नवगछिया आदर्श थाना क्षेत्र के नोनिया पट्टी का है, जहां रहने वाले भगवाना महतो की 10 महीने पुत्री हंसिका कुमारी का पिछले दो दिनों से नवगछिया के एक निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा है, जहां शुक्रवार को उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने के बाद उसे परिजन भागलपुर के तिलकामांझी चौक पर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची की मृत घोषित कर दिया. इसके बाद परिवार वाले उसे नवगछिया लाकर करीब 4 बजे शाम में मिट्टी में दफन कर दिया था, लेकिन झाड़-फूंक करने वाली महिला सोनी देवी ने दावा किया की मेरे शरीर पर भगत आते हैं. उन्होंने ही कहा है तुम्हारी बच्ची जिंदा है उसे अस्पताल ले कर चलो, मैं मृत हो चुकी बच्ची को जिंदा कर दूंगी.

इसके बाद परिवार वाले उसके झांसे में आ गए और मिट्टी में दफन बच्ची को जमीन से निकाल कर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों के साथ अनुमंडल अस्पताल पहुंच गए और वहां डॉक्टरों से कहा कि बच्ची जिंदा है और इसे ऑक्सीजन दीजिए और झाड़-फूंक करने वाली महिला सोनी देवी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में हीं बच्ची का फूल और पानी से झाड़-फूंक करने लगी और जब डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि बच्ची की मौत हो चुकी है तो मृत बच्ची के परिजन और ग्रामीण अस्पताल में हंगामा करने लगे. इसके बाद अस्पताल प्रबंधक के द्वारा नवगछिया थाना को फोन किया. इसके बाद पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत किया गया और झाड़-फूंक करने वाली महिला सोनी देवी को कस्टडी में लेकर थाने लेकर गई.

# कटिहार, भागलपुर, मुंगेर समेत 12 जिलों में बारिश के आसार

- लोगों को गर्मी से राहत मिली है. लगातार तापमान में गिरावट हो रही है

संवाददाता। पटना

बिहार में लोगों को गर्मी से राहत मिली है. लगातार तापमान में गिरावट हो रही है. ऐसे में कई जिलों में मौसम ने लोगों को थोड़ी राहत जरूर दी है. बीते शनिवार (22 जून) की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई है. सबसे अधिक अररिया में 44.2 मिलीमीटर बारिश हुई है. रविवार को बिहार के 12 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 26 जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा. जिन जिलों में बारिश हो सकती है, उनमें सुपौल, सहरसा, खगड़िया, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, मधेपुरा, मुंगेर, बांका, कटिहार, भागलपुर और जमुई शामिल है. मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल दक्षिण-पश्चिम मानसून झारखंड के साहिबगंज और बिहार के रक्सौल होते हुए गुजर रहा है. अगले दो से तीन दिनों में पटना, गया, नालंदा, नवादा, जहानाबाद, शेखपुरा, बेगूसराय और लखीसराय में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है.

**पटना में कैसा रहेगा मौसम?**

राजधानी पटना के मौसम की बात करें तो बारिश की संभावना नहीं है. तीन दिनों में करीब चार डिग्री तक तापमान में गिरावट आई है. मौसम शुष्क बना रहेगा. रविवार को अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा.

### अनियमितता : एक सप्ताह में बिहार में तीसरा पुल धराशायी

# मोतिहारी में निर्माणाधीन पुल गिरा

- शनिवार को पुल की ढलाई हुई और रविवार को भरभरा कर गिर गयी
- सीवान में गंडक नहर पर बना पुल भी गिर गया था

संवाददाता। पटना



ढलाई के एक दिन बाद ही गिर गया पुल.

अररिया और सीवान जिले में पुल धराशायी होने की घटना के बाद मोतिहारी जिले में भी एक पुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. मोतिहारी के घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की शनिवार को ढलाई हुई थी और रविवार को पुल भरभराकर गिर गया.

करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से इस पुल का निर्माण हो रहा था. पुल की ढलाई का काम पिछले कई दिनों से चल रहा था. आरसीसी पुल का निर्माण धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड श्रीकृष्णनगर की ओर से कराया जा रहा था. शनिवार को पुल के एक हिस्से की ढलाई की गई थी, जो आज गिर गया.

लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की वजह से पुल धराशायी हो गया. ग्रामीणों ने सरकार से इसकी जांच की मांग की है. 18 जून को अररिया के बकरा नदी पर बन रहे पुल का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया था. इसके दूसरे दिन सीवान में गंडक नहर पर बना पुल भी गिर गया था और रविवार को ऐसी ही घटना मोतिहारी में हुई. एक सप्ताह में निर्माणाधीन पुल ध्वस्त होने की यह तीसरी घटना है.

**अररिया और सिवान में गिर चुका है पुल**



बता दें कि इससे पहले अररिया और सिवान में निर्माणाधीन पुल गिर चुका है. शनिवार को ही सिवान जिले में गंडक नदी पर बना एक पुल गिर गया था. यह पुल लगभग 40-45 साल पुराना था. स्थानीय लोगों का कहना है कि नहर की सफाई के दौरान मिट्टी की कटाई की वजह से पुल कमजोर हो गया था. इससे पहले अररिया जिले के सिकटी प्रखंड में भी इसी महीने की 18 जून को 12 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा एक पुल गिर गया था. बकरा नदी पर बन रहे इस पुल के तीन पिलर ढह गए थे.

# आत्महत्या करने रेलवे ट्रैक पर पहुंची महिला की पुलिस ने बचाई जान

संवाददाता। नवादा



नवादा में पति-पत्नी के बीच विवाद होने के बाद पत्नी गुस्से में आत्महत्या करने के लिए रविवार को गांव से सटे शादी पूर हॉल्ट स्टेशन पहुंच गई. इसकी सूचना मिलने पर कादिरगंज पुलिस ने पहुंचकर महिला को समझा-बुझाकर हिरासत में लेकर थाना लाया. जानकारी के अनुसार कादिरगंज थाना क्षेत्र के लोहरपूरा गांव की संगीता देवी अपने पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. इसके बाद गुस्से में आकर संगीता आत्महत्या करने के लिए शादीपुर हॉल्ट रेलवे स्टेशन पहुंच गई.

वहीं महिला को रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ा देख किसी अनहोनी की आशंका के चलते आसपास के लोगों ने मामला की सूचना स्थानीय पुलिस को दी. सुचना मिलने के बाद पुलिस ने आनन-फानन में शादी पूर हॉल्ट रेलवे स्टेशन पहुंचकर रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ी महिला को देखकर पुलिस ने आनन-फानन में हिरासत में ले लिया. सही समय पर कादीरगंज थाना में तैनात एसआइ संतोष कुमार पासवान अपने दल बल के साथ पहुंच जाने के कारण महिला की जान बच गई. पुलिस ने तत्परता दिखाकर महिला की जान बचा लिया.

महिला बार-बार कह रही थी कि मुझे नहीं जीना है मुझे मरने दीजिए. इसके बाद पुलिस द्वारा महिला को काफी मशक्कत से समझा-बुझाकर थाना लाया गया और उसके बाद महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है. जहां अस्पताल में तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज जारी है. महिला ने बताया कि वह पति की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी के लिए आई थी.

# भाजपा नेता के बेटे का अपहरण आक्रोशित लोगों ने किया हंगामा

संवाददाता। पटना

दानापुर के डिफेंस कॉलोनी के रहने वाले बीजेपी के जिला स्तरीय नेता राजेश कुमार सिंह ने दानापुर थाने में अपने पुत्र के अपहरण कर लिए जाने की आशंका जाहिर करते हुए लिखित शिकायत दर्ज की है. उन्होंने बताया है कि कल रात 8:00 बजे तकरीबन फोन आया, जिसमें उनके पुत्र ने बताया कि हमें कुछ लड़कों ने अपहरण कर दानापुर के ही किसी बिल्डिंग में रखे हुए हैं. बीजेपी नेता ने अपने पुत्र के साथ अनहोनी होने की आशंका भी जाहिर की है. राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह दानापुर थाने में इसको लेकर लिखित शिकायत दी है. हमलोग इस घटना से आक्रोशित हैं. बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ आरजेडी के भी कुछ कार्यकर्ता द्वारा बीबीगंज मोड़ के पास दानापुर गांधी मैदान रोड को जाम कर हंगामा किया.

### जीएसटी दायरे से बाहर हुए हॉस्टल, मिली राहत

**पटना।** 53वीं जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में निजी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करनेवाले छात्र- छात्राओं को बड़ी राहत दी गयी. जीएसटी काउंसिल ने शैक्षणिक संस्थानों के बाहर के छात्रावासों में रहे वाले छात्रों को टैक्स में छूट देने का फैसला किया है. हालांकि इसके साथ शर्त भी है. यह छूट 20 हजार से कम प्रति माह किराये वाले हॉस्टल में रहने पर ही मिलेगी. फैसले से छात्रों को अब हॉस्टल के किराये में कमी आने की उम्मीद है.

## कारोबार

### एस्सार को सऊदी अरब में अंतिम मंजूरियों का इंतजार

**नयी दिल्ली।** एस्सार समूह सऊदी अरब में कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात संयंत्र के निर्माण में लगभग 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है. समूह के एक शीर्ष अधिकारी प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी है. यह मंजूरी अब किसी भी समय मिल सकती है, जिसके बाद समूह सऊदी अरब में रास अल-खैर में बंदरगाह सुविधाओं के साथ 40 लाख टन सालाना क्षमता के इस्पात संयंत्र पर काम शुरू कर देगा.

### एसबीआई की देश में 400 नई शाखाएं खुलेंगी

**नयी दिल्ली।** नेटवर्क विस्तार योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष (2024-25) में देशभर में 400 नई शाखाएं खोलने की तैयारी कर रहा है. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने पिछले वित्त वर्ष में 137 शाखाएं खोली हैं. इनमें से 59 नई ग्रामीण शाखाएं हैं. एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने पीटीआई-भाषा के से कहा, अधिकांश सलाहकार और संपदा सेवाएं केवल शाखाओं के जरिये दी जा सकती हैं. हम उन स्थानों की पहचान कर रहे हैं, जहां संभावनाएं हैं.

### वित्त वर्ष 2023-24 में 9.26 करोड़ मिला वेतन

# गौतम अडाणी की सैलरी इंडस्ट्री के अन्य दिग्गजों से काफी कम

भाषा। नयी दिल्ली



भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति और अडाणी ग्रुप के चेयरमैन वित्त वर्ष 2023-24 में 9.26 करोड़ का वेतन (पारिश्रमिक) मिला है. अडाणी ग्रुप की 10 लिस्टेड कंपनियों की एनुअल रिपोर्ट के अनुसार, बंदरगाह से ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत ग्रुप की 10 में से केवल दो फर्मों से अडाणी ने वेतन लिया है. प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने 2023-24 में अडानी को 2.19 करोड़ वेतन दिया है. वहीं एईएल से अडानी ग्रुप के चेयरमैन को प्रॉफिट और अन्य भत्तों के रूप में 27 लाख प्राप्त हुए. एईएल की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में अडानी को एईएल से तीन प्रतिशत अधिक वेतन मिला है. इसके अलावा अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड (एपीएसईजेड) से भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति को 6.8 करोड़ वेतन मिला है. वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, अडाणी के छोटे भाई राजेश को एईएल से लाभ पर कमीशन के रूप में 4.71 करोड़ रुपये सहित 8.37 करोड़ रुपये का वेतन मिला. वहीं उनके भतीजे प्रणव अडानी को 4.5 करोड़ रुपये कमीशन सहित कुल 6.46 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक मिला.

**कोरोना के बाद से वेतन नहीं ले रहे हैं अंबानी :** बता दें कि देश के सबसे अमीर भारतीय मुकेश अंबानी कोविड-19 के बाद से कोई वेतन नहीं ले रहे हैं. उनका सालाना वेतन 15 करोड़ था. अडाणी का वेतन उद्योग जगत के अन्य दिग्गजों जैसे दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील भारती मित्तल (2022-23 में 16.7 करोड़), राजीव बजाज (53.7 करोड़), पवन मुंजाल (80 करोड़), एलएंडटी के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन और इंफोसिस के सीईओ सलिल एस पारेख की तुलना में काफी कम है.

**106 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ अमीरों की सूची में दूसरे स्थान पर अडाणी**

'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स' के अनुसार, अडाणी की कुल संपत्ति 106 अरब अमेरिकी डॉलर है. वह एशिया का सबसे अमीर व्यक्ति बनने के लिए अंबानी के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं. वह 2022 में सबसे अमीर एशियाई बन गये थे. लेकिन अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के बाद पिछले साल उनके ग्रुप की कंपनियों के शेयरों का मूल्य 150 अरब डॉलर तक घट गया था. इस साल वह दो बार अंबानी से आगे निकले. हालांकि अब वह फिर से दूसरे स्थान पर आ गये हैं. दुनिया के अमीरों की सूची में अंबानी 111 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 12वें स्थान पर हैं. वहीं अडाणी इस सूची में 14वें स्थान पर है.

### एफपीआई ने जून में अबतक शेयरों में 12,170 करोड़ डाले

**नयी दिल्ली।** आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अबतक (21 जून तक) भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये डाले हैं. नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है. इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी. वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निकाली थी. डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि ताजा निवेश के बाद 2024 में एफपीआई की शेयरों से निकासी (21 जून) 11,194 करोड़ रुपये रही है. मोजोपीएमएस के मुख्य निवेश अधिकारी सुनील दमानिया ने कहा कि वर्तमान में भारतीय शेयर बाजार के उच्च मूल्यांकन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का प्रवाह प्रभावित रहेगा.

# बुनियादी ढांचा की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ बढ़ी

भाषा। नयी दिल्ली

- सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने मई 2024 की रिपोर्ट जारी की

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है. एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है. सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है. मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं. रिपोर्ट के अनुसार, इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है. इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है. रिपोर्ट के अनुसार, मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.3 प्रतिशत है. हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 554 पर आ जाएगी.

### कैग कार्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

**नयी दिल्ली।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) के अनुबंध पर काम करने वाले करीब 350 कर्मचारियों ने यहां कैग कार्यालय के 'ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन' द्वारा आयोजित तीन दिन के स्वास्थ्य शिविर में भाग लिया. यह स्वास्थ्य शिविर 'स्वास्थ्य-2024' का दूसरा चरण था. पहला चरण अप्रैल में आयोजित किया गया था, और इसमें लगभग 400 कर्मचारी शामिल हुए थे.

# ओएनजीसी को दीन दयाल गैस क्षेत्र के लिए भागीदार की तलाश

भाषा। नयी दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) अब बंगाल की खाड़ी के केजी बेसिन में दीन दयाल गैस क्षेत्र को 'बचाने' के लिए भागीदारों की तलाश कर रही है. कंपनी इस क्षेत्र पर करीब 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर चुकी है और सात साल में उसे काफी सीमित सफलता मिली है. निविदा दस्तावेज के अनुसार, ओएनजीसी ने 12 जून को इस क्षेत्र में भागीदार के रूप में जरूरी तकनीकी विशेषज्ञता वाली तथा वित्तीय रूप से मजबूत वैश्विक तेल एवं गैस कंपनियों से रुचि पत्र मांगे हैं. इसके पीछे मकसद क्षेत्र के लिए व्यावहारिक रणनीति को मजबूत करना है.

## शेयर बाजार

### भारतीय शेयर मार्केट ने चार दैनिक सत्रों में से तीन में नई ऐतिहासिक ऊंचाई बनाई, पर इसके समर्थन में खरीद नहीं देखी गयी

# आने वाला बजट भारतीय अर्थव्यवस्था पर सरकार की नीतियों को स्पष्ट करेगा



शशांक भारद्वाज
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

**पिछले** सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट ने चार दैनिक सत्रों में तीन में नई ऐतिहासिक ऊंचाई बनाई परंतु इस ऊंचाई के समर्थन में खरीद नहीं देखी गई, इस ऊंचाई को बेचा ही गया. इसलिए बड़ा ब्रेक आउट नहीं आया. शुक्रवार को निफ्टी ने 23667 अंक की नई ऊंचाई अवश्य बनाई परंतु बंदी इस ऊंचाई से 166 अंक नीचे 23501 पर दी. यह गुरुवार की बंदी 23567 से भी 66 अंक नीचे थी.यह ऊंचे स्तरों पर बिकवाली का संकेत है तथा एक सतत संकेत दिखा है. जबतक इस विक्रय को आत्मसात नही किया जाता,मार्केट में इन स्तरों से बड़ी तेजी आने की संभावना कम ही है.एक बार निफ्टी की नई ऊंचाई छूने के पश्चात 100 अंक और ऊपर बंद होने से फिर एक बड़ी तेजी देखी जा सकती है. भारतीय शेयर मार्केट के लिए तात्कालिक आधार पर दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव तथा केंद्रीय बजट है.लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव भाजपा तथा उनके सहयोगी दलों में मध्य संबध को और अधिक स्पष्ट करेगा, बजट भारतीय अर्थव्यवस्था पर सरकार की नीतियों को स्पष्ट करेगा.दोनो का शेयर मार्केट पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है. यदि दोनो मार्केट के लिए अनुकूल रहे तब फिर एक बहुत अच्छी चाल दिख सकती हैं. आर्थिक कारक,शेयर मार्केट में धन का प्रवाह, भारतीय अर्थव्यवस्था को अच्छी श्रेणी, कंपनियों के लाभ में 20 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान आदि शेयर मार्केट के लिए सकारात्मक तथा उत्साहजनक बने हुए हैं. मोदी सरकार के लिए राजनीतिक रूप से अभी तक तो कोई नकारात्मक बात आयी नही है. आर्थिक क्षेत्र में भी सरकार गतिशील दिख रही है.

जीएसटी परिषद की बैठक के निर्णय ऐसा ही संकेत कर रहे हैं. पिछली तिथि से कर,अर्थदंड में छूट दी गई है. कुछ वस्तुओं पर भी जीएसटी दर में संशोधन किया गया है. सरकार खुले हृदय से व्यापार को प्रोत्साहन के लिए कार्य करने की प्रवृत्ति जारी रखती दिख रही है.शेयर मार्केट के लिए यह एक अच्छा संकेत ही है. जीएसटी चोरी रोकने के लिए भी कुछ उपायों की घोषणा की गई है. इससे जीएसटी संग्रह में अच्छी बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि अभी भी अर्थव्यवस्था में काले धन का प्रचलन माना जा रहा है. जीएसटी संग्रह बढ़ने से सरकार का धन सामर्थ्य तो बढ़ेगा ही, आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए भी धन की उपलब्धता बढ़ेगी.

विगत सप्ताह संस्थागत निवेशकों के निवेश के आंकड़े बहुत रुचिकर थे. बुधवार तथा गुरुवार, दोनों दिन विदेशी तथा घरेलू संस्थागत निवेशकों ने मिलकर नकद संभाग में क्रमशः 4125 करोड़ रुपए एवं 15016 करोड़ रुपए के शेयर क्रय किए.जून माह में 21 जून तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भी 12170 करोड़ रूपए के शेयर खरीदे जबकि उन्होंने मई में 25586 करोड़ रूपए के शेयर बेचे थे. इन सारी खरीदारी के पीछे बिकवाली उच्च आय वर्ग वाले भारतीय निवेशकों की रही होगी. उनके हाथों से इतनी बड़ी राशि के शेयरों का अपेक्षाकृत शक्तिशाली हाथों में जाना मार्केट की शक्ति के लिए अच्छा ही है. ऐसा भी लग रहा है कि चुनाव परिणामों के पश्चात मोदी सरकार की वापसी से विदेशी निवेशक भारतीय शेयर मार्केट में पुनः खरीदार बन रहे हैं. घरेलू संस्थागत निवेशक तो लगभग सतत क्रय कर ही रहे हैं.तो शेयरों की मांग के आपूर्ति से अधिक बने रहने की अच्छी संभावना है. शेयर मार्केट का विस्तार भी अच्छा हो रहा है. इस वर्ष एक लाख करोड़ रुपये के आईपीओ आने की संभावना है.महाराष्ट्र के बाद कोई दूसरा राज्य 1 करोड़ निवेशकों का बना है तो वो उत्तर प्रदेश है जिसे वित्तीय उत्पाद जागरूकता में किसी समय अग्रणी नहीं समझा जाता था.2010 में तो मात्र 7 लाख निवेशक उत्तर प्रदेश में थे. भारत की युवा पीढ़ी शेयर निवेश के प्रति अधिक आशान्वित हो रही है,शेयरों में अपना निवेश बढ़ा रही है.भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू उड्डयन मार्केट बन गया है.विमान कंपनिया 1000 नए विमान क्रय कर रही है.

सरकारी कंपनियां बिक्री से ले कर लाभ के मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन कर रहीं हैं. इससे संपत्ति का अच्छा प्रतिफल प्राप्त हो रहा है ,देश की अर्थव्यवस्था में लग रहा है. बजट को ले कर भी विचार विमर्श प्रारंभ हो गया है.मोदी सरकार उद्योग व्यापार को प्रोत्साहन का महत्व समझती है , अतः बजट के इस दिशा के होने की पूरी आशा है. दीर्घ अवधि के पूंजीगत लाभ पर कर बढ़ाने की आशंकाएं जताई जा रही हैं. ऐसा होने पर शेयर मार्केट में निवेश कम आकर्षक होगा परंतु लगता नही कि सरकार कोई ऐसा पग उठाएगी.

शेयर मार्केट को अच्छा बने रहने देना सरकार के लिए आवश्यक भी है ताकि पूंजी निर्माण की प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं आए. ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर हो गया है.यह भारत के लिए अच्छा नहीं है यद्यपि सिटी बैंक तो इसके 2025 के 60 डॉलर तक नीचे जाने की भविष्यवाणी कर रहा है.ऐसा होता है तो यह भारत के लिए बहुत सकारात्मक होगा. दीर्घ अवधि में भारत के चीन यहां तक कि अमेरिका से भी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात कहने जाने लगी है. अर्थव्यवस्था जितनी विशाल होगी,शेयर मार्केट का पूंजीकरण भी उतना ही विशाल होगा. निफ्टी में पिछले सप्ताह मात्र 36 अंको की बढ़त रही.इस सप्ताह जून माह के फ्यूचर तथा ऑप्शन सौदों का मासिक कटान है.इस कारण इस सप्ताह बड़ा उतार चढ़ाव दिख सकता है.विदेशी मार्केट से अच्छे संकेत मिले तो निफ्टी 23800 से 24000 की ओर भी बढ़ सकता है परंतु यह मंदी के सौदों के कटान के कारण होगा.नीचे में 23300 से 23000 में अच्छा समर्थन है. कुछ क्षेत्र विशेष ,शेयर विशेष में गिरावट दिख रही है,विशेषकर उनमें जहां बहुत बड़ी तेजी देखी गई थी.

## ब्रीफ खबरें

### आतंकवादी संगठन से जुड़ा छात्र गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने बांग्लादेश के आतंकवादी संगठन से जुड़े होने के आरोप में एक कॉलेज छात्र समेत कुछ अन्य लोगों को पश्चिम बर्धमान जिले के पानागढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आरोपी युवक कंप्यूटर विज्ञान विषय में द्वितीय वर्ष का छात्र है. अधिकारी ने बताया कि आरोपी छात्र को बांग्लादेश के प्रतिबंधित इस्लामी संगठन शहादत-ए-अल-हिकमा से संबंध रखने के आरोप में शनिवार देर शाम पानागढ़ स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया.

### भाजयुमो पदाधिकारी की गोली मारकर हत्या

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की इंदौर इकाई के पदाधिकारी की शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दो लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रामसनेही मिश्रा ने बताया कि एमजी रोड थाना क्षेत्र में भाजयुमो की शहर इकाई के उपाध्यक्ष मोनू कल्याणे (35) की दो लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी. हत्याकांड को तब अंजाम दिया गया, जब कल्याणे रविवार को शहर में आयोजित "भगवा यात्रा" के झंडे-बैनर लगवा रहे थे.

### मणिपुर में फिर की गई गोलीबारी

**इंफाल।** मणिपुर में दो संघर्षरत समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के बीच फिर से गोलीबारी हुई है. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे पड़ोसी कांगपोकपी जिले में पर्वतीय क्षेत्रों से इंफाल पूर्व जिले के थामनापोकपी और लामलाई इलाकों की ओर गोलियां चलानी शुरू कीं. उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण स्वयंसेवकों ने जवाबी गोलीबारी की.

### पर्यटक की हत्या के आरोप में 23 गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पुलिस ने स्वात शहर में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी करने वाले एक पर्यटक की पीट-पीटकर हत्या करने के सिलसिले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है. मीडिया में आई खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गयी. खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की मदयान तहसील में बृहस्पतिवार को गुस्साई भीड़ ने मुहम्मद इस्माइल (40) की गोली मारकर हत्या कर दी और उसे पूरे कस्बे में घसीटते हुए ले गए तथा बाद में सार्वजनिक रूप से उसे फांसी पर लटका दिया.

### जेएंडके में आतंकवाद आखिरी सांस ले रहा

**रियासी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है और हालिया आतंकवादी घटनाएं "दुश्मन की हताशा" का संकेत हैं. रियासी जिले के तलवाड़ा में सहायक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के 16वें बुनियादी भर्ती प्रशिक्षण पाठ्यक्रम बैच की पासिंग आउट परेड में सिन्हा ने कहा, "हमें आतंकवादियों और उन्हें आश्रय देने वाले उनके सहयोगियों का पता लगाना चाहिए." कुल 860 कांस्टेबल ने प्रशिक्षण पूरा होने पर परेड में भाग लिया.

**इसरो की एक और कामयाबी : अंतरिक्ष से लौटने वाले यान को तेज हवाओं के बीच उतारने का किया अभ्यास**

# आरएलवी 'पुष्पक' की लगातार तीसरी बार सफल लैंडिंग

एजेंसी। बेंगलुरु



▪ आवश्यक अहम प्रौद्योगिकियों को हासिल करने में विशेषज्ञता को बल मिला

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि उसने पुनः उपयोग में लाये जा सकने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) पुष्पक की लगातार तीसरी बार सफल लैंडिंग करायी है. इसरो के अनुसार, उसने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की लैंडिंग कराने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया. इस मिशन में अंतरिक्ष से लौटने वाले यान को तेज हवाओं के बीच उतारने का अभ्यास किया गया, जिससे अंतरिक्ष एजेंसी की आरएलवी के विकास के लिए अहम प्रौद्योगिकियों को हासिल करने में विशेषज्ञता को बल मिला है. लैंडिंग एक्सपेरिमेंट (एलईएक्स-03) की श्रृंखला में तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) से भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 10 मिनट पर किया गया. आरएलवी एलईएक्स-01 और एलईएक्स-02 मिशन की सफलता के बाद इसरो ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आरएलवी एलईएक्स-03 ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की लैंडिंग क्षमताओं का पुनः प्रदर्शन किया. इस बार एलईएक्स-02 की 150 मीटर की ऊंचाई के बजाय 500 मीटर की ऊंचाई और अधिक तेज हवाओं के बीच इसकी लैंडिंग करायी गयी. विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'पुष्पक' को रनवे से 4.5 किलोमीटर दूर भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से छोड़ा गया. पुष्पक रनवे के पास पहुंचा और रनवे पर क्षैतिज लैंडिंग की. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के नेतृत्व में यह मिशन इसरो के कई केंद्रों का एक सहयोगात्मक प्रयास है. इस मिशन को भारतीय वायुसेना, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण से भी काफी सहयोग मिला है. इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने ऐसे जटिल मिशन में सफलता का सिलसिला बरकरार रखने के प्रयासों के लिए टीम को बधाई दी. इस सफल मिशन के लिए जे. मुथुपांडियन मिशन निदेशक है और बी.कार्तिक यान निदेशक हैं.

# विशेष राज्य की मांग पर सावधानी से विचार करने की जरूरत: राजीव

एजेंसी। नयी दिल्ली

▪ आंध्र प्रदेश व बिहार की मांग पर केंद्र सरकार को नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष की सलाह


केंद्र सरकार को आंध्र प्रदेश और बिहार के विशेष राज्य के दर्जे की मांग पर सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए. नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने रविवार को यह बात कही. उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में इस बारे में फैसला करने से एक मिसाल कायम हो सकती है और केंद्र के वित्तीय संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ सकता है. आंध्र प्रदेश 2014 में अपने विभाजन के बाद से राजस्व हानि के आधार पर विशेष राज्य के दर्जे की मांग कर रहा है. उसका कहना है कि हैदराबाद तेलंगाना की राजधानी बन गया है, इसलिए उसे राजस्व का नुकसान हो रहा है. बिहार भी 2005 से विशेष दर्जे की मांग कर रहा है, जब नीतीश कुमार ने इसके मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी. वर्ष 2000 में खनिज समृद्ध झारखंड को इससे अलग कर दिए जाने के बाद राज्य को राजस्व का नुकसान हुआ. उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, 'विशेष श्रेणी के दर्जे (एससीएस) की मांग वे (बिहार और आंध्र प्रदेश) लंबे समय से कर रहे हैं... यह एक ऐसी मांग है जिसपर बहुत सावधानी से विचार करने की जरूरत है. इसके लिए उन आर्थिक मापदंडों की विस्तार से जांच करनी होगी, जिनके आधार पर यह मांग की जा रही है.'

# प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली को लेकर निशाने पर सरकार

**विपक्षी दलों के नेताओं ने 'नीट-यूजी' सहित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर रविवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि नीट-पीजी और यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करना एक बार की घटना नहीं है, बल्कि यह केंद्रीकृत चयन की अक्षम और खस्ताहाल प्रणाली के ताबूत में आखिरी कील है. वहीं शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा (एसपी) ने दावा किया कि नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा को स्थगित करना केंद्र सरकार की 'नाकामी' है और उसने सरकार पर अभ्यर्थियों के जीवन से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया. मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रश्नपत्र लीक के आरोपों व परीक्षाएं रद्द किए जाने के मद्देनजर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की.**

### नीट-पीजी, यूजीसी-नेट को रद्द करना एक अक्षम प्रणाली के ताबूत में 'आखिरी कील' : स्टालिन

एजेंसी। चेन्नई



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि नीट-पीजी और यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करना एक बार की घटना नहीं है, बल्कि यह केंद्रीकृत चयन की अक्षम और खस्ताहाल प्रणाली के ताबूत में आखिरी कील है. स्टालिन की पार्टी द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सामाजिक न्याय के अलावा अन्य आधारों पर राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) का विरोध करती रही है. उन्होंने स्कूली शिक्षा को करियर का आधार बनाने के लिए संयुक्त प्रयासों का आह्वान किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि नीट-पीजी को रद्द करने से हजारों डॉक्टर 'गहरी निराशा' में फंस गए हैं. उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमें यह तथ्य नहीं भूलना चाहिए कि ये घटनाएं एक बार की घटना नहीं है, बल्कि केंद्रीकृत चयन की अक्षम और खस्ताहाल प्रणाली के ताबूत में आखिरी कील है.' उन्होंने कहा, 'चूंकि यह घोटाला उजागर हो रहा है, इसलिए हमें बेहतर भविष्य के लिए योजना बनानी चाहिए. व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत चयन प्रक्रिया बनाने, स्कूली शिक्षा की प्राथमिकता सुनिश्चित करने और इसे करियर का आधार बनाने एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए चयन प्रक्रिया निर्धारित करने को लेकर राज्यों के अधिकारों को बहाल करने के संबंध में हाथ मिलाना चाहिए.' सत्तारूढ़ द्रमुक के प्रमुख ने कहा कि 'सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे छात्रों और उनके परिवारों के मन में आशा और विश्वास को फिर से बहाल करना चाहिए.'



**पटना :** आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कर्मी एनईईटी-यूजी परीक्षा 2024 मामले में कथित अनियमितताओं के संबंध में गिरफ्तार आरोपियों को रविवार को पटना के एलएनजेपी अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद ले जाते हुए. प्रेट्र

### प्रश्नपत्र लीक विवाद : माकपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की

**नयी दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने रविवार को प्रश्नपत्र लीक के आरोपों और परीक्षाएं रद्द किए जाने के मद्देनजर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की. यहां जारी एक बयान में माकपा पोलित ब्यूरो ने कहा कि वह "केंद्रीकृत अखिल भारतीय परीक्षा प्रक्रियाओं में घटित भयावह घटनाक्रमों से बहुत व्यथित है." रद्द की गयी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-परास्नातक (नीट-पीजी) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) का उल्लेख करते हुए वामपंथी दल ने कहा, "इसका संयुक्त प्रभाव अनियमितता और प्रक्रियाओं का पूर्ण पतन है, जो देश में उच्च शिक्षा के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्रभावित करता है. यह सिर्फ भ्रष्टाचार का ही नहीं है, बल्कि शिक्षा के केंद्रीकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायिकरण का भी परिणाम है. आरोपों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराना 'लीपापोती' करने का प्रयास है और उसने मंत्री के इस्तीफे के साथ-साथ नीट को रद्द करने की भी मांग की.

### नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करना केंद्र की नाकामी है : राकांपा (एसपी)

**मुंबई।** शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा (एसपी) ने दावा किया कि नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा को स्थगित करना केंद्र सरकार की 'नाकामी' है और उसने सरकार पर अभ्यर्थियों के जीवन से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया. विपक्षी दल ने परीक्षा प्रक्रिया में 'गड़बड़ी और कदाचार' को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी मांगा. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो न शनिवार को एक बयान में दावा किया, 'अपना काम नहीं कर पाने के कारण सरकार बच्चों की जिंदगियों और भविष्य से खिलवाड़ कर रही है.' केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने कुछ प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शुचिता पर हाल में लगे आरोपों के मद्देनजर 'एहतियाती कदम' के तौर पर शनिवार को होने वाली नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा स्थगित करने का फैसला किया है. यह हाल के दिनों में स्थगित होने वाली चौथी प्रवेश परीक्षा है. प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं नीट और नेट में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटाने पर प्रतिक्रिया देते हुए क्रास्टो ने कहा कि प्रधान अपना कर्तव्य निभाने में असफल रहे हैं. क्रास्टो ने कहा, 'उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा भी देना चाहिए और हमारे देश में परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी और कदाचार के लिए जवाबदेही स्वीकार करनी चाहिए.'

# छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कोबरा के दो जवान शहीद

एजेंसी। सुकमा



सुकमा जिले में नक्सलियों के हमले में घायल जवान को ले जाते साथी जवान.

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को 'परिष्कृत विस्फोटक यंत्र' (आईईडी) से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई 'कोबरा' के दो जवान शहीद हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी.

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे किया गया. उन्होंने बताया कि 'कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन' (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी. उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे. उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई. अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है. उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है.

### संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए अमेरिकी विमानवाहक पोत दक्षिण कोरिया पहुंचा

**सियोल।** परमाणु ऊर्जा चालित अमेरिकी विमानवाहक पोत शनिवार को जापान के साथ त्रिपक्षीय अभ्यास के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचा. दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका, उत्तर कोरिया से लगातार मिल रही धमकियों के बीच यह सैन्य अभ्यास कर रहे हैं. उत्तर कोरिया और रूस के बीच हाल में हुए नए समझौते ने इन देशों की चिताएं बढ़ा दी हैं. विमानवाहक पोत 'यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट' के बुसान पहुंचने से एक दिन पहले दक्षिण कोरिया ने रूस के राजदूत को तलब कर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच हुए एक बड़े समझौते पर आपत्ति जताई थी. तीनों देशों के रक्षा प्रमुखों ने हाल ही में सिंगापुर में मुलाकात की थी तथा साथ मिलकर 'फ्रीडम एड्ज' अभ्यास की घोषणा की थी.

# चीन से झड़प के बाद बोला फिलीपीन, पीछे नहीं हटेंगे

एजेंसी। मनीला

▪ लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा

फिलीपीन के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि उनका देश "किसी भी विदेशी ताकत" के आगे नहीं झुकेगा लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा. विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपीन की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह कहा.

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने अपने शीर्ष अधिकारियों और रक्षा प्रमुख के साथ द्वीपीय प्रांत पलावन के लिए उड़ान भरी. वह वहां उन नौसेना कर्मियों से मिलने और उन्हें पदक प्रदान करने के लिए पहुंचे जो चीनी तटरक्षक के हमले का निशाना बने थे. सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपीन के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं. वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपीन के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्रवाई करनी पड़ी. इस हिंसक टकराव ने अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अन्य पश्चिमी और एशियाई देशों की चिंता बढ़ा दी है. वहीं, चीन और फिलीपीन ने इसे उकसावे के लिए एक-दूसरे को दोषी करार दिया है.

# जद (एस) नेता सूरज पार्टी कार्यकर्ता से दुराचार के आरोप में हुए गिरफ्तार

एजेंसी। हासन (कर्नाटक)

### पूर्व मंत्री ने अपने बेटे के खिलाफ आरोपों को 'साजिश' करार दिया



जनता दल (सेक्युलर) के विधानपरिषद सदस्य सूरज रेवन्ना को पार्टी कार्यकर्ता से दुराचार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी. सूरज, पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं जिनपर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप हैं. सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के एक कार्यकर्ता के साथ दुराचार करने के आरोप में शनिवार को मामला दर्ज किया गया था. सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तारी से पहले सूरज से यहां सीईएन पुलिस थाने में रातभर पूछताछ की गई. पुलिस में, 27 वर्षीय एक व्यक्ति ने यह शिकायत दी थी कि होलेनरसीपुरा के विधायक एचडी रेवन्ना के सबसे बड़े बेटे सूरज रेवन्ना ने 16 जून को घन्नीकाड़ा स्थित अपने फार्महाउस में उसके साथ दुराचार किया था.पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे सूरज रेवन्ना (37) ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि उस व्यक्ति ने उनसे पांच करोड़ रुपये ऐंठने के लिए उनके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई है. वहीं जद-एस विधायक एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना ने अपने बेटे एवं विधान पार्षद (एमएलसी) सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों को 'साजिश' करार दिया और कहा कि उन्हें भगवान और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है.

**मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई :** कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने रविवार को कहा कि जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के विधान पार्षद सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता की ओर से दर्ज कराए गए दुराचार मामले की जांच का जिम्मा आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दिया गया है.

### शाह ने बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ आने की स्थिति में उससे निपटने की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की. हर साल मानूसन में बारिश के कारण विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ने की वजह से बिहार, असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के बड़े हिस्से जलमग्न हो जाते हैं. गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, 'गृह मंत्री ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और देश में बाढ़ प्रबंधन के लिए तैयारियों की समीक्षा की.' केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विभिन्न मंत्रालयों और गृह, जल संसाधन, नदी विकास, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, सड़क परिवहन विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए.

# विवादित बयान के बाद हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास की सुरक्षा हटायी गयी

एजेंसी। अयोध्या (उप्र)

फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार की समीक्षा के लिए हुई बैठक के एक दिन बाद जिला प्रशासन ने हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास की सुरक्षा हटा दी है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को इसकी पुष्टि की. पार्टी सूत्रों के अनुसार बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी की मौजूदगी में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें महंत राजू दास भी मौजूद थे. अयोध्या के जिलाधिकारी (डीएम) नीतीश कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राज करण नैयर को भी मंत्रियों ने कुछ जानकारी के लिए बुलाया था. बैठक के दौरान महंत राजू दास ने कथित तौर पर डीएम और एसएसपी के खिलाफ विवादित बयान दिया और अयोध्या में भाजपा की हार के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया. सूत्रों के अनुसार राजू दास के आरोप से अधिकारी नाराज हो गए और उनके साथ बैठने से इनकार कर दिया. राजू दास की सुरक्षा हटाए जाने के बारे में पूछे जाने पर अयोध्या के जिलाधिकारी कुमार ने बताया, 'राजू दास के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और हमें शिकायतें मिल रही थीं कि उन्होंने जनता और व्यापारियों को धमकाने के लिए सुरक्षा का दुरुपयोग किया. यह घोर दुरुपयोग है इसलिए सुरक्षा वापस ली गई.'

### मैंने प्रशासनिक अधिकारियों को चोर और भ्रष्ट कहा था : महंत राजू दास




इस बीच, राजू दास ने रविवार को कहा, 'ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि मैंने प्रशासनिक अधिकारियों को चोर और भ्रष्ट कहा था जोकि वे हैं. इसलिए मेरी सुरक्षा वापस ली गई.' फैजाबाद लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में जीतने वाले लल्लू सिंह को हरा दिया. इस हार के बाद राजू दास ने अयोध्या के लोगों को 'भगवान राम के गद्दार' कहते हुए कई विवादास्पद बयान दिए और कहा, 'डीएम, एसएसपी सहित सभी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भ्रष्ट और चोर हैं और बिना रिश्वत लिए कोई काम नहीं करते.'

**राजनीति** | हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक के बेहतर प्रदर्शन से राजग की चुनौती बढ़ी

# उप्र में विस की 10 सीट पर उपचुनाव में कड़ा मुकाबला होने के आसार

एजेंसी। लखनऊ



हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' के बेहतर प्रदर्शन के बाद अब 10 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के लिए मुकाबला कड़ा होने के आसार हैं साथ ही सत्तारूढ़ दल के समक्ष अपनी पकड़ दोबारा मजबूत करने का दबाव है. यद्यपि भारत निर्वाचन आयोग ने अभी उपचुनाव की तारीख तय नहीं की है, लेकिन लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस की बड़ी जीत के बाद मतदाताओं की कसौटी पर खुद को खरा साबित करने के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सामने बेहतर प्रदर्शन की चुनौती है. सपा और कांग्रेस दोनों ने 10 सीट पर उपचुनाव मिलकर लड़ने का फैसला किया है. वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं.

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव समेत नौ विधानसभा सदस्यों के सांसद चुने जाने और एक विधायक को सजा सुनाये जाने के बाद उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा में 10 सीट रिक्त हो गयी हैं और इन्हीं सीट के लिए उपचुनाव होने हैं. उप्र विधानसभा के विशेष सचिव ब्रजभूषण दुबे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 'भारत निर्वाचन आयोग को 10 सीट रिक्त होने की सूचना भेज दी गयी है और प्रक्रिया के तहत छह माह के भीतर इन सीट पर उपचुनाव कराये जा सकते हैं.'

### राजग पूरी मजबूती के साथ उपचुनाव लड़ेगा : भाजपा

वर्ष 2022 में इनमें से पांच सीटें समाजवादी पार्टी ने जीती थीं जबकि एक सीट तब उसके गठबंधन में रहे राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने जीती. एक सीट भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी के खाते में गई जबकि तीन सीटें भाजपा ने जीती थीं. हालांकि उपचुनाव के नतीजे राज्य विधानसभा में भाजपा के लिए संख्यात्मक रूप से महत्वहीन होंगे क्योंकि वहां उसके पास पर्याप्त बहुमत है लेकिन नतीजे दोनों पक्षों के मनोबल को प्रभावित करेंगे क्योंकि भाजपा को कोई और नुकसान विपक्षी सपा और कांग्रेस को अपनी बढ़त को और मजबूत करने में मदद करेगा. सपा और कांग्रेस ने जहां विश्वास व्यक्त किया है कि वे अपनी जीत का सिलसिला जारी रखेंगे वहीं भाजपा भी अपनी "विश्वसनीयता" बढ़ाने के लिए उपचुनावों में "कुछ खास" करने की तैयारी कर रही है.

### उपचुनाव में भी भाजपा को करारी शिकस्त मिलेगी : सपा

इस सिलसिले में जब समाजवादी पार्टी (सपा) के मुख्य प्रवक्ता और राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी से पूछा गया तो उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि 'सभी रिक्त सीट पर उपचुनाव की तैयारी शुरू कर दी गयी है और कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन में हम लोग पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे और इस उपचुनाव में भी भाजपा को करारी शिकस्त मिलेगी.' उन्होंने कहा कि 'लोकसभा चुनाव में प्रबंधन के लिए बनायी गयी कमेटी इन 10 सीट पर अपनी तैयारी कर रही है और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संसद सत्र के बाद इसके लिए नये सिरे से कमेटी बनाएंगे.' वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 'होने वाले उपचुनाव में 'इंडिया' गठबंधन एकजुट होकर लड़ेगा और जल्द ही गठबंधन के नेता बैठक कर सीटों पर और चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे.'

**बसपा सुप्रीमो ने डेढ़ माह में अपना फैसला पलटा**

# मायावती ने आकाश को फिर बनाया अपना 'उत्तराधिकारी'

एजेंसी। लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने करीब डेढ़ माह बाद अपना फैसला पलटते हुए रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक का दायित्व सौंपते हुए उन्हें फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है. इसके पहले लोकसभा चुनाव के बीच में ही सात मई को उन्होंने आकाश आनंद को अपरिपक्व करार देते हुए इन दायित्वों से मुक्त कर दिया था. यहां बसपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को राष्ट्रीय स्तर की बैठक आयोजित की जिसमें केंद्रीय पदाधिकारियों के अलावा राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए. लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद पहली बार आयोजित इस बैठक में अनेक मुद्दों पर गहन समीक्षा की गयी. बैठक के बाद पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आकाश आनंद को पूरी परिपक्वता के साथ पार्टी में कार्य करने के लिए फिर से मौका दिया है. यह पूर्व की तरह ही पार्टी में अपने सभी पदों पर बने रहेंगे.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)